RAJHIN/2016/70516

Bhilwara/171/2026-2028

सच्चाई से रूबरू

smarthalchal.com

# स्मार्ट हलचल

वर्ष-10 | अंक-309 | जयपुर, गुरुवार, 07 मई 2026 | मूल्य-4 रूपये

**चुनाव के बाद सुलगा पश्चिम बंगाल, उत्तर परगना में फायरिंग, 5 जवान घायल, हिंसा भड़काने वाले 433 गिरफ्तार**

## सुवेंदु अधिकारी के पीए की हत्या, अबतक पांच मौत

### बशीरहाट में एक और भाजपा कार्यकर्ता को गोली मारी

कोलकाता



पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले के मध्यग्राम में बुधवार रात भाजपा नेता शुभेंदु अधिकारी के पीएसओ चंद्रनाथ रथ की गोली मारकर हत्या कर दी गई। हमलावरों ने उनकी कार का पीछा करने के बाद दोहारिया इलाके में ताबड़तोड़ फायरिंग की। स्थानीय सूत्रों के अनुसार चार राउंड गोलियां चलाई गईं, जिनमें से तीन गोलियां चंद्रनाथ के सिर में लगीं।

गंभीर रूप से घायल अवस्था में उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां बाद में उनकी मौत हो गई। इस घटना के बाद पूरे इलाके में दहशत का माहौल है। मौके पर भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है और जांच शुरू कर दी गई है। गौरतलब है कि पश्चिम बंगाल में चुनाव के बाद हिंसा की कई घटनाएं सामने आई हैं।

भाजपा ने चंद्रनाथ रथ की हत्या का आरोप तृणमूल कांग्रेस पर लगाया है। बताया जा रहा है कि हमले में एक अन्य शख्स भी घायल हुआ है। उसका इलाज जारी है। जानकारी के मुताबिक हमलावरों ने चंद्रनाथ का काफी देर तक पीछा किया। जैसे ही उनकी गाड़ी धीमी हुई, हमलावरों ने ताबड़तोड़ गोलियां बरसा दीं।

### इलाके में फैली दहशत, केंद्रीय बल तैनात

वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि कार में सामने और बगल का शीशा गोलियों से चकनाचूर हो गया है। वहीं, हत्याकांड के बाद पुलिस और केंद्रीय बलों ने इलाके को घेर लिया है। हत्या की खबर फैलने के बाद भाजपा कार्यकर्ता और समर्थक चिकित्सा केंद्र के बाहर जमा हो गए और अपना गुस्सा जाहिर किया।

### शुभेंदु की टीम के प्रमुख सदस्यों में थे शामिल

बताया जा रहा है कि चंद्रनाथ रथ मूल रूप से पूर्व मेदिनीपुर के चंडीपुर के निवासी थे, लेकिन पिछले कुछ समय से मध्यग्राम में रह रहे थे। सूत्रों के मुताबिक वे लंबे समय से शुभेंदु अधिकारी के कई अहम कामकाज की जिम्मेदारी संभाल रहे थे।

भाजपा सूत्रों के मुताबिक, भवानीपुर विधानसभा क्षेत्र में चुनाव के दौरान शुभेंदु अधिकारी के लिए काम करने वाली टीम के प्रमुख सदस्यों में चंद्रनाथ शामिल थे। उनके साथ मौजूद बुद्धदेव बेरा भी इस टीम का हिस्सा बताए जा रहे हैं, जो इस हमले में घायल हुए हैं।

### टीएमसी ने सीबीआई जांच की मांग की

रथ की हत्या के पीछे टीएमसी कार्यकर्ताओं का हाथ होने के आरोप लगने पर पार्टी ने बुधवार देर रात स्टेटमेंट जारी किया। इसमें कहा- हम मध्यमग्राम में चंद्रनाथ रथ की निर्मम हत्या की निंदा करते हैं। हम इस मामले में सख्त से सख्त कार्रवाई की मांग करते हैं, जिसमें कोर्ट की निगरानी में सीबीआई जांच कराई जाए। अन्य भाजपा और टीएमसी कार्यकर्ताओं की हत्या की भी जांच कराई जाए।

### डीजीपी बोले- सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं

पश्चिम बंगाल के डीजीपी सिद्धनाथ गुप्ता ने कहा- प्रत्यक्षदर्शियों के बयान और अन्य साक्ष्यों को एकत्र कर उनकी जांच की जा रही है। इलाके के सभी सीसीटीवी खंगाले जा रहे हैं। आरोपियों की जानकारी लगाई जा रही है।

बंगाल के डीजीपी बोले- हमने आरोपियों की एक गाड़ी जब्त की

पश्चिम बंगाल के डीजीपी सिद्धनाथ गुप्ता ने कहा- हमने जांच शुरू कर दी है। हमने अपराध में इस्तेमाल की गई एक गाड़ी जब्त कर ली है। उसकी नंबर प्लेट के साथ छेड़छाड़ की गई थी। इस्तेमाल की गई नंबर प्लेट सिलीगुड़ी की एक गाड़ी की है, लेकिन वह नकली है। हमने घटनास्थल से कुछ चली हुई गोलियों के खोखे और जिंदा कारतूस भी बरामद किए हैं। हम अब तक जुटाई गई जानकारी को प्रोसेस कर रहे हैं।

### ममता-अभिषेक के घरों से सुरक्षा हटाई, टीएमसी ऑफिस पर चला बुलडोजर

पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के रिजल्ट के दो दिन बाद ममता बनर्जी और अभिषेक बनर्जी के आवास और कैमैक स्ट्रीट स्थित पार्टी हेडक्वार्टर से सुरक्षा व्यवस्था हटा दी गई है। तीनों जगहों पर बुधवार से अतिरिक्त पुलिस तैनाती हटा लिए गए।

अभिषेक बनर्जी के हरिश मुखर्जी रोड स्थित आवास 'शांतिनिकेतन' के बाहर फुटपाथ पर सिर्फ एक बैरिकेड दिखाई दिया, जबकि वहां कोई पुलिसकर्मी मौजूद नहीं था। उन्हें अब भी जेड-कैटेगरी सुरक्षा मिल रही है और आगे भी मिलती रहेगी। अभिषेक डायमंड हार्बर सीट से सांसद हैं।

## वंदे मातरम के अपमान पर होगी 5 साल की जेल

### मोदी कैबिनेट ने दी प्रस्ताव को मंजूरी, राष्ट्रगान के बराबर मिला दर्जा

नई दिल्ली



केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के सम्मान को सुरक्षित करने के लिए एक बड़ा ऐतिहासिक कदम उठाया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में राष्ट्रीय सम्मान अपमान निवारण अधिनियम, 1971 में संशोधन के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई है। इस बदलाव के बाद अब वंदे मातरम के गायन में बाधा डालना या उसका अपमान करना एक दंडनीय अपराध माना जाएगा। अब राष्ट्रीय गीत को भी वही कानूनी संरक्षण प्राप्त होगा जो राष्ट्रगान जन गण मन को मिला हुआ है। मौजूदा कानून के तहत अभी तक केवल राष्ट्रगान, राष्ट्रीय ध्वज और संविधान के अपमान पर ही सजा का प्रावधान था। झंडे को जलाने, विकृत करने या राष्ट्रगान में जानबूझकर बाधा डालने पर तीन साल तक की जेल या जुर्माना लगाया जा सकता है। अब नए संशोधन के बाद, वंदे मातरम के साथ भी ऐसी ही हरकत करने पर समान सजा का सामना करना पड़ेगा। अधिकारियों के अनुसार, संसद की मुहर लगते ही यह नया कानून प्रभावी हो जाएगा।

### सांस्कृतिक विरासत की सुरक्षा की ओर कदम

पूर्व केंद्रीय मंत्री और भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर ने इस फैसले का स्वागत किया है। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी और गृह मंत्री अमित शाह का आभार व्यक्त करते हुए इसे करोड़ों भारतीयों के लिए गर्व का क्षण बताया। ठाकुर ने कहा कि वह लंबे समय से वंदे मातरम को कानूनी सुरक्षा देने की मांग कर रहे थे। उन्होंने बजट सत्र के दौरान लोकसभा में नियम 377 के तहत यह मुद्दा उठाया था। उनका मानना है कि इस कदम से हमारी सांस्कृतिक विरासत पर होने वाले जानबूझकर हमलों को रोका जा सकेगा।

## वियतनाम और भारत ने 13 समझौतों पर किए हस्ताक्षर

नई दिल्ली

भारत दौरे पर आए वियतनाम के राष्ट्रपति तो लाम ने बुधवार को हैदराबाद हाउस में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ साझा प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया। इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, पिछले साल जब भारत से पवित्र बौद्ध अवशेष वियतनाम भेजे गए, तो डेढ़ करोड़ से ज्यादा लोगों ने उनके दर्शन किए थे। हम चंपा संभ्यता की पांडुलिपियों को डिजिटल रूप से सुरक्षित रखेंगे और इस अमूल्य विरासत को आने वाली पीढ़ियों के लिए सुरक्षित रखेंगे।

उन्होंने कहा, एक दशक पहले वियतनाम की मेरी यात्रा के दौरान वियतनाम आसियान में भारत का पहला 'व्यापक रणनीतिक साझेदार' बना था। तब से हमारे संबंधों और हर क्षेत्र में तेजी से प्रगति हुई है। सभ्यताओं के साथ-साथ हमारे व्यापार, प्रौद्योगिकी और पर्यटन के संबंध भी मजबूत हुए हैं। इसी मजबूत नींव पर आगे बढ़ते हुए आज हम अपने संबंधों को 'आधुनिक व्यापक रणनीतिक साझेदारी' के स्तर तक ले जा रहे हैं। पिछले एक दशक में भारत और वियतनाम के बीच द्विपक्षीय व्यापार दोगुना होकर 16 अरब डॉलर तक पहुंच गया है।

इसके अलावा, उन्होंने अपने भारत दौरे की शुरुआत बोधगया से की। यह हमारे दोनों देशों की साझा सभ्यतागत और आध्यात्मिक परंपराओं को दर्शाता है।

## पंजाब में आर्मी कैंप- बीएसएफ हेडक्वार्टर के बाहर आईईडी ब्लास्ट, चंडीगढ़ में भी हाई अलर्ट

### डीजीपी बोले- पाक का हाथ, सीएम ने कहा- बीजेपी ने कराए

जालंधर/अमृतसर



जालंधर में BSF हेडक्वार्टर के बाहर मंगलवार रात धमाका हुआ। इसमें इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस के इस्तेमाल की बात कही जा रही है। गनीमत रही कि धमाके में किसी को चोट नहीं लगी। इस ब्लास्ट का वीडियो भी सामने आया है। वहीं, अमृतसर में आर्मी कैंप के भीतर भी ग्रेनेड अटैक की कोशिश की गई, लेकिन वह दीवार पर टकराकर फट गया।

डीजीपी गौरव यादव ने अमृतसर पहुंचकर मौके का जायजा लिया। उन्होंने माना कि जालंधर व अमृतसर में IED ब्लास्ट हुए। कहा कि जालंधर में संभव है कि टाइमर या रिमोट से ब्लास्ट किया गया हो। इसमें पाकिस्तान खुफिया एजेंसियों का हाथ है। ऑपरेशन सिंदूर की एनिवर्सरी की वजह से धमाके कराए गए हो सकते हैं। DGP अब जालंधर पहुंचे हैं।

वहीं, श्री आनंदपुर साहिब से शुक्राना यात्रा के दौरान पंजाब सीएम भगवंत मान ने कहा कि ये ब्लास्ट भाजपा के इलेक्शन की तैयारी हैं। भाजपा छोटे-मोटे ब्लास्ट करवाकर लोगों को डराकर वोट लेना चाहती है। यह भाजपा का स्टाइल है। चुनाव वाले स्टेट में ब्लास्ट और दंगे करवा दो। इसी बीच जालंधर AAP लीडरशिप ने पुष्टि की है कि ष्ट्ररू ने अपना जालंधर दौरा टाल दिया है। वह यहां शुक्राना कार्यक्रम में शामिल होने वाले थे। धमाके के बाद चंडीगढ़ में हाई अलर्ट जारी किया गया है। वहीं, जालंधर धमाके की जिम्मेदारी खालिस्तान लिबरेशन आर्मी ने एक पोस्ट शेयर कर ली।

इसमें लिखा है कि डीआईजी संदीप गोयल और उनका परिवार टारगेट पर है। इतना खून बहाएंगे कि सब कुछ लाल दिखाई देगा।

## होर्मुज में फ्रांसीसी जहाज पर ईरान का हमला, कई कर्मचारी घायल

### अमेरिका ने जहाजों को सुरक्षित निकालने वाला ऑपरेशन बंद किया

तेहरान/वॉशिंगटन डीसी

होर्मुज में एक फ्रांसीसी जहाज पर हमला होने की खबर है। फ्रांस की शिपिंग कंपनी CMA CGM ने बताया कि उसके एक कार्गो जहाज पर हमला हुआ है, जिसमें कुछ क्रू मेंबर घायल हो गए। कंपनी के मुताबिक, उसका जहाज सैन एंटोनियो मंगलवार को होर्मुज से गुजर रहा था। इसी दौरान जहाज पर किसी मिसाइल या ड्रोन से हमला हुआ। इस हमले में जहाज को नुकसान पहुंचा और कुछ कर्मचारियों को चोट आई।

कंपनी ने कहा है कि घायल क्रू मेंबर्स को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया है और उनका इलाज चल रहा है।

ट्रम्प ने 'प्रोजेक्ट फ्रीडम' प्रोजेक्ट बंद कर दिया है। अमेरिका ने सोमवार से होर्मुज स्ट्रेट से जहाजों को सुरक्षित निकालने के लिए यह ऑपरेशन शुरू किया था।

ट्रम्प ने कहा कि पाकिस्तान की तरफ से यह ऑपरेशन रोकने की अपील की गई थी। उधर ईरान के सरकारी मीडिया ने इसे अपनी जीत बताया। अमेरिका इस ऑपरेशन के तहत सोमवार को 2 और मंगलवार को सिर्फ 1 जहाज सुरक्षित निकाल पाया था। जबकि जंग से पहले हर दिन होर्मुज से औसतन 130 जहाज गुजरते थे।

## आठ फीट गहरे टैंक में डूबने से 2 मासूमों की मौत

### घर के पास खेलते समय पानी में गिरीं, चप्पलों से पहचान

जयपुर

जयपुर के शिप्रापथ इलाके में दो मासूम बच्चियों की पानी के टैंक में डूबने से मौत हो गई। घटना जगन्नाथपुरी सेकेंड क्षेत्र की है, जहां दोनों बच्चियां खेलते समय घर के पास निर्माणाधीन मकान के पानी से भरे टैंक में गिर गईं। जानकारी के अनुसार, दोनों बच्चियां शाम करीब सवा 7 बजे खेलने के लिए घर से निकली थीं। करीब 15-20 मिनट बाद जब वे वापस नहीं लौटीं तो परिजनों को चिंता हुई और उन्होंने आसपास ढूंढना शुरू किया। काफी तलाशी के बाद पास ही में बन रहे मकान के पानी के टैंक के पास बच्चियों की चप्पलें मिली थी। परिजनों ने जब टैंक में झांककर देखा तो बच्चियों की लाश ऊपर तैर रही थी। परिजन तुरंत बच्चियों को लेकर जयपुरिया हॉस्पिटल पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने चेकअप के बाद दोनों को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने पोस्टमॉर्टम के लिए दोनों शव जयपुरिया हॉस्पिटल की मॉर्च्युरी में रखवाए हैं।

जानकारी के अनुसार, यह टैंक 8 फीट गहरा है, जिसमें करीब 6 फीट पानी भरा हुआ था। जहां पर टैंक बना हुआ है, वहां लाइट नहीं है, इसलिए परिजनों का ध्यान उधर नहीं गया।

SHO (शिप्रापथ) महेन्द्र सिंह ने बताया- हादसे में बिहार निवासी राधिका (5) पुत्री पप्पू कुमार और गोसिया (5) पुत्री जाकिर निवासी उत्तर प्रदेश की मौत हो गई। दोनों परिवार शिप्रापथ इलाके में जगन्नाथपुरी सेकेंड में किराए से रहते हैं। भांकरोटा इलाके में पप्पू कलर-पेंट का काम करते हैं। जबकि मृतक गोसिया के पिता जाकिर विकलांग हैं और रिक्शा पर मोबाइल एक्सेसरीज बेचने का काम करते हैं।

## मुंबई के इंटरनेशनल एयरपोर्ट के अंडरग्राउंड मेट्रो स्टेशन में आग

**मुंबई।** मुंबई के अंधेरी ईस्ट में छत्रपति शिवाजी महाराज इंटरनेशनल एयरपोर्ट के टी-2 के अंडरग्राउंड मेट्रो स्टेशन पर बुधवार शाम 4:10 बजे आग लग गई। अफसरों ने फौरन लोगों को बाहर निकाला और परिसर को खाली कर दिया गया। इस घटना में कोई घायल नहीं हुआ है।

आग लगने के कारण मेट्रो एक्वा लाइन-3 के अंडरग्राउंड कॉरिडोर में आरे JVLR से कफ परेड के बीच मेट्रो सेवाएं कुछ समय के लिए प्रभावित रहीं।

## एनसीआरबी की रिपोर्ट- देशभर में अपराध 6 फीसदी घटे

### 2024 में कुल 58.85 लाख केस दर्ज, महिलाओं और एससी-एसटी के खिलाफ क्राइम में कमी

नई दिल्ली



देशभर में 2024 में दर्ज अपराधों की संख्या में 6 फीसदी की गिरावट आई है। नेशनल क्राइम रिकॉर्ड्स ब्यूरो (NCRB) के मुताबिक, 2023 में 62.41 लाख मामलों के मुकाबले 2024 में 58.85 लाख केस दर्ज हुए। यह जानकारी बुधवार को जारी रिपोर्ट में दी गई।

रिपोर्ट के अनुसार, क्राइम रेट यानी प्रति एक लाख आबादी पर दर्ज मामलों की संख्या भी कम हुई है। यह 2023 में 448.3 से घटकर 2024 में 418.9 रह गई। इससे साफ है कि कुल मामलों के साथ अपराध दर में भी गिरावट आई है।

2024 में हत्या के कुल 27,049 मामले दर्ज हुए। यह 2023 के मुकाबले 2.4% कम है। रिपोर्ट के मुताबिक, हत्या के मामलों में सबसे बड़ा कारण आपसी विवाद रहा। इसके बाद बदला या दुश्मनी और लालच जैसी वजहें सामने आईं।

**महिलाओं के खिलाफ अपराध में 1.5% की गिरावट**

महिलाओं के खिलाफ अपराधों में भी 1.5% की गिरावट दर्ज की गई। महिलाओं के खिलाफ अपराध का रेट 2023 में 66.2 से घटकर 2024 में 64.6 हो गया। 2024 में ऐसे 4.41 लाख केस दर्ज हुए, जबकि 2023 में यह संख्या 4.48 लाख थी।

अनुसूचित जाति के खिलाफ अपराधों में भी 3.6% की कमी आई। 2024 में 55,698 केस दर्ज हुए, जबकि 2023 में यह संख्या 57,789 थी।

अनुसूचित जनजाति के खिलाफ अपराधों में 23.1% की बड़ी गिरावट दर्ज की गई। 2024 में ऐसे 9,966 मामले सामने आए, जबकि 2023 में 12,960 केस दर्ज हुए थे।

'हर्ट' यानी चोट से जुड़े मामलों में सबसे ज्यादा गिरावट देखी गई। ये केस 2023 में 6.36 लाख से घटकर 2024 में 4.41 लाख रह गए, यानी 30.58% की कमी आई।

## कोटा मेडिकल कॉलेज में प्रसव के बाद बिगड़ी 6 प्रसूताओं की तबीयत, 1 की मौत

### चिकित्सा विभाग ने दिए जांच के आदेश

### एसएमएस से 4 चिकित्सकों की टीम कोटा भेजी

कोटा/जयपुर



मेडिकल कॉलेज के नए अस्पताल में अचानक एक प्रसूता की मौत हो गई है, जबकि पांच की हालत गंभीर है. सभी का प्रसव सिजेरियन डिलीवरी के बाद हुआ था. अब इन सभी को किडनी से संबंधित समस्या हो गई है और इन्हें मेडिकल कॉलेज के नए अस्पताल से सुपर स्पेशलिटी ब्लॉक में शिफ्ट कर दिया गया है. परिजन गंभीर आरोप लगा रहे हैं. उनका कहना है कि किसी दवा का रिएक्शन हुआ है या फिर इंफेक्शन से यह घटनाक्रम हुआ है. पोस्ट ऑपरेटिव गायनिक वार्ड में यह घटनाक्रम हुआ है, जिसे मेडिकल कॉलेज प्रबंधन ने बंद करवा दिया है.

कोटा मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. नीलेश जैन का कहना है कि घटनाक्रम पोस्ट ऑपरेटिव वार्ड में हुआ है. अचानक से 6 प्रसूताओं की तबीयत बिगड़ गई थी, जबकि 12 सिजेरियन प्रसव हुए थे. एक प्रसुता की मौत हो गई है, जबकि पांच के किडनी से रिलेटेड प्रॉब्लम हुई है. पूरे मामले में अब जांच कमेटी बैठा दी है. चित्तौड़गढ़ जिले के रावतभाटा के झालखेड़ा निवासी प्रसूता पायल की मौत मंगलवार को हो गई. जबकि अन्य प्रसूताओं की तबीयत अचानक बिगड़ी है. उनमें कोटा जिले के इटावा इलाके के झाड़ोल निवासी 29 वर्षीय रागिनी मीणा, बरड़ा बस्ती निवासी सुशीला, करवाड़ निवासी चंद्रकला, कोटा शहर के संजय नगर निवासी धन्नी व अनंतपुरा क्रेशर बस्ती निवासी ज्योति शामिल हैं. इन सभी को सुपर स्पेशलिटी ब्लॉक में शिफ्ट किया गया, जहां नेफ्रोलॉजी के आईसीयू यूनिट में इन्हें एडमिट किया गया है.

जयपुर-कोटा स्थित न्यू मेडिकल कॉलेज अस्पताल में उपचार के दौरान प्रसूताओं का स्वास्थ्य बिगड़ने के मामले के बाद चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने घटना की पूरी जानकारी लेकर प्रसूताओं के उपचार में सहयोग के लिए सवाई मानसिंह मेडिकल कॉलेज से 4 विशेषज्ञ चिकित्सकों का दल तत्काल कोटा भेजने के निर्देश दिए हैं. साथ ही प्रकरण की निष्पक्ष एवं त्वरित जांच करने के भी निर्देश दिए गए हैं.

चिकित्सा शिक्षा विभाग की प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड़ ने बताया कि घटना के तुरंत बाद इन प्रसूताओं को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के लिए कोटा में ही सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल (स्स्क्ष्) के नेफ्रोलॉजी विभाग में भर्ती कर विशेषज्ञ चिकित्सकों की निगरानी में उपचार दिया जा रहा है. सभी प्रसूताओं की स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है तथा आवश्यकतानुसार उन्नत चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं.

### दोषी पाए जाने पर कार्रवाई

राठौड़ ने बताया कि प्रसूताओं के उपचार में सहयोग के लिए सवाई मानसिंह मेडिकल कॉलेज, जयपुर से 4 विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम को कोटा भेजा गया है. इनमें निश्चेतना विभाग के डॉ. निहार शर्मा, मेडिसिन विभाग के डॉ. सुनील कुमार महावर, स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग के डॉ. पवन अग्रवाल, नेफ्रोलॉजी विभाग के डॉ. संजीव कुमार शर्मा शामिल हैं. यह टीम मौके पर पहुंचकर उपचार एवं जांच प्रक्रिया में सक्रिय सहयोग करेगी तथा पूरे मामले का विस्तृत मूल्यांकन करेगी. साथ ही, कोटा मेडिकल कॉलेज के प्रधानाचार्य एवं अन्य अधिकारियों को प्रसूताओं को बेहतर उपचार उपलब्ध करवाने एवं उनके स्वास्थ्य की सघन मॉनिटरिंग के लिए निर्देश दिए गए हैं.

प्रमुख शासन सचिव ने बताया कि प्रकरण की पूरी जांच करवाने के भी निर्देश दिए गए हैं. दोषी पाए जाने पर अधिकारियों-कार्मिकों पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी. राज्य सरकार का स्पष्ट निर्देश है कि जांच पूरी पारदर्शिता एवं जवाबदेही के साथ की जाए और यदि किसी स्तर पर लापरवाही पाई जाती है तो संबंधित के खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए. साथ ही भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए आवश्यक सुधारात्मक कदम भी उठाए जाएंगे.

## जॉइंट डायरेक्टर आनंदीलाल मीणा 8000 की रिश्वत लेते गिरफ्तार

**बारां।** बारां में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने बुधवार को बड़ी कार्रवाई की। ब्यूरो की टीम ने 4 महीने पहले कृषि विस्तार विभाग के जॉइंट डायरेक्टर बने आनंदीलाल मीणा को 8000 रुपए की रिश्वत राशि लेते गिरफ्तार किया है। आनंदीलाल का अगस्त 2026 में रिटायरमेंट था, लेकिन उससे पहले ही उसे बुधवार को घूस लेते हुए रंग हाथों दबोचा। अब उसके ठिकानों पर एसीबी की टीम दबिश दे रही है। बारां एसीबी ने कार्रवाई को अंजाम दिया। आनंदीलाल मीणा ने सरकारी दफ्तर में ही कुर्सी पर बैठे हुए 8000 रुपए की रिश्वत ली। खाद डीलरों से खाद के रजिस्टर का सत्यापन करने के एवज में यह राशि ली गई है। बारां जिले के छीपाबड़ौद क्षेत्र के दोनों फरियादी डीलर हैं, जिन्होंने एसीबी में शिकायत की थी।

एसीबी के एडिशनल एसपी कालूराम वर्मा ने बताया परिवादियों की शिकायत थी कि उन लोगों से खाद, बीज एवं कीटनाशक के स्टॉक रजिस्टर वेरिफाई करने की एवज में पांच-पांच हजार रुपये मांग कर परेशान किया जा रहा है। जिस पर 5 मई को रिश्वत मांग का गोपनीय सत्यापन करवाया। जिसमें आरोपी आनन्दीलाल द्वारा परिवादियों से 5000-5000 रुपये की मांग कर वक्त सत्यापन 2000 रुपये प्राप्त कर 3000 रुपये शेष रिश्वत की मांग करना पाया गया। बुधवार को ट्रैप की कार्रवाई करते हुए मीणा को एक परिवादी से 5000 रुपये और दूसरे परिवादी से 3000 रुपये कुल 8000 रुपये रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया।

## लॉजिस्टिक पार्क में आग से तीन गोदाम खाक, करोड़ों के नुकसान की आशंका

### -आग बुझाने में 25 दमकल गाड़ियां और 100 से ज्यादा टैंकर पानी लगा

जबलपुर (एजेंसी)। कटंगी बायपास स्थित लॉजिस्टिक पार्क में देर रात लगी भीषण आग से इलाके में हड़कंप मचा गया। आग की लपटें करीब तीन किलोमीटर दूर से दिखाई दे रही थीं। गोदामों में रखे खाद्य तेल, चावल, दाल और अन्य एफएमसीजी सामान ने आग को और भड़का दिया, जिससे देखते ही देखते तीन बड़े वेयरहाउस इसकी चपेट में आ गए। इस घटना में करोड़ों रुपए के नुकसान की आशंका जताई जा रही है। आग की सूचना मिलते ही प्रशासन और फायर ब्रिगेड की टीमें मौके पर पहुंचीं, लेकिन तब तक काफी नुकसान हो चुका था। आग पर काबू पाने के लिए चार थानों की पुलिस, 25 से ज्यादा दमकल वाहन और 100 से ज्यादा पानी के टैंकर लगाए गए। घंटों की मशक्कत के बाद आग को नियंत्रित किया जा सका। इस घटना ने न केवल औद्योगिक सुरक्षा पर सवाल खड़े किए हैं, बल्कि लॉजिस्टिक हब में सुरक्षा मानकों की समीक्षा की जरूरत भी उजागर कर दी है। फिलहाल आग लगने के कारणों की जांच जारी है। जानकारी के मुताबिक रात करीब 10-30 बजे आग लगने की सूचना मिली। शुरुआती तौर पर शॉर्ट सर्किट को कारण माना जा रहा है, हालांकि आधिकारिक पुष्टि जांच के बाद ही होगी। एक छोटी चिंगारी ने पूरे गोदाम को चपेट में ले लिया। पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे। पूरे क्षेत्र को घेर लिया, ताकि कोई जनहानि न हो। राहत की बात यह रही कि इस हादसे में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। गोदाम में बड़ी मात्रा में खाद्य तेल, चावल, दाल और अन्य किराना सामान रखा था। तेल की मौजूदगी के कारण आग तेजी से फैली और आसपास के तीन गोदाम भी इसकी चपेट में आ गए। पार्सल के लिए रखा सामान भी पूरी तरह जल गया। इस लॉजिस्टिक पार्क में कई कंपनियों का सामान रखा था। आग में इन कंपनियों के पार्सल और स्टॉक को भारी नुकसान पहुंचा है। हालांकि सटीक नुकसान का आंकलन अभी नहीं लगाया जा सका है। नगर निगम के साथ रक्षा संस्थानों की टीम भी मौके पर पहुंची। करीब 4 से 5 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया।

## केएमपी एक्सप्रेस-वे पर भीषण हादसा, यूपी पुलिस के 5 जवानों की मौत

### -ओवरटेक के दौरान स्कॉर्पियो अनियंत्रित होकर टकराई

नूंह (एजेंसी)। हरियाणा के कुंडली-मानेसर-पलवल एक्सप्रेस-वे (केएमपी एक्सप्रेस-वे) पर मंगलवार सुबह एक भीषण सड़क हादसे में उत्तर प्रदेश पुलिस के पांच जवानों की मौके पर ही मौत हो गई। यह हादसा धुलावट टोल प्लाजा के पास करीब सुबह 10 बजे हुआ, जिससे क्षेत्र में हड़कंप मच गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, एक स्कॉर्पियो कार पलवल की ओर जा रही थी। इसी दौरान चालक ने ओवरटेक करने का प्रयास किया, लेकिन वाहन अनियंत्रित हो गया और सामने चल रही दूसरी गाड़ी से जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि स्कॉर्पियो पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और उसमें सवार सभी पांचों लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस और राहत-बचाव दल तुरंत घटनास्थल पर पहुंच गए। दुर्घटनाग्रस्त वाहन में शव बुरी तरह फंस गए थे, जिन्हें बाहर निकालने के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ी। एंबुलेंस की मदद से शवों को बाहर निकालकर आगे की कार्रवाई शुरू की गई। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, मृतक सभी उत्तर प्रदेश पुलिस के जवान थे, जो जालौन जिले में तैनात थे। तावडू सदर थाना प्रभारी शीशराम ने बताया कि मृतकों की पहचान की प्रक्रिया जारी है और इस संबंध में जालौन के पुलिस अधीक्षक से संपर्क किया गया है। हादसे के बाद कुछ समय के लिए एक्सप्रेस-वे पर यातायात भी प्रभावित रहा। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित किया और रास्ता साफ कराया।

## फ्लाइट में पावर बैंक ब्लास्ट, 5 यात्री घायल, हैदराबाद से चंडीगढ़ आ रहा था विमान

चंडीगढ़ (एजेंसी)। हैदराबाद से चंडीगढ़ आ रही इंडिगो की एक फ्लाइट में भीषण विस्फोट हुआ है। जानकारी के अनुसार, विस्फोट का कारण एक पावर बैंक था। पावर बैंक को बैग में रखा गया था। पावर बैंक के फटने से फ्लाइट में धुआं भर गया। कुछ देर बाद आग भी लग गई, जिसे एयर होस्टेस ने बड़ी मुश्किल से बुझाया। यह हादसा तब हुआ जब फ्लाइट चंडीगढ़ एयरपोर्ट पर लैंडिंग कर रही थी। जानकारी के अनुसार, इंडिगो की एक फ्लाइट हैदराबाद से चंडीगढ़ आ रही थी। फ्लाइट 6ई 108 में एक यात्री का पावर बैंक फट गया। मोहाली में मौजूद शहीद भगत सिंह इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर उस समय अफरातफरी मच गई। जब फ्लाइट में एक यात्री का पावर बैंक फटने से ब्लास्ट हो गया। घटना उस समय हुई, जब फ्लाइट एयरपोर्ट पर खड़ी थी। इंडिगो की ओर से जारी बयान में कहा गया कि सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए तुरंत विमान खाली कराया गया। इसके बाद संबंधित अधिकारियों को तुरंत घटना के बारे में सूचना दी गई। सभी यात्रियों को सुरक्षित टर्मिनल तक पहुंचाया गया, जहां एयरलाइन की टीम यात्रियों की मदद में जुटी रही। एयरलाइन के एक अधिकारी ने कहा कि विमान को दोबारा संचालन में लाने से पहले जरूरी तकनीकी जांच की जाएगी। इंडिगो ने कहा कि यात्रियों और क्रू की सुरक्षा उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

## बीएससी छात्रा ने घर में दुपट्टे का फंदा लगाकर दी जान, पुलिस जांच में जुटी

नैनीताल (एजेंसी)। स्टाफ हाउस 7 नंबर क्षेत्र में फांसी पर झूलती बीएससी की छात्रा की मौत से सनसनी फैल गई। छात्रा छत पर लगी बल्ली से दुपट्टे के सहारे लटकी हुई मिली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को नीचे उतार फॉरेंसिक टीम को बुलाया। फिलहाल छात्रा ने आत्मघाती कदम क्यों उठाया पुलिस जांच कर रही है। जानकारी के मुताबिक स्टाफ हाउस 7 नंबर निवासी 20 साल सिमरन आर्य डीसीबी परिसर में बीएससी तृतीय वर्ष की छात्रा थी। यहां वह अपनी दादी के साथ रहती थी। सोमवार रात खाना खाने के बाद दादी और सिमरन सोने चली गई। जानकारी के मुताबिक सुबह दादी उठकर आई तो सिमरन बल्ली से दुपट्टे के सहारे लटकी हुई मिली। यह देख दादी की चींख पड़ी। चींखने की आवाज सुन पड़ोसी पहुंचे। लोगों की सूचना के बाद पुलिस टीम पहुंची और शव को नीचे उतारा। कोतवाल ने बताया कि छात्रा ने आत्मघाती कदम क्यों उठाया इसको लेकर कुछ स्पष्ट नहीं हुआ है।

# केजरीवाल का सवाल- मोदी लहर में भी नहीं जीती थी बीजेपी, अब कैसे?

### -लोकतंत्र पर संकट का दावा, राष्ट्रपति से मुलाकात की तैयारी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की बड़ी जीत के बाद राजनीतिक बयानबाजी तेज हो गई है। दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी प्रमुख अरविंद केजरीवाल ने इस जीत पर सवाल उठाते हुए चुनाव प्रक्रिया और जनादेश को लेकर गंभीर टिप्पणी की है।



अरविंद केजरीवाल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट करते हुए कहा, जब देश में ÷मोदी लहर÷ चरम पर थी, तब भी भाजपा दिल्ली और बंगाल जैसे राज्यों में जीत नहीं दर्ज कर सकी थी। उन्होंने कहा कि 2015 और 2016 में पार्टी को बेहद कम सीटें मिली थीं, लेकिन अब जब लोकप्रियता घटने की बात कही जा रही है, तब बंगाल में बड़ी जीत सामने आई है। उन्होंने सवाल उठाया कि यह बदलाव कैसे संभव हुआ और क्या इसके पीछे चुनावी प्रक्रिया में कोई बदलाव या गड़बड़ी जिम्मेदार है।

इससे पहले एक रैली में बोलते हुए अरविंद केजरीवाल ने आरोप लगाया कि देश में लोकतंत्र पर संकट है और कई राज्यों में चुनावी प्रक्रिया को प्रभावित करने के प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने बिहार और महाराष्ट्र का उदाहरण देते हुए कहा कि वहां भी राजनीतिक परिस्थितियां संदिग्ध रही हैं। उन्होंने अपने विधानसभा अनुभव का उल्लेख करते हुए दावा किया कि उनके वोटों में बड़ी संख्या में कमी आई, जिसे उन्होंने लोकतांत्रिक प्रक्रिया पर सवाल उठाने का आधार बताया। हालांकि इन दावों का कोई आधिकारिक प्रमाण सार्वजनिक नहीं किया गया है।

इस बीच आम आदमी पार्टी का एक प्रतिनिधिमंडल राष्ट्रपति भवन पहुंचा, जहां उसने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की योजना बनाई। यह मुलाकात पार्टी के सात राज्यसभा सांसदों के कथित विलय को लेकर थी, जिनमें राघव चड्ढा, हरभजन सिंह, अशोक मित्तल और अन्य नाम शामिल हैं। पार्टी का आरोप है कि यह राजनीतिक विलय लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं के खिलाफ है और विपक्षी दलों को कमजोर करने का प्रयास है।

## बंगाल जीत पर संजय राउत ने कहा– यह लोकतंत्र नहीं, चुनावी सेटअप है

### -पाकिस्तान और रूस जैसे हालात की कर रहे बात



मुंबई (एजेंसी)। पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की भारी जीत और 206 सीटों के साथ सत्ता परिवर्तन के बाद राजनीतिक विवाद तेज हो गया है। जहां एक ओर भाजपा ने इस परिणाम को ऐतिहासिक जनादेश बताया है, वहीं विपक्ष ने चुनाव प्रक्रिया पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राउत ने इस जीत पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह लोकतंत्र की जीत नहीं है, बल्कि 'चुनाव प्रबंधन की जीत' है। इसी के साथ ही संजय राउत ने आरोप लगाया कि एसआईआर प्रक्रिया के तहत लाखों मतदाताओं के नाम हटाए गए, जिससे चुनाव परिणाम प्रभावित हुआ। संजय राउत ने दावा किया कि जीत और हार के बीच करीब 11 लाख वोटों का अंतर था, और अगर मतदाता सूची में बदलाव न होता तो परिणाम अलग हो सकते थे। उन्होंने कहा कि इस तरह के चुनाव उन्होंने पाकिस्तान, रूस और अज़रबैजान जैसे देशों में देखे हैं, जहां पहले परिणाम तय कर लिए जाते हैं और बाद में चुनाव कराए जाते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि यह पूरी प्रक्रिया लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ है और इसे 卐चुनाव नहीं बल्कि सेटअप卐 कहा जाना चाहिए। उनके अनुसार, विपक्षी दलों को इस मुद्दे पर एकजुट होकर आवाज उठानी चाहिए थी।

## शशि थरूर बोले- मोदी और शाह की रणनीति गजब की, इससे सीखना चाहिए



**नई दिल्ली(एजेंसी)।** कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने हालिया चुनाव परिणामों पर प्रतिक्रिया देते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह की चुनावी रणनीति और संगठन क्षमता की खुलकर सराहना की। उन्होंने कहा कि इन नेताओं ने खासकर पश्चिम बंगाल और असम जैसे राज्यों में जिस तरह का प्रदर्शन किया है, वह उनकी मजबूत चुनावी योजना और संगठनात्मक दक्षता को दर्शाता है। शशि थरूर के अनुसार, उनकी कार्यशैली पेशेवर है और वे चुनाव अभियानों में संसाधनों का प्रभावी उपयोग करते हैं। सही मायने में इससे सीख लेने की जरुरत है।

कांग्रेस नेता थरूर ने यह भी स्वीकार किया कि विपक्षी दलों, विशेषकर कांग्रेस, को इस तरह की रणनीति और संगठन से सीख लेने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि केवल चुनाव हार या जीत पर प्रतिक्रिया देना पर्याप्त नहीं है, बल्कि जमीनी स्तर पर संगठन को मजबूत करना जरूरी है। उन्होंने अपनी ही पार्टी के संदर्भ में कहा कि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस को अब गंभीर आत्ममंथन करने की आवश्यकता है।

उन्होंने यह भी संकेत दिया कि केरल में पार्टी की सफलता यह दिखाती है कि सही रणनीति अपनाने पर बेहतर परिणाम संभव हैं। शशि थरूर ने कहा कि यदि केरल मॉडल का सही तरीके से विश्लेषण कर उसे अन्य राज्यों में लागू किया जाए, तो कांग्रेस अपनी स्थिति को मजबूत कर सकती है। उन्होंने संगठन, संसाधन प्रबंधन और जमीनी पकड़ को सुधारने की जरूरत पर जोर दिया। उन्होंने आगे कहा कि चार राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश के हालिया चुनाव परिणामों से यह स्पष्ट है कि कांग्रेस के सामने बड़ी चुनौती है, लेकिन सही रणनीति से इसे अवसर में बदला जा सकता है।

# अब असम विधानसभा में मुस्लिम विधायकों का विपक्ष के तौर पर रहेगा दबदबा

### -चुनाव परिणामों ने रच दिया नया राजनीतिक इतिहास, -परिसीमन के बाद बदला गणित

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** असम विधानसभा चुनाव 2026 के नतीजों के बाद राज्य की राजनीति में बड़ा बदलाव देखने को मिला है। 126 सदस्यीय विधानसभा में गैर-एनडीए दलों के कुल 24 निर्वाचित विधायकों में से 22 मुस्लिम समुदाय से होने का आंकड़ा सामने आया है, जिसने एक तरफ जहां राजनीतिक बहस को जन्म दिया वहीं एक अलग ही इतिहास भी रचने का काम कर दिया है।



दरअसल विपक्षी खेमे में सबसे बड़ी पार्टी भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस रही, जिसने 19 सीटें जीतीं, जिनमें अधिकांश मुस्लिम विधायक शामिल हैं। इसके अलावा ऑल इंडिया यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट को 2 सीटें मिलीं, जबकि रायजोर दल और तृणमूल कांग्रेस को एक-एक सीट पर जीत हासिल हुई। इन आंकड़ों की खास बात यह है कि विधानसभा में विपक्ष के तौर पर केवल दो गैर-मुस्लिम विधायक चुने गए हैं। इनमें रायजोर दल प्रमुख अखिल गोगोई और कांग्रेस के जॉयप्रकाश दास शामिल हैं।

इस पर मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा की टिप्पणी सामने आई है, जिसमें उन्होंने इसे राजनीतिक समीकरण पर टिप्पणी करते हुए कहा कि यह केवल आंकड़ों का विश्लेषण है, लेकिन इससे राज्य की जनसांख्यिकीय और राजनीतिक वास्तविकता समझी जा सकती है।

चुनाव परिणामों में भाजपा और उसके सहयोगियों का प्रदर्शन मजबूत रहा है। राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार, परिसीमन के बाद बदले निर्वाचन क्षेत्रों ने इस चुनाव में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। 2023 के परिसीमन के बाद मुस्लिम बहुल सीटों की संख्या कम होकर 22 रह गई, जिससे चुनावी संतुलन प्रभावित हुआ। रिपोर्टों के अनुसार, पहले जहां मुस्लिम बहुल सीटें 35 थीं, वहीं अब यह संख्या घटकर 22 रह गई है। इससे विपक्षी दलों के बीच प्रतिस्पर्धा बढ़ी और कई सीटों पर वोट विभाजन भी देखने को मिला।

चुनाव से पहले भी राजनीतिक समीकरण में बदलाव देखा गया, जब कुछ विधायकों ने पाला बदलकर सत्तारूढ़ गठबंधन का समर्थन किया। इससे विपक्ष की रणनीति कमजोर हुई। असम में यह भी बहस जारी है कि बांग्लादेश से अवैध प्रवासन और जनसांख्यिकीय बदलाव राज्य की राजनीति को लंबे समय से प्रभावित करते रहे हैं। भाजपा का तर्क रहा है कि राज्य की राजनीतिक दिशा में स्थानीय और स्वदेशी समुदायों की भूमिका निर्णायक होनी चाहिए। इन नतीजों ने असम की राजनीति में एक नए बहस को जन्म दिया है, जहां प्रतिनिधित्व, परिसीमन और पहचान की राजनीति एक बार फिर केंद्र में आ गई है।

## बंगाल में जीती भाजपा तो सपा सांसद को हुई चिंता, बोले— झूठे केस में फंसाने का डर

नई दिल्ली (एजेंसी)। पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की बड़ी जीत के बाद देश की राजनीति में नई बहस शुरू हो गई है। इसी बीच संभल से समाजवादी पार्टी के सांसद ज़िया उर रहमान बर्क ने प्रतिक्रिया देते हुए प्रशासनिक दुरुपयोग और राजनीतिक प्रतिशोध को लेकर चिंता जताई है। सांसद ज़िया उर रहमान बर्क ने कहा, कि भाजपा की जीत अपने आप में मुद्दा नहीं है, लेकिन वास्तविक चिंता इस बात की है कि कहीं जनता को दबाने और विरोधियों को झूठे मामलों में फंसाने की प्रवृत्ति न बढ़े। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रशासनिक रिकॉर्ड और कानूनी प्रक्रियाओं का इस्तेमाल राजनीतिक दबाव के लिए किया जा सकता है। सांसद बर्क ने कहा कि यदि लोग डरकर चुनावी प्रक्रिया से पीछे हट जाएं, तो लोकतंत्र का अर्थ ही समाप्त हो जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि देश के कई हिस्सों में जहां भाजपा सत्ता में है, वहां इस तरह की चिंताएं पहले भी उठती रही हैं। सांसद बर्क ने आशंका जताई कि आगामी 2027 के चुनावों को देखते हुए उत्तर प्रदेश जैसे राज्यों में राजनीतिक माहौल और अधिक तनावपूर्ण हो सकता है। उन्होंने कहा कि वोटरों के साथ भेदभाव और विपक्षी नेताओं को कानूनी मामलों में उलझाने का खतरा बना रहता है।

# राष्ट्रपति से मिले भगवंत मान, बोले— संविधान का मजाक बना

### आप छोड़ बीजेपी में शामिल सांसदों पर विवाद

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पंजाब की राजनीति में उथल-पुथल के बीच मुख्यमंत्री भगवंत मान ने मंगलवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात कर आम आदमी पार्टी (आम आदमी पार्टी) के छह राज्यसभा सांसदों के भारतीय जनता पार्टी (भारतीय जनता पार्टी) में शामिल होने के मुद्दे पर कड़ा विरोध जताया।



मुलाकात के बाद मीडिया से बातचीत में सीएम भगवंत मान ने कहा कि कुछ सांसदों द्वारा पार्टी बदलना लोकतांत्रिक व्यवस्था और संविधान की भावना के खिलाफ है। उन्होंने तर्क दिया कि यदि पूरी पार्टी दो-तिहाई बहुमत से विलय करती है तो यह स्वीकार्य हो सकता है, लेकिन, सिर्फ 6-7 लोगों का ऐसा कदम मनमानी है।

मुख्यमंत्री मान ने आरोप लगाया कि पंजाब में भाजपा के केवल 2 विधायक हैं, लेकिन राज्यसभा में उसके 6 सदस्य हो गए हैं, जो ÷संविधान का मजाक÷ है। उन्होंने इस मुद्दे पर ÷राइट टू रिकॉल÷ जैसे संवैधानिक संशोधन की भी मांग उठाई। उल्लेखनीय है कि भगवंत मान अपने साथ लगभग 90 विधायकों को लेकर दिल्ली पहुंचे थे।

वहीं दूसरी ओर, आप छोड़ भाजपा में शामिल हुए नेताओं, राघव चड्ढा, अशोक मित्तल और संदीप पाठक ने भी राष्ट्रपति से मुलाकात कर अपनी बात रखी। उन्होंने आरोप लगाया कि पार्टी छोड़ने के बाद उन्हें पंजाब की सरकारी मशीनरी के जरिए निशाना बनाया जा रहा है। राघव चड्ढा ने तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि आप बदले की राजनीति कर रही है। उन्होंने चेतावनी दी कि यह ÷खतरनाक खेल÷ है और इसके परिणाम भी गंभीर हो सकते हैं। उन्होंने यह भी कहा, ÷आप के पास एक राज्य की पुलिस है, जबकि हमारे पास 21 राज्यों की पुलिस है,÷ जिसे लेकर सियासी बयानबाजी तेज हो गई है।

इस पर पलटवार करते हुए भगवंत मान ने सवाल उठाया कि क्या यह बयान विपक्ष को डराने के लिए दिया गया है। उन्होंने कहा कि ÷कानून अपना काम करेगा÷ और किसी के खिलाफ कार्रवाई केवल कानूनी प्रक्रिया के तहत ही होगी। इस पूरे घटनाक्रम ने पंजाब सहित राष्ट्रीय राजनीति में दल-बदल, संवैधानिक प्रावधानों और राजनीतिक नैतिकता पर नई बहस छेड़ दी है।

## राजा भैया का तंज बोले– मिट गये सनातन को मिटाने का सपना देखने वाले?

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** तमिलनाडु के इन परिणामों का असर उत्तर प्रदेश की राजनीति में भी साफ देखा जा रहा है। यूपी के प्रतापगढ़ की कुंडा सीट से विधायक और जनसत्ता दल (लोकतांत्रिक) के प्रमुख रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भैया ने इन नतीजों पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। राजा भैया ने डीएमके प्रमुख एम.के. स्टालिन और उनके बेटे उदयनिधि स्टालिन की हार को सीधे तौर पर सनातन धर्म के अपमान से जोड़ते हुए इसे जनता का करारा जवाब बताया है।



राजा भैया ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर एक पोस्ट साझा करते हुए लिखा, मिट गये सनातन को मिटाने का सपना देखने वाले। अपनी बात को वजन देने के लिए उन्होंने अपना 3 सितंबर 2023 का वह पुराना ट्वीट भी रिट्वीट किया, जिसमें उन्होंने उदयनिधि स्टालिन के उस विवादित बयान का कड़ा विरोध किया था, जिसमें सनातन धर्म की तुलना घातक बीमारियों से की गई थी। पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव परिणामों ने देश की राजनीतिक दिशा में नई हलचल पैदा कर दी है। इन नतीजों के बाद राजनीतिक दलों के बीच आरोप-प्रत्यारोप और प्रतिक्रियाओं का दौर शुरू हो गया है। जहां बंगाल, असम और पुडुचेरी में भाजपा ने भारी बहुमत के साथ अपनी सत्ता सुरक्षित की है, वहीं दक्षिण भारत के चुनावी नतीजों ने सबसे ज्यादा चौंकाया है। केरल में कांग्रेस ने अपनी पकड़ मजबूत की है, तो तमिलनाडु में बड़ा उलटफेर देखने को मिला है। तमिलनाडु में विजय थलपति की पार्टी टीवीके ने एम.के. स्टालिन की डीएमके को शिकस्त देकर कांग्रेस के साथ गठबंधन की सरकार बनाने की ओर कदम बढ़ा दिए हैं। विदित हो कि साल 2023 में एक सम्मेलन के दौरान उदयनिधि स्टालिन ने कहा था कि सनातन धर्म मलेरिया और डेंगू जैसी बीमारियों की तरह है, जिसे केवल विरोध नहीं करना चाहिए बल्कि जड़ से मिटा देना चाहिए। उस समय भी राजा भैया ने इस पर कड़ा रुख अपनाते हुए कहा था कि यह बयान हिंदुओं के प्रति घृणा को दर्शाता है। अब चुनावी नतीजों के बाद राजा भैया का यह हमला संकेत देता है कि उदयनिधि के बयानों ने हिंदू मतदाताओं के बीच जो नाराजगी पैदा की थी, उसका खामियाजा डीएमके को भुगतना पड़ा है। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि राजा भैया इस मुद्दे के जरिए यूपी में भी अपने हिंदुत्ववादी आधार को और अधिक मजबूती देना चाहते हैं।

# भीषण गर्मी का मुख्य कारण वायुमंडलीय घटना हीट डोम: मौसम विशेषज्ञ

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** नई दिल्ली (ईएमएस)। भारत के कई हिस्सों उत्तर, मध्य और दक्षिण भारत में अप्रैल माह में भीषण गर्मी का प्रकोप देखा जा रहा है। इस चरम गर्मी का मुख्य कारण वायुमंडलीय घटना हीट डोम है। मौसम विशेषज्ञों का मानना है कि यह एक ऐसी मौसमी स्थिति है जिसमें गर्म हवा एक बड़े क्षेत्र में फंसकर तीव्र और लंबे समय तक चलने वाली गर्मी पैदा करती है, मानो वातावरण एक बंद भट्ठी में बदल गया हो। तापमान लगातार 40 डिग्री सेल्सियस से ऊपर बना हुआ है और कुछ इलाकों में यह 46-47 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है, जिससे हीट इंडेक्स 50 डिग्री सेल्सियस जैसा महसूस हो रहा है। दिल्ली, कानपुर, बांदा, लखनऊ, भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, अकोला, अमरावती, वर्धा, तेलंगाना और राजस्थान जैसे राज्य इसके सीधे प्रभाव में हैं। हीट डोम का निर्माण तब होता है जब ऊपरी वायुमंडल में उच्च दबाव का एक बड़ा क्षेत्र बनता है। यह उच्च दबाव वाली प्रणाली हवा को नीचे की ओर धकेलती है। जब हवा नीचे उतरती है, तो वह संपीड़ित होकर और अधिक गर्म हो जाती है। यह नीचे उतरती और गर्म होती हवा, सतह पर मौजूद गर्म हवा को एक विशाल अदृश्य गुंबद की तरह फंसा लेती है। इस गुंबद के कारण गर्म हवा ऊपर उठकर ठंडी नहीं हो पाती और न ही फैल पाती है। नतीजतन, गर्मी एक ही जगह पर जमा होती रहती है और तापमान लगातार बढ़ता जाता है, जिससे रात में भी कोई खास राहत नहीं मिलती। सामान्य मौसम में गर्म हवा सूर्य की किरणों से गर्म होकर ऊपर उठती है, बादल बनते हैं और वर्षा या ठंडी हवा का संचार होता है, लेकिन हीट डोम में उच्च दबाव वाली प्रणाली हवा को नीचे दबाए रखती है।

हीट डोम, हीट वेव से अलग है। जहां हीट वेव कुछ दिनों की तीव्र गर्मी की स्थिति होती है, वहीं हीट डोम बड़े भौगोलिक क्षेत्र पर हफ्तों या उससे अधिक समय तक गर्मी को फंसाए रखता है। इसमें जेट स्ट्रीम, जो ऊपरी वायुमंडल में पश्चिम से पूर्व की ओर बहने वाली तेज हवाओं की पट्टी होती है, महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। जब जेट स्ट्रीम लहरदार और धीमी हो जाती है या रुक जाती है, तो यह अपने पीछे उच्च दबाव का क्षेत्र छोड़ जाती है, जो गर्म हवा के फंसने का कारण बनता है। यह प्रक्रिया समुद्र के ऊपर गर्म हवा के बनने और ठंडी हवाओं के नीचे जाने से और तेज हो जाती है। जब उच्च दबाव का क्षेत्र कमजोर होकर या हटकर हवाओं को बाहर निकलने देता है, तभी यह हीट डोम टूटता है और गर्मी से राहत मिलती है। हालांकि यह एक हफ्ते या उससे ज्यादा बना रह सकता है।

हालांकि हीट डोम सीधे तौर पर औद्योगिक गतिविधियों या एयरकंडीशनर से निकलने वाली गर्म हवा से नहीं बनता, लेकिन कारखानों, पावर प्लांट और वाहनों से उत्सर्जित होने वाली ग्रीनहाउस गैसें ग्लोबल वार्मिंग को बढ़ाती हैं। यह बढ़ा हुआ तापमान हीट डोम जैसी घटनाओं को और अधिक तीव्र और बार-बार होने वाला बना सकता है। हीट डोम अत्यंत खतरनाक है क्योंकि यह साइलेंट किलर की तरह काम करता है। अत्यधिक और लगातार गर्मी से हीट स्ट्रोक, डिहाइड्रेशन, हृदय संबंधी समस्याएं और किडनी फेलियर के मामले बढ़ जाते हैं। बुजुर्गों, बच्चों, मजदूरों और बीमार लोगों को इससे सबसे अधिक खतरा होता है। इसके अलावा, फसलें सूख जाती हैं, उपज घटती है और जल संकट गहराता जाता है। भारत में हीट डोम की




सालाना सटीक गिनती नहीं की जाती, लेकिन हीट वेव के रूप में इन स्थितियों पर नजर रखी जाती है।

बस स्टैंड के सामने तलवारबाजी का मामला

# सिगरेट नहीं देने पर किया जानलेवा हमला, दंपति गिरफ्तार, तीसरा आरोपी फरार

स्मार्ट हलचल | पुनित चपलोत

**भीलवाड़ा।** शहर के रोडवेज बस स्टैंड के सामने युवक पर तलवार से हमला करने के सनसनीखेज मामले में भीमगंज थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक दंपति को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अब इस वारदात में शामिल एक अन्य फरार आरोपी की सरगर्मी से तलाश कर रही है



जांच अधिकारी एएसआई कृष्ण गोपाल ने बताया कि घटना 2 मई की रात करीब 12:17 बजे की है। पीड़ित राहुल (20) पुत्र राजेंद्र वैष्णव, जो वर्तमान में संजय कॉलोनी का निवासी है, महात्मा गांधी अस्पताल की कैंटीन से चाय पीकर बस स्टैंड के पास बैठा था। इसी दौरान आरोपी ओमप्रकाश और उसकी पत्नी सुमन उर्फ दिव्या वहां पहुंचे। आरोपियों ने पहले राहुल से सिगरेट मांगी और इनकार करने पर कपड़े में छिपाई हुई तलवार निकालकर उस पर टूट पड़े।



बदमाशों ने राहुल पर ताबड़तोड़ वार किए, जिससे उसके हाथ और पैर बुरी तरह कट गए। हमले के बाद राहुल अचेत होकर गिर पड़ा, जिसे गंभीर हालत में महात्मा गांधी अस्पताल में भर्ती कराया गया। पीड़ित के शरीर पर 8 टांके आए हैं। इस पूरी वारदात का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था, जिसने शहर में कानून व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए थे।

पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए एफसीआई गोदाम के पास रहने वाले ओमप्रकाश (28) पुत्र गोपाल और उसकी पत्नी सुमन उर्फ दिव्या (27) को दबोच लिया है। दोनों को अदालत में पेश किया गया, जहां से आरोपी ओमप्रकाश को पुलिस रिमांड पर लिया गया है, जबकि उसकी पत्नी सुमन को जेल भेज दिया गया है। पुलिस इस मामले में शामिल तीसरे आरोपी की तलाश में जगह-जगह दबिश दे रही है।

# ब्याज माफियाओं की प्रताड़ना से परेशान होकर अधेड ने जहर खा कर दी अपनी जान

## मरने से पहले साले को विडियो भेज बताई आपबीती

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा।** भीलवाड़ा में ब्याज माफियाओं का आतंक थमने का नाम ही नहीं ले रहा है।ब्याज माफियाओं की प्रताड़ना से परेशान होकर एक अधेड ने मंगलवार को आत्महत्या कर ली।मृतक सूर्य प्रकाश दाधीच ने आत्महत्या से पहले वीडियो बनाकर सूदखोरों पर गंभीर आरोप लगाए। घटना के बाद परिजनों और समाज के लोगों ने प्रदर्शन कर आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग उठाई।

सूर्य प्रकाश दाधीच आरके कॉलोनी पार्क में अचेत अवस्था में मिले थे। उन्हें अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। इससे पूर्व उन्होनें अपने द्वारा बनाएं वीडियो में कहा कि जिन



लोगों से उन्होंने पैसा लिया था, उन्हें कई गुना रकम चुका दी, लेकिन इसके बावजूद लगातार तकाजा और प्रताड़ना जारी रही। उन्होंने अपने भाई भरत से परिवार का ध्यान रखने की अपील भी की।

मृतक के साले संजय तिवारी ने कहा कि मेरे जीजा सूर्य प्रकाश दाधीच लंबे समय से सूदखोरों की प्रताड़ना झेल रहे थे। उन्हें लगातार फोन कर परेशान किया जा रहा था। यहां तक कि परिवार के बच्चों और अन्य सदस्यों को भी धमकी भरे कॉल किए जा रहे थे। उन्होने अपने वीडियो में साफ बताया है कि उन्होंने मूल रकम से कई गुना ज्यादा पैसा चुका दिया था, लेकिन इसके बावजूद उनसे बार-बार पैसों की मांग की जा रही थी। हमारी प्रशासन से मांग की कि आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई कर परिवार को न्याय दिलाया जाए।



सुभाष नगर थाना प्रभारी कैलाश चंद्र विश्नोई ने कहा कि सूर्य प्रकाश दाधीच, निवासी सर्वेश्वर कॉलोनी, ने जहरीली वस्तु का सेवन किया था। उन्हें गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर मामला दर्ज करके मृतक द्वारा बनाए गए वीडियो और परिजनों के बयान सहित सभी तथ्यों की गंभीरता से जांच की जा रही है। जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर निष्पक्ष और प्रभावी कार्रवाई की जाएगी।

# नई आबादी में अवैध शराब का खेल--रिहायशी इलाके में बढ़ी असामाजिक गतिविधियां



स्मार्ट हलचल

**शाहपुरा।** नई आबादी क्षेत्र में अवैध शराब बिक्री और बढ़ती असामाजिक गतिविधियों के खिलाफ आखिरकार जनता का सब्र टूट गया। आक्रोशित नागरिकों ने बुधवार को पुलिस अधीक्षक, भीलवाड़ा को ज्ञापन सौंपकर कड़ी कार्रवाई की मांग की।

मोहल्लेवासियों का आरोप है कि 4 मई 2026 को पुलिस उपाधीक्षक, शाहपुरा को लिखित शिकायत देने के बावजूद तीन दिन बीत जाने पर भी कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। इससे क्षेत्र में रोष और असुरक्षा की भावना लगातार बढ़ती जा रही है। ज्ञापन में बताया गया कि कुछ लोग बिना लाइसेंस के रिहायशी इलाके में खुलेआम शराब बेच रहे हैं। सबसे चिंताजनक बात यह है कि यह अवैध कारोबार विद्यालय और मस्जिद के पास संचालित हो रहा है, जिससे बच्चों और महिलाओं की सुरक्षा पर गंभीर खतरा मंडरा रहा है।

इतना ही नहीं, इस स्थान पर असामाजिक तत्वों का जमावड़ा भी बढ़ गया है, जिससे क्षेत्र की कानून-व्यवस्था बिगड़ने लगी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि वे पहले भी कई बार शिकायत कर चुके हैं, लेकिन हर बार मामला ठंडे बस्ते में डाल दिया गया। नागरिकों ने यह भी आरोप लगाया कि शिकायत करने पर संबंधित लोग धमकी देने और अभद्र व्यवहार करने से भी नहीं चूक रहे हैं, जिससे आमजन में डर का माहौल बन गया है। ज्ञापन के माध्यम से पुलिस अधीक्षक और जिला कलेक्टर से निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की गई है। साथ ही क्षेत्र में शांति और सुरक्षा सुनिश्चित करने की गुहार लगाई गई है।

# सरकारी दफ्तरों में खुलेंगे सरस बूथ, पशुपालकों के लिए योजनाओं का होगा डिजिटलीकरण: प्रशासक जसमीत सिंह संधू

**जिला कलेक्टर व भीलवाड़ा डेयरी के प्रशासक ने ली बैठक, समीक्षा बैठक में दिए कई अहम निर्देश, किया प्लांट का भ्रमण**

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा।** जिले में पशुपालकों को योजनाओं का लाभ अधिक प्रभावी तरीके से देने के लिए अब डिजिटलीकरण पर जोर दिया जाएगा। साथ ही, सरकारी कार्यालयों में सरस डेयरी बूथ और पार्लर स्थापित किए जाएंगे, जिससे आमजन को सेवाएं आसान और त्वरित रूप से मिल सकें। यह निर्देश भीलवाड़ा जिला दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ (भीलवाड़ा डेयरी) के प्रशासक एवं जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू ने बैठक के दौरान आयोजित समीक्षा बैठक में दिए। इससे पुर्व जिला कलेक्टर व भीलवाड़ा डेयरी के प्रशासक तथा अतिरिक्त जिला कलक्टर की



अध्यक्षता में बैठक एवं प्लांट भ्रमण का आयोजन किया गया। बैठक में भीलवाड़ा डेयरी की ओर से संचालित विभिन्न प्रोजेक्ट्स और कल्याणकारी योजनाओं की वर्तमान स्थिति की समीक्षा की गई और उनके प्रभावी क्रियान्वयन के निर्देश दिए गए। अधिकारियों ने डेयरी की ओर से संचालित नवनिर्मित पशु आहार संयंत्र खारी का लाम्बा के उद्घाटन, संचालन और उत्पादन की स्थिति पर चर्चा की। साथ ही 50 मीट्रिक टन क्षमता वाले बायो-मिथेनेशन संयंत्र के निर्माण कार्य और संचालन को लेकर आवश्यक निर्देश दिए। कलक्टर ने निर्देश दिए कि इस संयंत्र के निर्माण के बाद शेष बची भूमि का उपयोग आगामी नई योजनाओं और प्रोजेक्ट्स को धरातल पर उतारने के लिए किया जाए। बैठक में इस बात पर जोर दिया गया कि गुणवत्ता नियंत्रण कड़ाई से सुनिश्चित किया जाए ताकि उपभोक्ताओं को हर समय उच्च गुणवत्ता वाले उत्पाद मिल सकें। जल संरक्षण और पर्यावरण को ध्यान में रखते हुए बैठक में भीलवाड़ा डेयरी प्लांट से निकलने वाले पानी (अपशिष्ट जल) के उचित उपयोग को लेकर चर्चा की गई और अधिकारियों से सुझाव मांगे गए। बैठक में भीलवाड़ा डेयरी के प्रबंध संचालक त्रिभुवन पाटीदार सहित डेयरी के सभी विभागाध्यक्ष उपस्थित थे।

# फिल्मी अंदाज में पीछा कर एएनटीएफ ने दबोचे नशा तस्कर

**छोटी सादड़ी से मारवाड़ ले जाई जा रही थी खेप, हाईवे पर घेराबंदी कर पकड़ी डिजायर कार; दो आरोपी गिरफ्तार**



## 45 किलो डोडा पोस्त बरामद

स्मार्ट हलचल | पुनित चपलोत

**भीलवाड़ा।** नशा तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत एएनटीएफ ने बड़ी कार्रवाई करते हुए करीब 45 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ डोडा पोस्त बरामद किया है। साथ ही एक स्विफ्ट डिजायर कार जब्त कर दो तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। कार्रवाई फिल्मी अंदाज में पीछा कर की गई, जिससे तस्करों के मंसूबों पर पानी फिर गया।

एएनटीएफ महानिरीक्षक पुलिस विकास कुमार ने बताया कि अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस दिनेश एम.एन. के मार्गदर्शन तथा उप महानिरीक्षक अभिजीत सिंह और पुलिस अधीक्षक अमित जैन के नेतृत्व में एएनटीएफ भीलवाड़ा टीम ने यह कार्रवाई अंजाम दिया।

सूचना के आधार पर एएनटीएफ भीलवाड़ा टीम ने मांडल क्षेत्र में एनएच-79 (दिल्ली-मुंबई 6 लेन हाईवे) पर घेराबंदी की। जैसे ही संदिग्ध सफेद डिजायर कार नजर आई, उसे रुकने का इशारा किया गया, लेकिन चालक ने कार तेज गति से भगा दी।

दो टीमों ने पीछा करते हुए आगे-पीछे से घेर लिया। खुद को फंसता देख तस्करों ने कार को सर्विस लाइन से कच्चे रास्ते पर उतार दिया, लेकिन आगे रास्ता बंद होने पर कार छोड़कर भागने लगे। टीम ने घेराबंदी कर दोनों आरोपियों को मौके पर ही दबोच लिया।

**गिरफ्तार आरोपी**

जगदीश (19), निवासी घेवड़ा शिव नगर, ओसियां, जोधपुर ग्रामीण श्रवण कुमार (35), निवासी भवाद, कडवड़, जोधपुर

# रायपुर में 59 करोड़ के कार्यों का शिलान्यास, चुनावी रण में विकास का शंखनाद

**उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने गिनाई सरकार की उपलब्धियां, विपक्ष पर साधा निशाना**

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा।** जिले के सहाड़ा विधानसभा क्षेत्र के रायपुर में आयोजित 59 करोड़ रुपये के विकास कार्यों के शिलान्यास एवं लोकार्पण कार्यक्रम ने राजनीतिक मायनों में चुनावी माहौल को गरमा दिया। उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने बुधवार को मंच से जहां वर्तमान सरकार के ढाई साल के कार्यकाल को 'अभूतपूर्व विकास' का दौर बताया, वहीं अप्रत्यक्ष रूप से पूर्ववर्ती सरकार पर विकास की अनदेखी के आरोप भी लगाए।

उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का आभार जताते हुए कहा कि पहले क्षेत्र में सड़कों की हालत खराब थी, स्वास्थ्य सुविधाएं सीमित थीं और आधारभूत ढांचा कमजोर था, लेकिन अब सरकार ने गांव से लेकर शहर तक विकास की नई तस्वीर पेश की है। उनका यह बयान आगामी पंचायत और नगरीय निकाय चुनावों को ध्यान में रखते हुए भाजपा की चुनावी रणनीति का हिस्सा माना जा रहा है।

उप मुख्यमंत्री ने स्पष्ट संकेत देते हुए कहा कि लोकतंत्र में सही जनप्रतिनिधि का चयन ही विकास की निरंतरता सुनिश्चित करता है। उन्होंने



आमजन से अपील की कि वे आने वाले चुनावों में बढ़-चढ़कर भाग लें और विकास को गति देने वाली सरकार का साथ दें। राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार यह अपील सीधे तौर पर मतदाताओं को साधने का प्रयास है।

कार्यक्रम में भाजपा नेताओं ने भी सरकार की योजनाओं और उपलब्धियों को प्रमुखता से रखा। सांसद दामोदर अग्रवाल, विधायक लादूलाल पितलिया और भाजपा जिला अध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा ने अपने संबोधन में केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं को जनहितकारी बताते हुए विपक्ष पर विकास कार्यों में बाधा डालने के आरोप लगाए।

इस दौरान विभिन्न विभागों के करोड़ों रुपये के कार्यों का शिलान्यास एवं लोकार्पण किया गया, जिसमें सार्वजनिक निर्माण, जलदाय, शिक्षा, चिकित्सा, बिजली और पशुपालन जैसे विभाग शामिल रहे। साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत लाभार्थियों को चाबियां सौंपकर सरकार की योजनाओं को जमीनी स्तर तक पहुंचाने का संदेश दिया गया।

राजनीतिक दृष्टि से देखा जाए तो यह कार्यक्रम केवल विकास कार्यों का उद्घाटन नहीं, बल्कि चुनावी माहौल में भाजपा की ताकत दिखाने और मतदाताओं को साधने का बड़ा मंच भी साबित हुआ। आने वाले चुनावों को देखते हुए इस तरह के कार्यक्रमों से प्रदेश में सियासी सरगर्मी और तेज होने के संकेत मिल रहे हैं।

# जिला स्तरीय बुनकर पुरस्कार योजना के आवेदन आमंत्रित

स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा

जिले के उत्कृष्ट बुनकरों/सहकारी समितियों को उनके द्वारा उत्पादित उत्कृष्ठ उत्पादों एवं गतिविधियों को पहचान एवं सम्मान दिलाने के लिए जिला स्तर एवं राज्य स्तर पर नगद पुरस्कार दिये जाने की योजना संचालित की जा रही है। इस क्रम में जिले में वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए जिला स्तरीय बुनकर पुरस्कार योजना के आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं। जिला स्तरीय बुनकर पुरस्कार जिले में कार्यरत बुनकरों को उनके द्वारा बुनाई के क्षेत्र में किये गये विषिष्ट योगदान, विभागीय योजनाओं में सक्रिय भूमिका तथा उनके द्वारा निर्मित उत्कृष्ठ उत्पादों के लिए प्रदान किया जावेगा। जिला स्तरीय बुनकर पुरस्कार चयन समिति द्वारा चयनित बुनकरों को प्रथम पुरस्कार के रूप में 5100 रूपये, द्वितीय पुरस्कार के रूप में 3100 रूपये, तृतीय पुरस्कार के रूप में 2100 रूपये दिये जाने तथा दो बुनकरों को सांत्वना पुरस्कार के रूप में 1100 रूपये दिये जाने का प्रावधान है। महाप्रबंधक, के.के.मीना द्वारा बताया गया कि जिला स्तरीय बुनकर पुरस्कार हेतु जिले में कार्यरत हाथकरघा बुनकर जो हाथकरघा बुनाई के क्षेत्र में न्यूनतम 3 वर्षों से विषिष्ट कार्य कर रहे हैं तथा गत 3 वर्षों में उन्हें उक्त पुरस्कार प्राप्त नहीं हुआ है, योजनांतर्गत आवेदन किये जाने हेतु पात्र है।

# स्कूटी वितरण योजना के तहत छात्राएं 7 मई तक अपडेट करें बैंक डिटेल

स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा

सत्र 2024- 25 की कालीबाई भील मेधावी छात्र स्कूटी एवं देवनारायण छात्रा स्कूटी वितरण योजना के तहत छात्राओं को डीबीटी के माध्यम से राशि हस्तांतरित की जाएगीं। राजकीय कन्या महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ सावन कुमार जांगिड़ ने बताया कि छात्राओं को 7 मई 2026 तक का समय दिया गया है। इस अवधि में छात्राओं को अपने आवेदन पत्र में विभिन्न सूचनाओं को अपडेट करना होगा। जिसमें खाता धारक का नाम, बैंक का नाम, खाता संख्या, आईएफएससी कोड उसके साथ में बैंक पासबुक, कैंसिल चेक की फोटो प्रति अपलोड करनी होगी। खाता अनिवार्य रूप से छात्रा के स्वयं के नाम से ही होना चाहिए। स्कूटी योजना की नोडल अधिकारी सुनीता भार्गव ने बताया कि जो छात्राएं डिटेल अपलोड कर रही हे उसमें कुछ गलती होने पर उसे ऑब्जेक्शन में डाल कर उसी समय छात्रा को फोन पर सही करने के लिए सूचित किया जा रहा है।

# डीजीपी राजीव कुमार शर्मा से मिला यूनिसेफ का प्रतिनिधिमण्डल

**यूनिसेफ कंट्री हेड के साथ चाइल्ड फ्रेंडली पुलिसिंग कार्यक्रम को सुदृढ़ और प्रभावी बनाने पर हुई चर्चा**

स्मार्ट हलचल | जयपुर

राजस्थान में महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा को और सुदृढ़ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के तहत यूनिसेफ भारत की कंट्री हेड सिंथिया मैककैफ्रे के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को पुलिस मुख्यालय, जयपुर में महानिदेशक पुलिस श्री राजीव कुमार शर्मा से मुलाकात की। इस दौरान आयोजित बैठक में 'चाइल्ड फ्रेंडली पुलिसिंग' कार्यक्रम को अधिक प्रभावी और व्यापक बनाने पर विस्तृत चर्चा हुई।

पुलिस मुख्यालय के कॉन्फ्रेंस सभागार में आयोजित इस बैठक में मैककैफ्रे ने राजस्थान में यूनिसेफ और पुलिस के बीच चल रही पहलों पर संतोष व्यक्त करते हुए उन्हें और अधिक सुदृढ़ करने पर बल दिया। उन्होंने 'कालिका पेट्रोलिंग यूनिट', 'सुरक्षा सखी' और 'वत्सल वार्ता' जैसे अभिनव प्रयासों की सराहना



करते हुए कहा कि ये पहल महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा के लिए प्रभावी मॉडल बन रही हैं। बैठक में दोनों संस्थाओं के बीच समन्वय को और मजबूत करने पर सहमति बनी। बाल सुरक्षा, शिक्षा, स्वास्थ्य और पोषण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर गहन मंथन किया गया, साथ ही वर्तमान कार्यक्रमों के प्रभाव की समीक्षा कर भविष्य की रणनीति पर विचार किया गया। विशेष रूप से 'सिस्टम स्ट्रेंथनिंग' और 'स्केल-अप' मॉडल को आगे बढ़ाने पर जोर दिया गया, ताकि इन पहलों का लाभ अधिक से अधिक लोगों तक पहुंच सके।

**सामुदायिक पुलिसिंग को मिलेगा नया बल**

डीजीपी श्री शर्मा ने बैठक के दौरान सामुदायिक पुलिसिंग को सशक्त बनाने पर विशेष जोर देते हुए कहा कि स्कूलों में ऑनलाइन सेफ्टी और साइबर सेफ्टी को लेकर नियमित जागरूकता कार्यक्रम चलाना आज की प्रमुख आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि बच्चों को अपराधों से बचाव के प्रति जागरूक करना बेहद जरूरी है और इसके लिए पुलिस एवं समाज के बीच सक्रिय सहभागिता से सकारात्मक वातावरण तैयार किया जा सकता है। बैठक में महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा के साथ-साथ उन्हें जागरूक और सशक्त बनाने के लिए यूनिसेफ प्रतिनिधियों और पुलिस अधिकारियों ने विस्तार से सुझाव भी दिए जिन पर आगामी दिनों में यूनिसेफ प्रतिनिधियों द्वारा कार्ययोजना तैयार कर प्रस्तुत की जाएगी। इस अवसर पर यूनिसेफ राजस्थान के स्टेट हेड के.एल. नरसिम्हा राव, बाल संरक्षण विशेषज्ञ डॉ. संजय कुमार निराला,अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (सामुदायिक पुलिसिंग) लता मनोज कुमार सहित संबंधित पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे।

# रायला लूट कांड: 15 लाख के गहने छीनने वाला 'फैमिली गैंग' का गुर्गा गिरफ्तार

## कांस्टेबल नारायण सालवी की रही विशेष भूमिका

स्मार्ट हलचल

**रायला।** रायला पुलिस ने कस्बे में हुई 15 लाख की बड़ी लूट का पर्दाफाश करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। इस पूरे मामले को सुलझाने और आरोपी तक पहुँचने में रायला थाने के कांस्टेबल नारायण सालवी की विशेष सूचना और सक्रियता ने बड़ी भूमिका निभाई, जिसकी बदौलत पुलिस बदमाशों की पहचान करने में सफल रही।

घटना 2 मई 2026 की है, जब 75 वर्षीय प्रेम देवी लढ़ा अपने पति के साथ एक्टिवा पर घर लौट रही थीं। शाम करीब 6:30 बजे स्कूल के पास बाइक सवार बदमाशों ने झपट्टा मारकर उनके हाथ से बैग छीन लिया। बैग में करीब 16.5 तोला सोना (कीमत करीब 15 लाख), 25 हजार नकद और मोबाइल था।



**सिपाही की मुखबिरी और तकनीकी दक्षता आई काम**

एसपी धर्मेंद्र सिंह यादव के निर्देश पर गठित टीम में शामिल कांस्टेबल नारायण सालवी ने मामले की तह तक जाने के लिए दिन-रात एक कर दिए। नारायण सालवी के विशेष योगदान और जमीनी इनपुट की वजह से ही पुलिस संदिग्धों के हुलिए और उनके भागने के रास्ते को ट्रैक कर पाई। सीसीटीवी फुटेज और कांस्टेबल के मुखबिर तंत्र के सटीक तालमेल से आरोपी नेहाल बावरी (21) निवासी तालेड़ा (बूंदी) को दबोच लिया गया।

**पत्नी और साले के साथ मिलकर की थी लूट**

थानाधिकारी मूलचंद वर्मा ने जानकारी देते हुए कहा की आरोपी नेहाल ने पूछताछ में बताया कि उसने अपनी पत्नी पूजा देवी और अपने साले (बाल अपचारी) के साथ मिलकर इस लूट की योजना बनाई थी। वारदात के समय ये तीनों एक ही बाइक पर सवार थे। रायला पुलिस अब फरार महिला और अन्य साथी की तलाश के साथ-साथ जेवरात बरामद करने में जुटी है।

# संजय कॉलोनी में गहराया पानी संकट, समाधान को लेकर कलेक्टर तक पहुंची रहवासियों की गुहार

### कलेक्टर से मिले जनप्रतिनिधि, नलों में नहीं आ रहा पानी, टैंकरों पर बढ़ी निर्भरता, जल्द समाधान की मांग तेज

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा।** शहर की संजय कॉलोनी इन दिनों भीषण पानी संकट से जूझ रही है। कॉलोनी के रहवासियों को रोजमर्रा की जरूरतों के लिए भी पानी के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। कॉलोनीवासियों ने कई बार स्थानीय प्रशासन और जलदाय विभाग को शिकायतें दीं, लेकिन समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो पाया। आखिरकार परेशान रहवासियों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर अपनी समस्या से अवगत कराया और जल्द से जल्द पानी की नियमित आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग की। वार्ड नम्बर 35, 36, 48 और 59 में लंबे समय से बनी हुई जल समस्या को लेकर अब



जनप्रतिनिधियों और क्षेत्रवासियों ने प्रशासन के सामने मजबूती से आवाज उठाई है। इसी क्रम में निवर्तमान महापौर राकेश पाठक के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने जिला कलेक्टर से मुलाकात कर समस्या के स्थाई समाधान की मांग की। प्रतिनिधिमंडल ने कलेक्टर को बताया कि क्षेत्र में जलापूर्ति अनियमित है और पानी का दबाव भी काफी कम रहता है, जिससे लोगों को रोजमर्रा की जरूरतों के लिए भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थिति इतनी गंभीर हो गई है कि अब रहवासी टैंकरों के भरोसे जीवन यापन करने को मजबूर हैं। महंगे दामों पर पानी खरीदना पड़ रहा है, जिससे आम परिवारों की आर्थिक स्थिति पर भी असर पड़ रहा है। महिलाओं और बच्चों को दूर-दूर से पानी लाने के लिए घंटों मेहनत करनी पड़ रही है। उन्होंने कहा कि गर्मी के मौसम में यह समस्या और विकराल रूप ले लेती है। निवर्तमान महापौर ने पीएचइडी के माध्यम से क्षेत्र में नई पाइपलाइन बिछाने, पुरानी लाइनों के सुधार और जल भंडारण क्षमता बढ़ाने के लिए ठोस कार्ययोजना बनाने की मांग रखी, ताकि भविष्य में पानी की किल्लत से स्थाई राहत मिल सके। इसके साथ ही प्रतिनिधिमंडल ने क्षेत्र की सफाई व्यवस्था, सड़कों की मरम्मत और अन्य मूलभूत सुविधाओं से जुड़े मुद्दों पर भी त्वरित कार्रवाई की आवश्यकता जताई। इस दौरान वार्ड 35 से कैलाश मुन्द्रडा, वार्ड 36 से पार्षद सुशीला जैन, वार्ड 48 से सागर पाण्डे, वार्ड 59 से बादाम देवी माली सहित राजेंद्र जैन एवं दौलत माली व अन्य गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। जिला कलेक्टर ने प्रतिनिधिमंडल की बातों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभाग के अधिकारियों को संजय कॉलोनी की जल समस्या का तकनीकी परीक्षण कर जल्द से जल्द स्थाई समाधान निकालने के निर्देश दिए। उन्होंने आश्वासन दिया कि आमजन की मूलभूत सुविधाओं से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाएगा।

# सांसद अग्रवाल ने केंद्रीय मंत्री मेघवाल से भीलवाड़ा के लिये हवाई सेवाओं की चर्चा की

### टेक्सटाइल कार्यक्रम में आने का निमंत्रण दिया

स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा



सांसद दामोदर अग्रवाल ने दिल्ली में देश के कानून मंत्री एवं पार्लियामेंट्री अफेयर राज्य मिनिस्टर अर्जुन राम मेघवाल से मुलाकात कर उन्हें भीलवाड़ा आने के लिए आमंत्रित किया ।। सांसद प्रवक्ता विनोद झुरानी ने बताया कि भीलवाड़ा टैक्सटाइल ट्रेड फेडरेशन के अध्यक्ष के नाते भी सांसद अग्रवाल ने केंद्रीय मंत्री मेघवाल को टेक्सटाइल फेडरेशन के वार्षिक कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करने की गुजारिश की ।।

अर्जुन राम मेघवाल ने 24 मई रविवार को भीलवाड़ा टेक्सटाइल ट्रेड फेडरेशन के वार्षिक कार्यक्रम में आने की स्वीकृति प्रदान की है ।।

24 मई को भीलवाड़ा टैक्सटाइल ट्रेड फेडरेशन की वार्षिक आम सभा

ग्रोथ सेंटर स्थित फेडरेशन के बहुउद्देशीय भवन में आयोजित होगी, जिसमें भीलवाड़ा के सभी टेक्सटाइल उद्यमी भाग लेंगे ।।भीलवाड़ा टैक्सटाइल ट्रेड फेडरेशन के 800 आजीवन सदस्य इस वार्षिक कार्यक्रम में आमंत्रित हैं। फेडरेशन की वार्षिक आम सभा के साथ भीलवाड़ा में हवाई सेवा प्रारंभ करने के लिए भी सांसद के प्रयास में केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल का उल्लेखनीय सहयोग मिल रहा है ।

एयर कनेक्टिविटी के लिए यह भी प्रयास है कि 24 मई को केंद्रीय मंत्री मेघवाल के साथ साथ सिविल एविएशन मिनिस्टर का भी भीलवाड़ा आगमन हो, ताकि हमीरगढ़ हवाई पट्टी का अवलोकन कर यहां पर हवाई सेवा उपलब्ध कराने की दिशा में अपेक्षित कार्यवाही केंद्र सरकार द्वारा हो सके ।

उल्लेखनीय की सांसद अग्रवाल हवाई सेवा देने के लिए तत्पर हैं जब से वह सांसद बने हैं तब से निरंतर भीलवाड़ा में हवाई सेवा किस तरह प्रारंभ हो इसके भरसक प्रयास कर रहे हैं।

# विश्व नर्सिंग दिवस पर होगा 61 सेवानिवृत्त जांबाज नर्सेज का भव्य अभिनंदन

### भीलवाड़ा नर्सेज संगठन की बैठक में बनी रणनीति, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ पोस्टर का होगा विमोचन

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा।** सेवा और समर्पण की प्रतिमूर्ति फ्लोरेंस नाइटिंगेल की स्मृति में आगामी 12 मई को अंतरराष्ट्रीय नर्सेज दिवस जिला मुख्यालय पर बड़े ही हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। भीलवाड़ा नर्सेज एसोसिएशन की भीलवाड़ा इकाई द्वारा आयोजित होने वाले इस भव्य समारोह की तैयारियों को लेकर बुधवार को एक महत्वपूर्ण बैठक सेवानिवृत्त नर्सिंग अधीक्षक दिनेश सोनी की अध्यक्षता में आयोजित की गई, जिसमें आयोजन की सफलता को लेकर विस्तृत रणनीति तैयार की गई। एसोसिएशन के मुख्य संरक्षक फरीद मोहम्मद रंगरेज ने कार्यक्रम की रूपरेखा साझा करते हुए बताया कि इस वर्ष का समारोह विशेष रूप से उन हाथों को समर्पित होगा जिन्होंने दशकों तक मानवता की



सेवा की है; इसी कड़ी में जिले के 61 वरिष्ठ एवं सेवानिवृत्त नर्सिंग कर्मियों का मंच पर सार्वजनिक अभिनंदन कर उन्हें सम्मानित किया जाएगा। सेवा के इस महाकुंभ को सामाजिक सरोकारों से जोड़ते हुए राजस्थान नर्सेज यूनियन जिलाध्यक्ष लक्की ब्यावट ने घोषणा की कि इस अवसर पर एक विशाल स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा, जो पीड़ित मानवता के प्रति नर्सेज समुदाय की प्रतिबद्धता को दर्शाएगा। संगठन के संरक्षक मुकुट राज सिंह शक्तावत ने जानकारी दी कि कार्यक्रम के दौरान बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ जैसे महत्वपूर्ण राष्ट्रीय अभियान को गति देने के लिए एक विशेष पोस्टर का विमोचन भी किया जाएगा। इस पोस्टर विमोचन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद, जिला कलेक्टर एवं विधायक सहित कई वरिष्ठ जनप्रतिनिधि और अधिकारी मौजूद रहकर नर्सिंग जगत का उत्साहवर्धन करेंगे। बैठक के दौरान संगठन की मजबूती और नर्सिंग संवर्ग की समस्याओं पर भी विचार-विमर्श किया गया। इस मौके पर कार्यवाहक नर्सिंग अधीक्षक ओमप्रकाश जैन, सत्यनारायण बिल्लू, सीनियर नर्सिंग ऑफिसर काशीराम नायक, नर्सिंग ऑफिसर सिराज खान सहित गिरिराज लढा, हितेश लखारा, लोकेश शर्मा, करन सिसोदिया जैसे सक्रिय सदस्य उपस्थित रहे। बैठक के अंत में सभी पदाधिकारियों ने एकजुट होकर नर्सिंग दिवस के समस्त कार्यक्रमों को भव्यता प्रदान करने का संकल्प लिया, ताकि समाज में नर्सिंग प्रोफेशन की गरिमा को एक नई ऊंचाई मिल सके। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि नर्सेज समाज की रीढ़ हैं और उनके त्याग, सेवा और समर्पण को हमेशा सम्मान मिलना चाहिए। यह समारोह न केवल उन्हें सम्मानित करेगा, बल्कि युवा पीढ़ी को भी सेवा भाव के लिए प्रेरित करेगा।

# जाजम पर बैठे जिला कलेक्टर, दिल जीत गया गांव!

### नई आरणी में 'ग्रामीण रथ' को मिली रफ्तार, संधू की सादगी बनी मिसाल, अफसर-जनता की दूरी हुई कम

#### समस्याएं सुनीं, मौके पर ही दिए समाधान के सख्त निर्देश

स्मार्ट हलचल

**शाहपुरा।** क्षेत्र के नई आरणी गांव में उस वक्त अलग ही नजारा देखने को मिला, जब जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू ने अपनी सादगी और संवेदनशीलता से ग्रामीणों का दिल जीत लिया। आमतौर पर कुर्सियों और मंचों पर नजर आने वाले अफसर, यहां जाजम पर बैठकर सीधे ग्रामीणों से रूबरू हुए और यही पहल पूरे कार्यक्रम की सबसे बड़ी चर्चा बन गई।

दरअसल, कलेक्टर संधू राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रचार-प्रसार के लिए चल रहे ग्रामीण रथ अभियान को



गति देने नई आरणी पहुंचे थे। उन्होंने विधिवत हरी झंडी दिखाकर रथ को तय रूट पर रवाना किया और रथ चालक का माल्यार्पण कर स्वागत भी किया। लेकिन असली तस्वीर तब बनी, जब कलेक्टर खुद जाजम पर बैठ गए उन्हें देख अन्य अधिकारी भी वहीं बैठ गए और माहौल पूरी तरह से जनसंवाद का बन गया।

ग्रामीणों ने भी इस पहल को हाथों-हाथ लिया। कई लोगों ने कहा 'अफसर ऐसे भी होते हैं, जो हमारे बीच बैठकर हमारी बात सुनते हैं।' कलेक्टर की यह सादगी और सहजता गांव में चर्चा का विषय बन गई।

अपने संबोधन में कलेक्टर संधू ने कहा कि ग्रामीण रथ अभियान का मकसद सरकार की योजनाओं की जानकारी अंतिम छोर तक बैठे व्यक्ति तक पहुंचाना है, ताकि कोई भी पात्र व्यक्ति लाभ से वंचित न रहे। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वे अधिक से अधिक संख्या में इस अभियान से जुड़ें और योजनाओं का पूरा लाभ उठाएं।

इस दौरान कलेक्टर ने ग्रामीणों से सीधा संवाद करते हुए उनकी समस्याएं भी सुनीं। गांववासियों ने अतिक्रमण, खराब सड़कों और पेयजल संकट जैसी मूलभूत समस्याएं सामने रखीं। कलेक्टर ने मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि इन समस्याओं का प्राथमिकता से समाधान किया जाए। इतना ही नहीं, उन्होंने अधिकारियों को सख्त हिदायत दी कि क्षेत्र में चल रही योजनाओं की नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए, ताकि पात्र लोगों को समय पर लाभ मिल सके और किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त न हो।

कार्यक्रम में शाहपुरा उपखंड अधिकारी सुनील मीणा, तहसीलदार भींवराज परिहार, विकास अधिकारी प्रकाश स्वर्णकार सहित जनप्रतिनिधि, विभागीय अधिकारी और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। नई आरणी में कलेक्टर संधू की जाजम पर बैठकर संवाद करने की पहल ने प्रशासन और जनता के बीच की दूरी को कम करने का मजबूत संदेश दिया है और यही असली 'सुशासन' की तस्वीर भी है।

# भाजपा गणेश मंडल की पदाधिकारी बैठक संपन्न, आत्मनिर्भरता पर जोर



स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा

भारतीय जनता पार्टी गणेश मंडल, भीलवाड़ा की आत्मनिर्भर संगठन पदाधिकारी बैठक बुधवार को पुलिस लाइन स्थित संतोषी माता मंदिर परिसर में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष मुकेश सोनी ने की।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा ने संगठन संरचना को मजबूत करने और सामाजिक दायित्वों के निर्वहन पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं को जल सेवा, पक्षियों के लिए परिण्डे लगाने तथा केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाने जैसे कार्यों में सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए।

बैठक में विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला महामंत्री अविनाश जीनगर, जिला मंत्री एवं मंडल पालक लादू लाल जाट तथा सोशल मीडिया प्रभारी महेंद्र नायक उपस्थित रहे।

इस अवसर पर मंडल महामंत्री एडवोकेट तेजेंद्र सिंह शक्तावत, राधेश्याम गाडरी, मंडल उपाध्यक्ष रतन लाल आचार्य, भंवर सिंह सोलंकी, वीरेंद्र शर्मा, गिरिराज मेघवाल, पवन राठी, मंडल मंत्री मधुबाला यादव, विनोद शर्मा, राजेश पुरी सहित मंडल कार्यकारिणी सदस्य धर्मेंद्र पारीक और अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

# बड़ला में भव्य कलश यात्रा के साथ पंच दिवसीय यज्ञ शुरू, 10 मई को होगा पीपल विवाह व काल भैरव मूर्ति स्थापना

### 211 कलशों के साथ गाजे-बाजे से निकली यात्रा, 35 जोड़ों ने दी हवन कुंड में आहुतियां

स्मार्ट हलचल

**सवाईपुर।** कस्बे के निकटवर्ती बड़ला गांव में बोर का मंड देवनारायण मंदिर पर पीपल विवाह और काल भैरव की मूर्ति स्थापना को लेकर बुधवार को भव्य कलश यात्रा निकाली गई। इसी कलश यात्रा के साथ गांव में पंच दिवसीय पंच कुंडात्मक श्री हरि हरात्मक यज्ञ एवं पीपल विवाह के मांगलिक आयोजनों की विधिवत शुरुआत हो गई है। पूरे गांव में इस आयोजन को लेकर भारी उत्साह और भक्ति का माहौल है।

**211 कलशों के साथ निकली भव्य यात्रा:**

ग्रामीणों ने बताया कि बड़ला-पीथास रोड पर स्थित बोर का मंड देवनारायण भगवान के मंदिर पर यह पंच दिवसीय आयोजन किया जा रहा है। बुधवार प्रातः 10:15 बजे पाल के देवनारायण मंदिर से



वैदिक पूजा-अर्चना के साथ कलश यात्रा शुरू हुई। सिर पर 211 मंगल कलश धारण किए महिलाएं कतारबद्ध होकर चल रही थीं। गाजे-बाजे के साथ गांव के विभिन्न मार्गों से होती हुई यह कलश यात्रा बोर का मंड देवनारायण मंदिर पहुंची। इस दौरान महिला-पुरुष, युवक-युवतियां और बच्चे भजनों की धुनों पर नाचते-गाते नजर आए।

**वैदिक मंत्रोच्चार के साथ 35 जोड़ों ने दी आहुतियां:**

दोपहर 1:15 बजे शुभ मुहूर्त में मंडप प्रवेश किया गया। इसके बाद यज्ञाचार्य लादू लाल दाधीच (आटूण) के सानिध्य में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ देवी-देवताओं की स्थापना कर पूजा-अर्चना की गई। सायं 4:15 बजे यज्ञनारायण की अग्नि स्थापना हुई, जिसमें 35 जोड़ों ने हवन कुंड में बैठकर वैदिक मंत्रों के साथ आहुतियां लगाई।

**शनिवार को आएगी बारात, रविवार को होगा विवाह व मूर्ति स्थापना:**

आयोजन समिति ने बताया कि शनिवार 9 मई को सायं 5 बजे बड़ी हरणी से मंगरी के देवनारायण भगवान के यहां से धूमधाम से बारात बड़ला आएगी। इसके अगले दिन रविवार 10 मई को प्रातः 4:15 बजे भगवान देवनारायण का पीपल के साथ वैदिक रीति से विवाह संपन्न होगा। वहीं, दोपहर 12:15 बजे अभिजीत मुहूर्त में काल भैरव की मूर्ति की स्थापना की जाएगी। इसके पश्चात यज्ञ की पूर्णाहुति होगी और विशाल प्रसादी (भंडारा) का वितरण किया जाएगा।

# कॉरपोरेट प्रीमियर लीग-2. का 8 मई से होगा आगाज

स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा

ब्राह्मण प्रोफेशनल फाउंडेशन भीलवाड़ा के तत्वाधान में क्रिकेट टूर्नामेंट कॉर्पोरेट प्रीमियर लीग 2026 का आगाज 8 मई से 13 मई तक आयोजित किया जा रहा है।

आयोजन समिति के गोपाल पाण्डेय ने बताया कि पिछले वर्ष से कॉर्पोरेट प्रीमियर लीग की शुरुआत की थी जिसमें भीलवाड़ा कॉरपोरेट सेक्टर से जुड़े युवाओं को क्रिकेट खेलने का एक प्लेटफार्म मिला है।

8 मई शाम से चित्तौड़ रोड स्थित विटी इंटरनेशनल स्कूल ग्राउंड पर दूधिया रोशनी में 10 - 10 ओवर के मैच टेनिस बॉल से खेले जाएंगे,इस दूसरे सीजन के क्रिकेट टूर्नामेंट में अर्बन चैलेंजर्स, आदित्य बिरला कैपिटल, डीएसए टाइटंस, आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड, कैपरी ग्लोबल, कोटक वॉरियर्स, इलाइट



आईडीएफसी, एचडीएफसी मेवाड़ रॉयल, आईसीआईसी एचएफसी हंटर11, पिरामल चैंपियंस, कुल 10टीमें भाग ले रही है, पांच-पांच टीमो के 2ग्रुप बनाये गए है।

इस टूर्नामेंट को सफल व ऐतिहासिक बनाने के लिए आयोजन समिति के आशीष उपाध्याय, शरद शुक्ला, अविनाश पांडे, अजीत पाण्डेय, सीपी शर्मा, अरिंजय शर्मा, महेश शर्मा, कुलदीप व्यास को व्यवस्था की जिम्मेवारी प्रदान की गई है।

# हितेश कावड़िया के निधन पर कावड़िया परिवार ने करवाया नेत्रदान



स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा

पीड़ित मानवता की सेवा और मृत्यु के बाद भी दुनिया देखने की भावना को चरितार्थ करते हुए आसीन्द निवासी एवं भीलवाड़ा प्रवासी कावड़िया परिवार ने एक प्रेरक पहल की है ।

हितेश कावड़िया के असामयिक निधन पश्चात शोक की इस घड़ी में भी उनके परिवार ने हौसला दिखाते हुए स्वर्गीय हितेश की आंखे दान करने का अनुकरणीय निर्णय लिया । स्वर्गीय हितेश कावड़िया के परिवार से लादू लाल कावड़िया, मुकेश कावड़िया, विकास कावड़िया एवं पुत्र हर्षित, आदिश, आरव, अर्हम सहित पूरे कावड़िया परिवार को इस निर्णय के लिए प्रेरित करने में तेरापंथ युवक परिषद के पूर्व अध्यक्ष अमित महता, अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद कार्यसमिति सदस्य अभिषेक आंचलिया, मनीष बोरदिया, प्रकाश संचेती का विशेष सहयोग रहा । नेत्रदान की इस प्रक्रिया के दौरान कमलेश बापना, विनीत रांका उपस्थित थे । वरिष्ठ नेत्र रोग निशेषज्ञ के निर्देशन में रामस्नेही आय बैंक के टेक्नीशियन चेतन प्रकाश भट्ट ने नेत्रदान की प्रक्रिया को सफलतापूर्वक पूर्ण किया।

# 761 दिन की कठिन पदयात्रा कर लाडपुरा पहुंचे गौभक्त शक्ति सिंह राणावत, 'गोमाता को राष्ट्रमाता' घोषित करने की मांग

### देश के चार धाम और 12 ज्योतिर्लिंगों की पैदल यात्रा पूरी कर लौटे भीलवाड़ा के लाल का भव्य स्वागत; सांवरिया गौशाला में हुआ सम्मान

स्मार्ट हलचल

**लाडपुरा।** गोमाता को 'राष्ट्रमाता' घोषित करवाने के पुनीत संकल्प के साथ पिछले ढाई साल से पैदल यात्रा कर रहे भीलवाड़ा निवासी गौभक्त शक्ति सिंह राणावत बुधवार को लाडपुरा पहुंचे। देश के चार धाम और 12 ज्योतिर्लिंगों की 761 दिन लंबी और कठिन पदयात्रा पूरी कर यहां पहुंचने पर ग्रामीणों और गौभक्तों ने उनका अभूतपूर्व और भव्य स्वागत किया। यह यात्रा न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक है, बल्कि सनातन संस्कृति और गौवंश संरक्षण का एक बड़ा सामाजिक संदेश भी दे रही है।

**जोगणियां माता से पहुंचे लाडपुरा, बालाजी मंदिर पर हुआ स्वागत:**

गौभक्त शक्ति सिंह बुधवार, 6 मई की सुबह करीब 10 बजे जोगणियां माता (मेनाल) से होते हुए लाडपुरा चौराहे पहुंचे। लाडपुरा चौराहे पर स्थित बालाजी के स्थान पर स्थानीय लोगों ने पुष्प वर्षा कर उनका जोरदार स्वागत किया। इसके पश्चात एक जुलूस के रूप में वे सांवरिया गौशाला पहुंचे, जहां सांवरिया गौशाला अध्यक्ष नारायण सनाढ्य के नेतृत्व में उनका भव्य अभिनंदन किया गया। लाडपुरा में शक्ति सिंह के आगमन पर पूरे



क्षेत्र में श्रद्धा और भारी उत्साह का माहौल देखने को मिला।

**सनातन संस्कृति और गो-संरक्षण का दिया संदेश:**

इस अवसर पर समाजसेवी दिनेश सिंह शक्तावत ने गौभक्त शक्ति सिंह राणावत को साफा, माला और दुपट्टा पहनाकर उनका सम्मान किया। कार्यक्रम में बोलते हुए दिनेश सिंह शक्तावत ने कहा कि पैदल चलकर भारत के सबसे पवित्र तीर्थों की यात्रा करना वाकई असाधारण भक्ति और एक प्रेरणादायक संकल्प है। उन्होंने कहा कि शक्ति सिंह ने अपनी इस अटूट तपस्या से सनातन संस्कृति और गोमाता संरक्षण का संदेश पूरे जनमानस तक पहुंचाया है।

**असाधारण तपस्या की हो रही सराहना:**

कार्यक्रम में मौजूद वक्ताओं और गणमान्य लोगों ने कहा कि यह यात्रा सिर्फ एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं है, बल्कि समाज को गो-सेवा के प्रति जागरूक करने का एक भगीरथ प्रयास है। 761 दिनों तक लगातार पैदल चलकर 12 ज्योतिर्लिंग और चार धाम पूरे करना क्षेत्र के युवाओं के लिए एक बड़ी प्रेरणा है। स्वागत कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण, गौभक्त और जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे, जिन्होंने शक्ति सिंह के संकल्प व समर्पण की मुक्त कंठ से सराहना की।

# कांस्टेबल भागचंद सैनी के सनसनीखेज जघन्य हत्याकांड का खुलासा

**रात्रि गश्त पर कांस्टेबल की हत्या के आरोप में ट्रक (ट्रेलर) चालक जीजा-साला गिरफ्तार, शिकार के दौरान विवाद बना मौत की वजह-टोपीदार बंदूक से फायर कर हत्या**

## महज 12 घंटे में पुलिस को मिली बड़ी सफलता

स्मार्ट हलचल

टोंक/उनियारा। जिले के उनियारा सर्किल अंतर्गत बनेठा थाना क्षेत्र के ककोड़ इलाके में 2 मई शनिवार-रविवार मध्य रात्रि को रूपवास मोड़ के पास हुए कांस्टेबल भागचंद सैनी चर्चित हत्याकांड मामले में टोंक पुलिस की चार अलग-अलग गठित टीमों ने त्वरित और प्रभावी कार्रवाई करते हुए महज 12 घंटे के भीतर पूरे मामले का खुलासा कर दिया।

### साक्ष्य मिटाने की कोशिश और फरारी

हत्या के बाद दोनों आरोपियों ने साक्ष्य मिटाने का प्रयास करते हुए सरकारी बाईक को लाश के पास ही पटक दिया और मृतक सिपाही का मोबाईल फोन भी छीनकर अपने साथ ले गए, ताकि पहचान और लोकेशन से बचा जा सके। घटना के बाद आरोपी पास के गांव मोटीस की झोपड़ियां में रातभर रुके और रविवार सुबह होते ही जयपुर जिले के चंदवाजी-शाहपुरा क्षेत्र की ओर फरार हो गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। जिला पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार मीणा एफएसएल टीम के साथ मौके पर पहुंचे और शव को पोस्टमार्टम के लिए टोंक के सआदत अस्पताल भिजवाया गया।

### परिजनों का आक्रोश और मांगें

अस्पताल में मृतक के परिजन और समाज के लोग एकत्र हो गए, जिन्होंने आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी, 1 करोड़ से अधिक मुआवजा, सरकारी नौकरी और राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार की मांग को लेकर धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। परिजनों ने शुरूआत में बजरी माफियाओं पर हत्या करने का आरोप लगाते हुए कार्यवाही की मांग की थी, करीब 5 घंटे तक चले गतिरोध के बाद पुलिस और प्रशासन द्वारा समझाइश कर परिजनों से सहमति बनाई गई, जिसके बाद मामला शांत हुआ और पुलिस अधीक्षक ने तुरन्त चार टीमों का गठन कर 24 घंटे के अल्टिमेटम के साथ कार्यवाही शुरू की।



### घटना और वारदात का पूरा घटनाक्रम

जानकारी के अनुसार ककोड़ चौकी पर तैनात कांस्टेबल भागचंद सैनी 2 मई, शनिवार देर रात पुलिस चौकी ककोड से गश्त निकले थे। इसी दौरान गश्त करते हुए उनकी टोकाटोकी बाईक पर सवार दो युवकों से हुई, जो रात्रि में शिकार करने के उद्देश्य से इलाके में घूम रहे थे। कांस्टेबल द्वारा उनके पास बंदूक देखकर रोकते हुए पूछताछ करने पर दोनों पक्षों के बीच आपसी कहासुनी हो गई। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि आरोपियों ने अपने पास रखी टोपीदार बंदूक से मारपीट कर नीचे गिराकर फायर कर दिया, जिससे कांस्टेबल भागचंद सैनी की मौके पर ही तड़प-तड़पकर मौत हो गई। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए।

### पुलिस की कार्रवाई और गिरफ्तारी

मामले की गंभीरता को देखते हुए जिला पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार मीणा के निर्देशन में तुरंत ही चार विशेष टीमों का गठन किया गया। पुलिस की टीमों ने तकनीकी साक्ष्यों, मोबाइल ट्रैकिंग और बीटीएस लोकेशन के आधार पर आरोपियों की तलाश शुरू की। पुलिस ने आरोपी राजेश मीणा के भाई के घर से टोपीदार बंदूक जप्त की तथा भाई की निशानदेही पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस ने दोनों आरोपियों को चंदवाजी (जयपुर) क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान राजेश मीणा निवासी मोटीस की झोपड़ियां (थाना उनियारा, टोंक) तथा दिलराज मीणा निवासी भट्टो का नया गांव (थाना नैनवां, जिला बूंदी) के रूप में हुई है। दोनों आरोपी ट्रक-ट्रेलर चालक हैं और रिश्ते में आपस के जीजा-साला हैं। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त टोपीदार बंदूक, छर्रे व बारूद, एक छुर्रा, स्पलेंडर बाईक आदि बरामद कर लिया है। मामले के खुलासे में जिला स्पेशल टीम सहित तकनीकी आधार पर साईबर सेल टीम के प्रभारी सुरेश चावला सहित उनकी टीम हैड कांस्टेबल राजेश गुर्जर 51, राजेश शर्मा 311 का विशेष योगदान रहा हैं। साथ ही पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार मीणा आईपीएस के निर्देशन में सभी पुलिस अधिकारियों की गठित टीम के समन्वय से इस जघन्य अपराध का खुलासा महज 12 घंटे में किया है, जो सराहनीय हैं।

मामले में मृतक के पिता पूर्व पार्षद कालूराम सैनी निवासी तुम्बीपुरा (थाना सदर टोंक) ने 3 मई को अज्ञात आरोपियों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने प्रकरण में धारा 103(1) और 238(ए) के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की, थानाधिकारी बनेठा भागीरथ सिंह राजावत (पुलिस निरीक्षक) द्वारा मामले की गहन जांच की जा रही है। मामले में अन्य सह संभावित आरोपियों की भूमिका को लेकर भी जांच की जा रही हैं। पुलिस द्वारा मंगलवार को थाना बनेठा पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक टोंक रतनलाल भार्गव, पुलिस उपाधीक्षक उनियारा आकांक्षा चौधरी सहित पुलिस टीम की मौजूदगी में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर मामले का खुलासा किया है।




### पुलिस पर सवाल खड़े करती कार्यवाही-जिसका खुलासे में हवाला नहीं

हालांकि, मामले के खुलासे के बाद कुछ सवाल भी खड़े हो रहे हैं–जैसे कि मृतक सिपाही का मोबाइल बरामद होने की जानकारी आधिकारिक तौर से सार्वजनिक नहीं करना और आरोपियों की गिरफ्तारी से जुड़े कुछ तथ्य स्पष्ट न होना। साथ ही आरोपियों के ट्रक चालक होने की जानकारी भी नहीं दी गई है, जबकि आरोपी ट्रक चलाते हुए चंदवाजी (जयपुर) से गिरफ्तार हुए हैं। वहीं पुलिस द्वारा वारदात में आरोपियों की रिमांड के दौरान हुई मारपीट में हाथ पैरों से वे लंगड़ाते पैरों पर चल रहे थें, जिसके आरोपियों के फोटो व वीडियो भी सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहे हैं, जो एक तरह से मानवाधिकारों, मौलिक अधिकारों सहित जोधपुर हार्डकोर्ट के निर्णय के विपरीत हैं।



### क्षेत्र में चर्चा और पुलिस की बड़ी सफलता

सोमवार को जैसे ही आरोपियों की गिरफ्तारी की खबर सामने आई, मृतक कांस्टेबल के परिजनों में आक्रोश फैल गया।परिजनों ने आरोपियों को कड़ी से कड़ी सजा दिलाने के साथ-साथ फांसी देने की मांग की है। यह मामला न केवल पुलिस के लिए चुनौती बना हुआ था, बल्कि पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय बन गया था। ऐसे में टोंक पुलिस द्वारा महज 12 घंटे में हत्याकांड का खुलासा कर आरोपियों को गिरफ्तार करना एक बड़ी और अहम सफलता माना जा रहा है।

### पुलिस को मिली उपलब्धि

फिर भी, बेहद कम समय महज 12 घंटे में इस जघन्य हत्याकांड का खुलासा कर आरोपियों को गिरफ्तार करना टोंक पुलिस की बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है। यह मामला पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है और लोगों की नजर अब आगे की कानूनी कार्रवाई पर टिकी हुई है।

# गंगापुर की विभिन्न जनसमस्याओं के समाधान हेतु ज्ञापन सौंपा



स्मार्ट हलचल

**गंगापुर।** जागरूक नागरिकों द्वारा बुधवार को नगर पालिका कनिष्ठ अभियंता राम राय मीणा को शहर की विभिन्न जनसमस्याओं के समाधान हेतु ज्ञापन सौंपा गया।

तीन बार नगर पालिका गंगापुर में पार्षद रह चुके बंसीलाल रेगर ने बताया कि गंगापुर नगर वर्तमान में कई गंभीर समस्याओं से जूझ रहा है, जिन पर प्रशासन का ध्यान आकर्षित करना आवश्यक है। प्रमुख समस्याओं में शहर की बिगड़ी हुई सफाई व्यवस्था, जगह-जगह कचरे के ढेर, नालियों का गंदा पानी सड़कों पर बहना तथा इससे उत्पन्न हो रही बीमारियों का खतरा शामिल है।

समाजसेवी रामप्रसाद माली ने बताया कि निराश्रित गोवंश की समस्या भी गंभीर बनी हुई है। शहर में निराश्रित गोवंश सड़कों पर घूम रहे हैं, जिससे दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ रहा है और आमजन को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। गोवंश को गौशाला में शिफ्ट करने एवं उचित व्यवस्था करने की मांग की गई है।

ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि नगर पालिका की कार्यप्रणाली में पारदर्शिता एवं जवाबदेही सुनिश्चित की जाए तथा जनहित से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता दी जाए। साथ ही शहर के श्मशान मे नगर पालिका द्वारा शव दाह के लिए पुनः लकडियां शुरू कराने तथा अन्य आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करने की मांग भी रखी गई। नगर पालिका संचालित गौशाला में हरा चारा फिर से चालू करने की मांग की गई जो कि पिछले 3 महीने से पालिका द्वारा बंद कर दिया गया है गंगापुर में अधिकांश सार्वजनिक शौचालय क्षतिग्रस्त हो चुके हैं उनकी मरम्मत की जावे एवं रेगर मोहल्ला शौचालय को शुरू करने के लिए भी कहा गया

नागरिकों ने प्रशासन से मांग की कि उक्त समस्याओं का शीघ्र समाधान कर आमजन को राहत प्रदान की जाए, अन्यथा आंदोलन करने के लिए बाध्य होना पड़ेगा।

ज्ञापन सौंपने वालों में महेंद्र नौलखा,प्रवीण कुमार, पुखराज सूर्या एवं कई सामाजिक कार्यकर्ता एवं नागरिक उपस्थित रहे।

# सरकारी जमीन से अतिक्रमण हटाकर सार्वजनिक पार्क निर्माण की मांग

स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा

भीलवाड़ा के राजस्व ग्राम मलाण के वार्ड नंबर 66 में निगम ओर नगर विकास न्यास की भूमि आराजी संख्या 291 ओर 292 पर भूमाफियों द्वारा अवैध रूप से अतिक्रमण किया जा रहा है । फर्जी स्टांप बनकर खरीद फरोख्त की जा रही है । इसे लेकर स्थानीय वाशिंदों ने जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर मामले की जांच कर कार्यवाही ओर सरकारी भूमि से अतिक्रमण हटाकर सार्वजनिक पार्क निर्माण की मांग रखी है । ज्ञापन में बताया की इस स्थान पर गंदगी और झाड़ियां होने से असामजिक तत्वों का जमावड़ा लगा रहता है जिससे महिलाओं ओर बच्चों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है । क्षेत्र में बच्चों को खेलने ओर बुजुर्गों के घूमने के लिए उपयुक्त पार्क नहीं है अगर इस जगह सुंदर पार्क का निर्माण होगा तो स्थानीय लोगों को स्वच्छ वातावरण और स्वास्थ्य लाभ मिलेगा । पूर्व में भी यहां अतिक्रमण हुआ था जिसे तत्कालीन जिला कलेक्टर मंजू राजपाल ने अतिक्रमण हटवाया था और कई अवैध कब्जे ध्वस्त किए थे । मोहल्लेवासियों ने 19 नवंबर 2018 में नगर परिषद को ज्ञापन देकर यहां से पुनः अतिक्रमण हटाने ओर पार्क निर्माण के लिए ज्ञापन दिया था तत्कालीन अधिकारियों ने कार्यवाही करते हुए अतिक्रमण हटवा दिया था। इस भूमि पर पूर्व विधायक विट्ठल शंकर अवस्थी ने विधायक मद से 2018 में 5 लाख रु कबूतर खाने के लिए स्वीकृत किए थे साथ ही बाउंड्रीवाल के लिए भी राशि स्वीकृत की थी जिसका कार्य आज तक शुरू नहीं हुआ । स्थानीय वाशिंदों ने जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर उक्त भूमि से अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही कर, साफ सफाई करवाते हुए पार्क विकसित करने की मांग की है।

## आईपीएल सट्टे पर भीलवाड़ा पुलिस का बड़ा शिकंजा

# 34 मोबाइल, 4 लैपटॉप, टैबलेट व 1.81 लाख कैश बरामद, तीन गिरफ्तार

स्मार्ट हलचल| भीलवाड़ा

जिले में ऑनलाइन आईपीएल सट्टे के खिलाफ पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए दो अलग-अलग ठिकानों पर दबिश देकर संगठित सट्टा रैकेट का भंडाफोड़ किया है। कार्रवाई में 34 मोबाइल, 4 लैपटॉप, 2 टैबलेट, 3 पेन ड्राइव, नोट गिनने की मशीन और 1.81 लाख रुपये नकद जब्त किए गए हैं। पुलिस ने मौके से तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

जिला पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पारसमल जैन के मार्गदर्शन और शहर वृत्ताधिकारी सज्जन सिंह के सुपरविजन में डीएसटी और प्रतापनगर थाना पुलिस की संयुक्त टीम ने यह कार्रवाई की।

पुलिस को सूचना मिली थी कि चन्द्रशेखर आजाद नगर स्थित दो मकानों में आईपीएल मैच (चेन्नई बनाम दिल्ली) पर ऑनलाइन सट्टा संचालित किया जा रहा है। सूचना की पुष्टि के बाद पुलिस टीम ने दोनों ठिकानों पर एक साथ छापा मारा।

पहले मकान से मोबाइल, लैपटॉप, डायरी, रजिस्टर और सट्टे का पूरा हिसाब-किताब बरामद हुआ, जबकि दूसरे ठिकाने से बड़ी संख्या में मोबाइल, लैपटॉप और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जब्त किए गए।

कार्रवाई में शुभम न्याति, लक्ष्मण दुलानी और रवि शंकर मोदी को गिरफ्तार किया गया है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि आरोपी ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के जरिए करोड़ों रुपये का सट्टा संचालन कर रहे थे।

पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ बीएनएस, जुआ अधिनियम और आईटी एक्ट की धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। साथ ही सट्टे के नेटवर्क और अन्य जुड़े लोगों की तलाश भी जारी है।

### ये हुए गिरफ्तार

1. शुभम न्याति पुत्र सुनिल न्याति उम्र 27 साल निवासी म.न. 7बी14 चन्द्रशेखर आजादनगर भीलवाडा पुलिस थाना प्रतापनगर जिला भीलवाडा
2. लक्ष्मण दुलानी पुत्र स्व0 राधाकृष्ण दुलानी उम्र 45 साल निवासी मलुसर रोड पहाडगंज अजमेर थाना क्लाक टावर अजमेर हाल किरायेदार सियाराम नगर पवन जी के मकान में चन्द्रबरदाई नगर थाना रामगंज जिला अजमेर,
3. रवि शंकर मोदी पुत्र रमेश चन्द्र जाति माहेश्वरी उम्र 33 साल निवासी ग्राम सबा बराही पोस्ट सिकरोरी तहसील संदिला थाना अतरोली जिला हरदोई उत्तरप्रदेश हाल किरायेदार 7 बी 32 चन्द्रशेखर आजादनगर जिला भीलवाडा।

# भीलवाड़ा से उठी बुलंद आवाज, महिला कांग्रेस का राष्ट्रव्यापी अभियान शुरू

स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा

महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल करते हुए, अल्का लांबा (राष्ट्रीय अध्यक्ष, महिला कांग्रेस) एवं सारिका सिंह (प्रदेश अध्यक्ष, महिला कांग्रेस) के निर्देशानुसार भीलवाड़ा शहर से एक बड़े राष्ट्रव्यापी अभियान की शुरुआत की गई। इस अभियान के तहत महिला कांग्रेस द्वारा देशभर में 33% महिला आरक्षण की मांग को लेकर माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पोस्टकार्ड भेजे जा रहे हैं।

भीलवाड़ा शहर महिला कांग्रेस कमेटी ने इस मुहिम की शुरुआत करते हुए डाक के माध्यम से प्रधानमंत्री को पोस्टकार्ड भेजकर नारी शक्ति वंदन अधिनियम-2023 को तुरंत लागू करने की जोरदार मांग उठाई। इस दौरान महिलाओं में भारी उत्साह और जोश देखने को मिला।



कार्यक्रम में प्रमुख रूप से रेखा हिरण की सक्रिय भूमिका देखने को मिली। रेखा हिरण ने इस अभियान को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया और महिलाओं को एकजुट कर आंदोलन को गति प्रदान की। रेखा हिरण ने कहा कि अब समय आ गया है कि महिलाओं को उनका हक मिले और संसद व विधानसभाओं में उनकी भागीदारी सुनिश्चित हो।

कार्यक्रम में रेखा हिरण की नेतृत्व क्षमता और सक्रियता की हर ओर सराहना की गई। रेखा हिरण के नेतृत्व में यह अभियान और अधिक मजबूत होता नजर आ रहा है।

1 - अधिनियम को तुरंत लागू किया जाए – 'आज करो, अभी करो ' 2 - ओबीसी वर्ग की महिलाओं को भी आरक्षण में शामिल किया जाए

महिला कांग्रेस ने स्पष्ट किया कि उनका उद्देश्य महिलाओं को समान अधिकार, सम्मान और राजनीतिक प्रतिनिधित्व दिलाना है। इस अभियान के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि अब हर वर्ग की महिलाओं को न्याय मिलना चाहिए।

इस कार्यक्रम में महिला कांग्रेस की कई सक्रिय कार्यकर्ताओं ने भाग लिया, जिनमें प्रमुख रूप से रेखाभट्ट, मोनिका क्रिश्चियन, लीला देवड़ा, रूक्मणी धोबी, शमा निरयागर, निक्की बाला अरोड़ा, पूनम लालवानी, राधिका शर्मा, मीना जैन, किरण शर्मा सहित अनेक महिलाएं शामिल रहीं। भीलवाड़ा से शुरू हुआ यह अभियान अब पूरे देश में एक मजबूत आंदोलन का रूप लेता जा रहा है, जिससे आने वाले समय में महिला सशक्तिकरण को नई दिशा मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

# ठेकेदार की हत्या का खुलासा, पांच आरोपी गिरफ्तार

स्मार्ट हलचल | बानसूर।

कस्बे के निर्माणाधीन उप जिला अस्पताल में रविवार रात हुई एसी ठेकेदार की हत्या के मामले का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। इस सनसनीखेज वारदात में ठेकेदार के साथ काम करने वाले युवक ने ही साजिश रचकर अपने साथियों के साथ मिलकर हत्या को अंजाम दिया था। पुलिस ने इस मामले में पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है और हत्या में प्रयुक्त धारदार हथियार भी बरामद कर लिए हैं।जिला पुलिस अधीक्षक सतवीर सिंह ने बताया कि मृतक ठेकेदार रामसिंह, जो फलोदी (जोधपुर) का निवासी था, के साथ काम करने वाले फैजान निवासी रामगढ़ ने ही इस पूरी वारदात की योजना बनाई थी। उसने अपने साथियों को दिल्ली से बुलाया और अस्पताल परिसर में चोरी करने के इरादे से सभी आरोपी लोडिंग वाहन में सवार होकर पहुंचे।

घटना के समय रामसिंह का भतीजा वीरेन्द्र सिंह चौथी मंजिल पर सो रहा था, जबकि फैजान ठेकेदार से करीब 20 मीटर दूर लेटा हुआ था। आरोपियों ने जब स्टोर का ताला तोड़कर चोरी की कोशिश की, तो रामसिंह की नींद खुल गई। उसने विरोध किया, जिस पर आरोपियों ने चाकू और छुरे से उस पर हमला कर दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। वारदात के बाद आरोपी करीब 2 लाख रुपये का सामान चोरी कर फरार हो गए।पुलिस जांच में सामने आया कि मुख्य आरोपी फैजान की कुछ दिनों बाद शादी होने वाली थी और उसे पैसों की जरूरत थी। इसी लालच में उसने इस वारदात को अंजाम देने की योजना बनाई।

# घाटा क्षेत्र में जूणजी बावजी तीन दिवसीय मेले का अतिथियों के हाथों हुआ शुभारंभ



स्मार्ट हलचल

**कनेरा घाटा।** मंगलवार शाम को कनेरा घाटा क्षेत्र में स्थित बडावलीं ग्राम पंचायत में प्रसिद्ध धार्मिक स्थल जूणजी बावजी के यहां प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी तीन दिवसीय मेले का शुभारंभ मुख्य अतिथि भूमि विकास बैंक के चेयरमैन पूर्व विधायक बद्रीलाल जाट और किसान नेता सोहनलाल आंजना के हाथों मोली बंधन खोलकर किया गया। जूणजी बावजी विकास समिति के सदस्य भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष सत्यनारायण शर्मा ने बताया कि तीन दिवसीय मेले के शुभारंभ अवसर पर पूर्व विधायक बद्रीलाल जाट ने सभी को संबोधित करते हुए कहा की मेले हमारी संस्कृति की धरोहर हैं हमें ऐसे मेलों का आयोजन प्रतिवर्ष करते रहना है और सनातन धर्म को सबके कल्याण के लिए मजबूत बनाए रखना है उन्होंने इस अवसर पर सभी मेले में आए भक्तों को पश्चिम बंगाल में भगवा की हुई ऐतिहासिक जीत की बधाई भी दी। इस अवसर पर किसान नेता सोहनलाल आंजना ने भी संबोधित करते हुए कहा कि सदियों से हमारी संस्कृति में मेलों का आयोजन होता आ रहा है हमें धार्मिक स्थलों पर सामाजिक समरसता,सद्भावना और सनातन धर्म की मजबूती के लिए हमेशा काम करते रहना है सभी के कल्याण के लिए सनातन धर्म ही सर्व श्रेष्ठ है, आंजना ने यह भी कहा कि जहां-जहां देश में गंगा निकल रही है वहां वहां भाजपा का भगवा राज यानी की सनातन स्थापित हो चुका है हमें सनातन के माध्यम से जीव मात्र के कल्याण की कामना करनी है। इस अवसर पर जून जी बावजी विकास समिति के अध्यक्ष नाथूलाल कहार, कोषाध्यक्ष बंसीलाल धाकड़, भाजपा मंडल महामंत्री शिवलाल धाकड़, भेरूलाल सेन, यशवंत धाकड़,राजेश गुर्जर सहित समिति के सदस्यों द्वारा अतिथियों और भजन संध्या के कलाकारों का तिलक लगाकर और दुपट्टा पहना कर स्वागत किया। देर रात तक चली भजन संध्या में सांवलिया सेठ,कृष्ण भगवान, मातेश्वरी और जूणजी बावजी के भजनों का हजारों महिला पुरुष भक्तों ने खूब आनंद लिया। मेले का समापन गुरुवार को होगा।

# आसीन्द के वैकुण्ठ धाम में कृष्ण जन्मोत्सव पर उमड़ा जनसैलाब

स्मार्ट हलचल

**आसीन्द (भीलवाड़ा)।** राजस्थान की पावन धरा के भीलवाड़ा जनपद अंतर्गत आसीन्द क्षेत्र में स्थित सुप्रसिद्ध अंतर्राष्ट्रीय तीर्थ स्थल बैकुण्ठ धाम, बरनाघर में 03 मई से 09 मई 2026 तक आयोजित सप्त दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा महोत्सव में भक्ति और आनंद का चरमोत्कर्ष देखने को मिला। कथा के विशेष सत्र के दौरान अंतर्राष्ट्रीय कथावाचक अनमोल श्री जी ने जब भगवान श्री कृष्ण के अवतार, उनके जन्म की परिस्थितियों और कारागार में प्रभु के प्राकट्य का प्रसंग सुनाया, तो समूचा पांडाल जय कन्हैया लाल की के नारों से गूँज उठा।

इस दिव्य प्रसंग को सुनने और बाल कृष्ण के दर्शन के लिए वैकुण्ठ धाम में श्रद्धालुओं का महाकुंभ उमड़ पड़ा।

अधर्म के विनाश और प्रेम की स्थापना के लिए हुआ कृष्ण अवतारः अनमोल श्री कथा का वाचन करते हुए अनमोल श्री जी ने बताया कि भगवान श्री कृष्ण का अवतार केवल कंस जैसे असुरों के संहार के लिए नहीं, बल्कि संसार को प्रेम, कर्म और धर्म का मार्ग दिखाने के लिए हुआ था। उन्होंने बड़े ही सुंदर ढंग से समझाया कि वासुदेव जी द्वारा नन्हे कान्हा को टोकरी में लेकर यमुना पार करना और गोकुल में खुशियां मनाना, जीव की परमात्मा के प्रति अटूट आस्था का प्रतीक है। अनमोल श्री जी ने कहा कि कृष्ण का चरित्र हमें विषम परिस्थितियों में भी मुस्कुराते हुए कर्तव्य पथ पर आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है।



### 03 से 09 मई तक भक्ति के रंग में रंगा बरनाघर

03 मई से शुरू हुए इस सात दिवसीय आध्यात्मिक समागम में प्रतिदिन हजारों की संख्या में भक्त वैकुण्ठ धाम पहुँच रहे हैं। महन्त श्री सुरेशदासजी महाराज के दिव्य सानिध्य में आयोजित यह महोत्सव 09 मई तक चलेगा। भीषण गर्मी के बावजूद श्रद्धालुओं के उत्साह में कोई कमी नहीं आई है। पांडाल का हर कोना भक्तों की उपस्थिति से खचाखच भरा हुआ है और चहुं ओर भक्ति की अविरल धारा बह रही है।

### नन्दोत्सव पर झूमे श्रद्धालु और हुई पुष्प वर्षा

जैसे ही भगवान कृष्ण के जन्म का प्रसंग आया और बाल स्वरूप की दिव्य झांकी पांडाल में पहुंची, भक्तों ने खड़े होकर पुष्प वर्षा की। चारों ओर अबीर-गुलाल उड़ने लगा और श्रद्धालु झूमने-नाचने लगे। उपस्थित भक्तों का कहना है कि अनमोल श्री जी की वाणी और मधुर भजनों ने ऐसा माहौल बना दिया मानो साक्षात गोकुल धाम का उत्सव आसीन्द की धरा पर उतर आया हो। माखन-मिश्री का प्रसाद पाकर भक्त कृतार्थ हो गए।

### डिजिटल माध्यम से लाखों भक्तों ने किया कृष्ण जन्म के दर्शन

इस भव्य आयोजन की गूँज भीलवाड़ा से निकलकर वैश्विक स्तर तक पहुँच रही है। अनमोल श्री जी के आधिकारिक यूट्यूब चैनलों और फेसबुक पेज पर इस कथा का सीधा प्रसारण देखा जा रहा है। 03 मई से अब तक लाखों श्रद्धालुओं ने डिजिटल माध्यम से इस ज्ञान गंगा का लाभ उठाया है। लोग सोशल मीडिया पर कमेंट्स के माध्यम से इस पावन आयोजन और अनमोल श्री जी के दिव्य विचारों की जमकर सराहना कर रहे हैं।

### आयोजन समिति की व्यवस्थाएं और अपील

वैकुण्ठ धाम मंदिर ट्रस्ट और आयोजन समिति ने इस सात दिवसीय अनुष्ठान के लिए व्यापक प्रबंध किए हैं। शुद्ध पेयजल, बैठने की उत्तम व्यवस्था और सुरक्षा के पुख्ता इंतजामों के कारण श्रद्धालुओं को कोई असुविधा नहीं हो रही है। समिति ने समस्त क्षेत्रवासियों से विनम्र अपील की है कि वे 09 मई तक चलने वाली इस कथा का अधिक से अधिक लाभ उठाएं और समापन के दिन होने वाले विशाल भंडारे में शामिल होकर महाप्रसाद ग्रहण करें।

# डिप्टी ने किया मौका मुआयना, फिर भी खाली हाथ पुलिस 7 बढ़ती वारदातों से सहमा कस्बा

## बेखौफ बदमाश, बेबस पुलिस! 5वें दिन भी नहीं खुली लूट की गुत्थी

स्मार्ट हलचल



**हरनावदाशाहजी।** कस्बे के कुशवाह मोहल्ले में हुई सनसनीखेज लूट की वारदात को बुधवार को पांच दिन बीत जाने के बावजूद पुलिस अब तक किसी ठोस सुराग तक नहीं पहुंच सकी है। घटना के बाद से क्षेत्र में भय और आक्रोश का माहौल बना हुआ है। वहीं लगातार बढ़ रही चोरी और लूट की वारदातों ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

बुधवार शाम छबड़ा डिप्टी ताराचंद वर्मा ने घटनास्थल पर पहुंचकर मौका मुआयना किया और पुलिस टीम से अब तक की जांच की जानकारी ली। उन्होंने आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी के निर्देश दिए, लेकिन इसके बावजूद पुलिस के हाथ अब भी खाली हैं।

इससे पहले मंगलवार को बढ़ते जनाक्रोश के बीच छबड़ा-छीपाबड़ौद के पूर्व विधायक करण सिंह राठौड़ के नेतृत्व में बड़ी संख्या में ग्रामीणों और व्यापारियों ने घटनास्थल पर पहुंचकर थानाधिकारी के नाम एएसआई डालूराम गुर्जर को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान सीआई को मौके पर बुलाने की मांग की गई, लेकिन उनके नहीं पहुंचने से लोगों में नाराजगी और बढ़ गई।

पूर्व विधायक राठौड़ ने पुलिस अधीक्षक (एसपी) से फोन पर वार्ता कर मामले के शीघ्र खुलासे की मांग की। पुलिस के सुस्त रवैए के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई और चेतावनी दी गई कि यदि 15 दिन के भीतर लूट का खुलासा नहीं हुआ तो उग्र आंदोलन किया जाएगा।

ज्ञापन में बताया गया कि कुछ दिन पूर्व कुशवाह मोहल्ले में नकाबपोश बदमाशों ने एक घर में घुसकर परिवार को बंधक बनाया, मारपीट की और सोने-चांदी के जेवर सहित करीब ढाई लाख रुपए की लूट कर फरार हो गए।

### सीसीटीवी फुटेज बना अहम सुराग, फिर भी गिरफ्त से दूर

मोहल्ले में लगे सीसीटीवी कैमरों में तीन नकाबपोश संदिग्ध कैद हुए हैं। फुटेज में बदमाश घटना के बाद एक गली से होते हुए बाजार की ओर भागते नजर आ रहे हैं। राधाकृष्ण मंदिर क्षेत्र में भी उनकी गतिविधियां सामने आई हैं, लेकिन पुलिस अब तक उनकी पहचान नहीं कर सकी है।

### लगातार बढ़ रही वारदातें, नहीं कोई खुलासा

कस्बे और आसपास के क्षेत्रों में चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। खेतों से पानी की मोटर चोरी, बस स्टैंड स्थित ढाबे पर चोरी, नयागांव बंजारी में दीवार तोड़कर चोरी, सूने मकानों के ताले तोड़ना, बीच बाजार से तेल का टीन उठाना, बाइक और मोबाइल चोरी जैसी कई वारदातें सामने आ चुकी हैं, लेकिन इनका भी अब तक कोई खुलासा नहीं हो पाया है।

लगातार बढ़ती वारदातों और धीमी पुलिस कार्रवाई के चलते कस्बे में असुरक्षा का माहौल गहराता जा रहा है। अब सबकी नजरें पुलिस की अगली कार्रवाई और इस लूट के खुलासे पर टिकी हैं।

# सुनेल में 'जहरीला' हुआ नल का पानी—बदबूदार सप्लाई से फैला आक्रोश, बीमारियों की आशंका

स्मार्ट हलचल|सुनेल

सुनेल कस्बे में इन दिनों पेयजल व्यवस्था पूरी तरह चरमराई हुई नजर आ रही है। कस्बे के कई मोहल्लों में नलों से गंदा, बदबूदार और दूषित पानी सप्लाई हो रहा है, जिससे आमजन का जीवन प्रभावित हो गया है। हालात इतने बिगड़ चुके हैं कि यह पानी उपयोग के लायक भी नहीं रह गया है। भीषण गर्मी के बीच जहां पानी की मांग बढ़ गई है, वहीं जलदाय विभाग की लापरवाही ने समस्या को और गंभीर बना दिया है। नवलपुरा मोहल्ला सहित कई क्षेत्रों में लोगों को साफ पेयजल नसीब नहीं हो रहा। मजबूरी में लोग दूषित पानी का उपयोग कर रहे हैं, जिससे पेट व संक्रमण संबंधी बीमारियों का खतरा बढ़ गया है।

कस्बे वासियों के अनुसार, कस्बे में जगह-जगह पाइपलाइन लीकेज होने के कारण गंदा और बदबूदार पानी सप्लाई में मिल रहा है। कई घरों में नलों से निकलने वाला पानी पीले रंग का और दुर्गंधयुक्त है, जिसे देखकर लोग चिंतित और आक्रोशित हैं। कस्बेवासियों का कहना है कि इस गंभीर समस्या को लेकर कई बार विभाग को अवगत कराया गया, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। विभाग की उदासीनता के चलते लोगों का गुस्सा अब खुलकर सामने आने लगा है। अधिकारी बदलते ही समस्याएं फाइलों में दफन हो जाती है लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही समस्या का समाधान नहीं किया गया और साफ पानी की नियमित आपूर्ति शुरू नहीं हुई, तो वे आंदोलन का रास्ता अपनाने को मजबूर होंगे।

सहायक अभियंता, पीएचईडी सुनेल राजेश कुमार ने बताया कि एक दिन के शटडाउन के कारण पानी की सप्लाई प्रभावित हुई थी। यदि कहीं गंदा पानी आ रहा है, तो संबंधित पाइपलाइनों की जांच कर उन्हें शीघ्र दुरुस्त कराया जाएगा।



# कम वोल्टेज एवं बिजली आपूर्ति को लेकर ग्रामीण परेशान, जनजीवन प्रभावित



स्मार्ट हलचल|लाखेरी

उपखंड क्षेत्र के देईखेड़ा की रेल्वे पार की बस्ती चक मालिक पूरा के ग्रामीणों ने बिजली आपूर्ति में आ रही समस्याओं को लेकर विभाग के सहायक अभियन्ता लाखेरी को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में बस्ती के उपभोक्ताओं ने नियमित व सुचारू विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए फीडर बदलने की मांग उठाई है। ग्रामीण मुकेश मीणा, प्रह्लाद मीणा, रमेश गुर्जर, रघुनंदन गौतम आदि ग्रामीणों ने अधिशासी अभियंता संदीप मालवीय के नाम सहायक अभियंता लाखेरी श्रीलाल जाटव को सोपे ज्ञापन में बताया कि वर्तमान में बस्ती व घाट का बराणा स्टेशन में बिजली आपूर्ति छप्पन पूरा फीडर से की जा रही है, जिस पर बहुत लंबी लाइन व आधा दर्जन गांवों की आपूर्ति का भार होने के कारण बार-बार बाधित हो रही है। इससे आमजन के साथ-साथ किसानों को भी भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। विशेष रूप से गर्मी के मौसम में लंबे समय तक बिजली कटौती से जनजीवन प्रभावित हो रहा है। ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि मौजूदा फीडर पर अधिक भार होने के कारण कम वोल्टेज की समस्या बनी रहती है, जिससे घरेलू उपकरण भी प्रभावित हो रहे हैं। ग्रामीणों ने स्थिति को देखते हुए बस्ती की बिजली आपूर्ति को वर्तमान फीडर से हटा कर नोताडा फीडर से जोड़ने की मांग की गई, ताकि बिजली आपूर्ति सुचारू हो सके। ज्ञापन पर क्षेत्र के कई लोगों के हस्ताक्षर भी किए गए हैं।

# कोटा विश्वविद्यालय में संपदा विभाग भवन का भूमि पूजन

## कुलगुरु भगवती प्रसाद सारस्वत ने किया संपदा भवन का भूमि पूजन, गुणवत्ता व समयबद्ध निर्माण के दिए निर्देश

स्मार्ट हलचल|कोटा

उच्च शिक्षा के क्षेत्र में अधोसंरचना सुदृढ़ीकरण की दिशा में कोटा विश्वविद्यालय ने बुधवार को एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए विश्वविद्यालय परिसर में संपदा विभाग भवन के निर्माण हेतु भूमि पूजन कार्यक्रम वैदिक रीति-रिवाजों के साथ संपन्न हुआ।

संपदा अधिकारी संजीव कुमार दुबे ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः शुभ मुहूर्त में गणेश वंदना एवं विधिवत पूजन,विद्वान पंडितों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के बीच किया गया। भूमि पूजन ,विश्वविद्यालय के कुलगुरु भगवती प्रसाद सारस्वत के कर-कमलों से सम्पन्न हुआ।



इस अवसर पर कुलगुरु प्रो. बी.पी. सारस्वत ने कहा कि विश्वविद्यालय की बढ़ती शैक्षणिक एवं प्रशासनिक आवश्यकताओं को देखते हुए आधुनिक एवं सुव्यवर्वस्थत अधोसंरचना का विकास अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कार्यकारी एजेंसी राजस्थान राज्य सड़क विकास एवं निर्माण निगम के अधिकारियों एवं संवेदक को निर्देशित किया कि निर्माण कार्य उच्च गुणवत्ता मानकों के साथ निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण किया जाए।

कार्यक्रम में आरएसआरडीसी के परियोजना निदेशक राजकुमार राजोरिया एवं विश्वविद्यालय के संपदा अधिकारी संजीव कुमार दुबे ने कुलगुरु का स्वागत किया। इस अवसर पर प्रो. ओ.पी. ऋषि, प्रो. भवानी सिंह, प्रो. घनश्याम शर्मा, प्रो. जे.पी. शर्मा, परीक्षा नियंत्रक प्रवीण भार्गव सहित कई शिक्षाविद, अधिकारी, कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# बैरवा ढाणी में अवैध शराब दुकान के खिलाफ प्रदर्शन, पुलिस पहुंचने से पहले विक्रेता माल लेकर फरार



स्मार्ट हलचल | बांदीकुई

सुमेल कला बैरवा ढाणी में महिला-पुरुषों ने अवैध शराब की दुकान के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। ग्रामीणों के विरोध की सूचना मिलते ही शराब विक्रेता मौके से माल लेकर फरार हो गया। यह दुकान एक कैंटर में रखकर संचालित की जा रही थी।ग्रामीणों ने बताया कि अवैध शराब का यह ठेका गांव के पास ही स्थित है। इसके नजदीक स्कूल, सड़क, मंदिर और पशु अस्पताल भी है। ग्रामीणों का आरोप लगाया कि यहां असामाजिक तत्व पूरे दिन मंडराते रहते हैं, जिससे किसी बड़ी घटना का खतरा बना रहता है। कैलाश डीलर और सरदार वकील सहित अन्य ग्रामीणों ने बताया कि वे गांव-गांव में शराब के ठेकों का विरोध कर उन्हें बंद करवाने के लिए लामबंद हो रहे हैं। पहले में भी डेढ़ साल पहले ठेका खोला गया था जिससे ग्रामीणों ने बंद कर दिया।सूचना मिलने पर कोलवा पुलिस भी मौके पर पहुंची। पुलिस ने ग्रामीणों को समझा-बुझाकर घर भेजा और आश्वासन दिया कि अवैध शराब की दुकान को संचालित नहीं होने दिया जाएगा।ग्रामीण महिलाओं ने बताया कि अवैध शराब की बिक्री दो दिन पहले ही शुरू हुई थी। इससे गांव के बच्चों और पुरुषों पर गलत प्रभाव पड़ रहा है, और शराब पीकर पुरुष महिलाओं के साथ मारपीट भी करते हैं। प्रदर्शन में वार्ड मेंबर महेंद्र नागर, शिव सहाय, जयसिंह, मुनेश, दिनेश, जवान, मानसिंह, प्रभु, गीता कानपुरी, प्रेम , ऊगनत, गुड्डी, सोना, बच्ची, माया, सुमन, लाली और ललिता सहित कई ग्रामीण शामिल हुए।

## विशेष निरोधात्मक अभियानः आबकारी आयुक्त के निर्देशन में कार्रवाई

# प्रदेश में 1 लाख 40 हजार 402 लीटर वॉश नष्ट, अवैध शराब से जुड़े 172 हुए गिरफ्तार - 633 अभियोग दर्ज

स्मार्ट हलचल |उदयपुर

आबकारी आयुक्त नमित मेहता के निर्देशानुसार प्रदेश में अवैध मदिरा निर्माण, भण्डारण, परिवहन एवं विक्रय पर रोकथाम के लिए जारी विशेष निरोधात्मक अभियान के तहत नाकाबंदी, गश्त, रेड की प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। प्रदेश के विभिन्न जिलों में अवैध मदिरा जब्त करते हुए हजारों लीटर वॉश नंष्ट कर अभियोग दर्ज किए।

आबकारी आयुक्त नमित मेहता के निर्देशन में प्रदेश में विशेष निरोधात्मक अभियान के तहत 1 से 5 मई 2026 तक विभिन्न कार्रवाई के तहत 633 अभियोग दर्ज किए गए है। प्रदेश में 8 लाख 52 हजार 638 रूपए लागत की 3169 लीटर देशी मदिरा, 7 लाख 96 हजार 310 रूपए की 798 लीटर भारत निर्मित विदेशी मदिरा, 2 लाख 62 हजार 295 रूपए की 1199.45 लीटर बीयर एवं 3698.5 लीटर हथकड़ शराब जब्त की गई है। इसी क्रम में एक लाख 40 हजार 402 लीटर वॉश नष्ट किया गया है। प्रदेष में अभियान के दौरान एक चार पहिया एवं 8 दुपहिया वाहन सहित 9 वाहन जब्त करते हुए 172 व्यक्तियों का गिरफ्तार किया गया है।

**अवैध शराब पर कार्रवाई**

आबकारी आयुक्त नमित मेहता के निर्देशन में विशेष निरोधात्मक अभियान के तहत जीरो टोलरेंस की नीति अपनाते हुए अन्य राज्य की शराब की तस्करी, अवैध मदिरा के परिवहन व विक्रय पर आबकारी निरोधक टीमों द्वारा प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। उदयपुर में आबकारी थाना शहर ने कार्रवाई करते हुए 120 टीन गोडफादर बीयर के बरामद करते हुए अभियोग दर्ज किया। प्रकरण में अग्रिम कार्यवाही की जा रही है। आबकारी निरीक्षक पूर्व व पश्चिम ने 8 कार्टन में 192 केन गोडफादर बीयर के बरामद कर दो अभियुक्तों को मौके से गिरफ्तार किया। आबकारी टीम गोगुन्दा ने 2 हजार लीटर वॉश नष्ट करते हुए 2 अभियोग दर्ज किए। आबकारी थाना खेरवाड़ा की कार्रवाई में 1200 लीटर वॉश नष्ट कर 62 लीटर अवैध मदिरा जब्त की गई। चित्तौड़गढ़ जिले में आबकारी थाना क्षेत्र चित्तौड़गढ़, डूंगला, निम्बाहेड़ा, बेगूं में अवैध शराब के विरूद्ध दबिश कार्रवाई में 9444 देषी पव्वे, देशी मदिरा बोतल 12, विदेशी मदिरा बोतल 104, विदेषी मदिरा बोतल 1141, बीयर बोतल 948, बीयर केन 256, हथकड़ शराब 15 बोतल बरामद करते हुए 600 लीटर वॉश एवं 7 भट्टियां नष्ट की गई। बांसवाड़ा में स्कूटी पर 20 बोतल अवैध हथकड़ शराब परिवहन करने पर एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर अभियोग दर्ज किया। बांसवाड़ा के होटल हांडी में दबिश की कार्रवाई में 32 पव्वे देषी शराब के बरामद किए। प्रतापगढ़ के छोटीसादड़ी में ग्राम लालपुरा, बम्बोरा, पीलीखेड़ा, अखेपुर में दबिश देकर 1250 लीटर वॉष नष्ट करते हुए 15 लीटर हथकड़ शराब जब्त की गई। हनुमानगढ़ में ईपीएफ दल ने अमरपुरा थेड़ी, मक्कासर में 2400 लीटर वॉश नष्ट कर 9 अभियोग दर्ज किए। नोहर, भादरा, संगरिया और हनुमानगढ़ ईपीएफ दल की देबुघाट, गंगाघाट, गंगागढ़ क्षेत्र में संयुक्त कार्रवाई में 4500 लीटर वॉष एवं 8 कच्ची भट्टियां नष्ट की गई।

इसी प्रकार अलवर में मोटरसाईकल पर अवैध मदिरा के परिवहन पर कार्रवाई करते हुए 6 अभियोग दर्ज किए गए। बीकानेर जोन के तहत बीकानेर शहर, खाजूवाला, चूरू के राजगढ़, रतनगढ़, श्रीगंगानगर के श्रीकरणपुर व अनूपगढ़ में विभिन्न कार्रवाई के तहत 13 अभियोग दर्ज कर देशी शराब के 178 पव्वे, बीयर बोतल 9, अवैध हथकड़ शराब 72 लीटर जब्त की गई एवं 5100 लीटर वॉष सहित 8 भट्टियां भी नष्ट की गई। झालावाड़ में ईपीएफ टीम अकलेरा, झालावाड़ ने क्रमषः 56 व 52 लीटर हथकड़ शराब बरामद कर 2100 लीटर वॉष नष्ट किया। आबकारी निरीक्षक भवानीमंडी, चैमहला ने मदिरा दुकानों का निरीक्षण कर अनुज्ञापत्रों के शर्तों के उल्लंघन के अभियोग दर्ज किए। जोधपुर ईपीएफ क्षेत्र लूनी, सरदारपुरा, जोधपुर शहर, पिपाड़, फलोदी एवं औसियां में दबिष देते हुए 2 चालू भट्टी सहित 750 लीटर वॉष नष्ट कर 9 अभियोग दर्ज किए। बाड़मेर बालोतरा, चैहटन एवं बाड़मेर ईपीएफ थाना क्षेत्र में 8 केस दर्ज करते हुए 100 लीटर वॉष नष्ट करने सहित अवैध मदिरा पर कार्रवाई की गई। भरतपुर व डीग में आबकारी दल की विभिन्न कार्रवाई में 11150 लीटर वॉष एवं 11 भट्टियां नष्ट की गई साथ ही 4 अभियोग दर्ज कर 220 लीटर हथकड़ शराब एवं एक मोटरसाईकल जब्त की गई। दौसा में बांदीकुई, लालसोट के गांवों में दबिष देकर 4500 लीटर वॉष नष्ट कर 109 लीटर हथकड़ शराब बरामद की गई। अजमेर में आबकारी दल की विभिन्न कार्रवाई में 36 अभियोग दर्ज करते हुए 14 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया।

प्रदेष के समस्त जिलों में भी विषेष निरोधात्मक अभियान के तहत नाकाबंदी, दबिश व सघन गष्त की जा रही है। प्रदेष में समस्त अतिरिक्त आबकारी आयुक्त जोन, आबकारी उपायुक्त, जिला आबकारी अधिकारी, आबकारी निरीक्षक एवं आबकारी निरोधक दल द्वारा अवैध मदिरा के विरूद्ध जीरो टोलरेंस की नीति के तहत कार्यवाही की जा रही है।

# विधालय प्रबन्ध समिति की बैठक में बच्चों के नामांकन एव उपस्थित पर दिया जोर

स्मार्ट हलचल

**सैफई।** विकासखंड सैफई के अंतर्गत आने वाले सभी परिषदीय विद्यालयों में मई माह के प्रथम बुधवार को विद्यालय प्रबंध समिति (एसएमसी) की मासिक बैठक का आयोजन किया गया। इस क्रम में कुल 134 विद्यालयों में बैठकें संपन्न हुईं, जिसमें एसएमसी के 11 अभिवावक सदस्य एवं अन्य नामित पदाधिकारियों सहित सभी सदस्यों ने सक्रिय भागीदारी निभाई।

बैठकों में शिक्षा विभाग द्वारा पूर्व निर्धारित एजेंडा के विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। विभाग की ओर से बैठक का एजेंडा एक दिन पूर्व सभी विद्यालयों द्वारा जारी किया गया था, ताकि सदस्यों की प्रभावी सहभागिता सुनिश्चित की जा सके।

चर्चा के प्रमुख विषयों में स्कूल चलो अभियान, बच्चों की नियमित उपस्थिति एवं ठहराव, डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी) के लिए विद्यार्थियों का सत्यापन, जन्म प्रमाण पत्र बनवाने की प्रक्रिया तथा आधार पंजीकरण शामिल रहे। इसके साथ ही उल्लास कार्यक्रम के अंतर्गत निरक्षर व्यक्तियों के चिन्हांकन, दिव्यांग बच्चों की पहचान एवं उन्हें मिलने वाली सुविधाओं पर भी विशेष रूप से विचार-विमर्श किया गया। विद्यालयों में शैक्षिक गुणबत्ता बढ़ाने के लिए उपलब्ध बुनियादी सुविधाओं, खेलकूद गतिविधियों, लर्निंग कॉर्नर तथा टीएलएम (शिक्षण-अधिगम सामग्री) के बेहतर उपयोग को लेकर भी विस्तार से चर्चा हुई। इसके अतिरिक्त बढ़ती गर्मी को देखते हुए हीट वेव से बचाव के उपाय, संचारी रोगों की रोकथाम तथा इको क्लब के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण से जुड़ी गतिविधियों को प्रभावी ढंग से संचालित करने पर जोर दिया गया।

# रात्रि चौपाल में जिला कलक्टर ने सुनी समस्याएं, मौके पर किया समाधान

स्मार्ट हलचल| बूंदी

ग्रामीणजनों की समस्याओं का गांव में ही समाधान करने के लिए मंगलवार को हिण्डोली उपखंड के दबलाना ग्राम पंचायत मुख्यालय पर आयोजित रात्रि चौपाल में जिला कलक्टर हरफूल सिंह यादव ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को उनके त्वरित समाधान के निर्देश दिए। चौपाल के दौरान जिला कलक्टर ने सरकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि ग्राम रथों के माध्यम से दी जा रही राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों के लिए काफी मददगार हैं। ग्रामीणजन आगे आएं, योजनाओं की पूरी जानकारी लें और इनका ज्यादा से ज्यादा लाभ उठाएं।



रात्रि चौपाल में जिला कलक्टर ने निर्देश दिए कि पुराने पीएचसी चिकित्सालय भवन को समीप ही स्थित स्कूल को हैंडओवर किया जाए। इसके अलावा, लोधा का झोपड़ा स्कूल में नए कक्षा-कक्षों के निर्माण और प्राथमिक विद्यालय आकोलिया को क्रमोन्नत करने के लिए जल्द प्रस्ताव तैयार कर भिजवाए जाएं। जिला कलक्टर ने कहा कि स्टेट हाईवे से लोधा का झोपड़ा जाने वाले रास्ते के मोड़ की चौड़ाई बढ़ाने के लिए तहसीलदार खुद मौका मुआयना कर कार्रवाई करें। साथ ही, स्टेट हाईवे 138-डी पर हो रहे गड्ढों को तुरंत भरवाकर दुरुस्त किया जाए। मेज नदी पुलिया पर बंद पड़ी लाइटें तत्काल शुरू करवाई जाएं। आकोलिया चारागाह भूमि से तुरंत अतिक्रमण हटाया जाएं। मनरेगा कार्यों में जहां भी रास्तों को लेकर विवाद हैं, वहां तहसीलदार स्वयं पहुंचकर मामले का समाधान करवाएं।

## पीएम सूर्यघर योजना में ग्रामीणों ने किए आवेदन

जिला कलक्टर ने ग्रामीणों से 'पीएम सूर्यघर योजना' का अधिकाधिक लाभ उठाने की अपील की। इस अपील का असर भी हाथों हाथ देखने को मिला और चौपाल में ही 5 ग्रामीणों ने योजना के तहत अपना आवेदन जमा करवा दिया। इस दौरान विद्युत निगम के सहायक अभियंता ने भी मौजूद ग्रामीणों को योजना के फायदों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। रात्रि चौपाल में अतिरिक्त जिला कलक्टर रामकिशोर मीणा, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी रवि वर्मा, उपखंड अधिकारी हिण्डोली, तहसीलदार हिण्डोली और सम्बन्धित नायब तहसीलदार सहित विभिन्न विभागों के आला अधिकारी मौजूद रहें।

# कोटा डेयरी में 1 करोड़ के विकास कार्यों का लोकार्पण

## इन्फ्रास्ट्रक्चर मजबूत करने की दिशा में बड़ा कदम — अध्यक्ष चैनसिंह राठौड़



स्मार्ट हलचल| कोटा

कोटा-बूंदी जिला दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि. में बुधवार को विकास की नई इबारत लिखी गई, जब कोटा डेयरी परिसर में विभिन्न विकास कार्यों का भव्य लोकार्पण किया गया। संघ के अध्यक्ष चैनसिंह राठौड़ ने फीता काटकर इन परियोजनाओं का शुभारंभ किया।

डेयरी के प्रबंध संचालक दिलखुश मीणा ने बताया कि लगभग एक करोड़ रुपये से अधिक लागत के विकास कार्यों का लोकार्पण अध्यक्ष राठौड़ के कर-कमलों से संपन्न हुआ। इन कार्यों में प्रशासनिक भवन परिसर में लेखा शाखा का विस्तार, डेयरी संयंत्र परिसर में दुग्ध उत्पाद भवन,आधुनिक प्रयोगशाला एवं एगमार्क भवन का निर्माण तथा डेयरी डॉक के विस्तार जैसे महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट शामिल हैं।

इस अवसर पर अध्यक्ष चैनसिंह राठौड़ ने कहा कि डेयरी क्षेत्र में आधारभूत संरचना का सुदृढ़ होना समय की आवश्यकता है। इन विकास कार्यों से न केवल दुग्ध प्रसंस्करण क्षमता में वृद्धि होगी, बल्कि गुणवत्ता नियंत्रण को भी मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि संघ किसानों और दुग्ध उत्पादकों के हितों के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध है तथा भविष्य में भी इसी प्रकार के विकास कार्य निरंतर जारी रहेंगे, जिससे क्षेत्र के दुग्ध व्यवसाय को नई ऊंचाइयां मिल सकें।

कार्यक्रम के दौरान प्रबंध संचालक दिलखुश मीणा, संस्थापना अधिकारी, लेखाधिकारी, पी एंड आई अधिकारी, संयंत्र प्रभारी सहित डेयरी के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने 'ग्राम रथ' से पहुँचाई सरकार की सौगात, किसानों को बांटे लाखों के अनुदान

स्मार्ट हलचल

**ब्यावर।** राजस्थान की उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी बुधवार को ब्यावर जिले के प्रवास पर रहीं, जहाँ उन्होंने जालिया द्वितीय ग्राम में आयोजित 'ग्राम रथ अभियान' में शिरकत की। इस दौरान उन्होंने न केवल सरकार की जनहितकारी योजनाओं की समीक्षा की, बल्कि लाभार्थियों से सीधा संवाद कर उन्हें मिल रहे लाभों की जानकारी भी ली।




### किसानों पर हुई धनवर्षा: बांटे गए स्वीकृति पत्र

कार्यक्रम के दौरान कृषि विभाग की विभिन्न योजनाओं के तहत किसानों को लाखों रुपये के अनुदान वितरित किए गए। प्रमुख लाभार्थियों में शामिल रहे।

रामकुंवार: प्याज भंडारण हेतु 87,500 की सब्सिडी। रामगोपाल: पीएम कुसुम योजना के तहत सोलर पंप हेतु 1,40,432। सुशीला देवी: थ्रेसर मशीन के लिए 1,25,000 का अनुदान। अन्य लाभार्थी: चांदा देवी (ड्रिप सिंचाई), सुरेश कुमार (तारबंदी) और महावीर शर्मा (वर्मी कम्पोस्ट) को भी आर्थिक सहायता प्रदान की गई।

### स्वास्थ्य और महिला सशक्तिकरण पर जोर

उप मुख्यमंत्री ने सामाजिक सुरक्षा के क्षेत्र में आयुष्मान आरोग्य योजना और पीएम वय वंदन योजना के लाभार्थियों से मुलाकात की। 70 वर्षीय दुर्गा देवी को निःशुल्क इलाज और मानुप्रिया को एचपीवी वैक्सीन का लाभ मिलने पर उन्होंने संतोष व्यक्त किया। कार्यक्रम में सोनिया माली को 'लखपति दीदी' के रूप में सम्मानित कर महिला आत्मनिर्भरता का उदाहरण पेश किया गया।

### 'सरकार खुद चलकर आ रही है जनता के द्वार '

जनसभा को संबोधित करते हुए दिया कुमारी ने कहा, 'पहले जनप्रतिनिधि चुनाव के बाद कम नजर आते थे, लेकिन हमारी सरकार 'ग्राम रथ' के माध्यम से आपके गांव तक पहुंच रही है। हमारा लक्ष्य है कि कोई भी पात्र व्यक्ति योजनाओं से वंचित न रहे। '

### क्षेत्र को मिली 2 करोड़ के 'अटल पथ' की सौगात

इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक वीरेंद्र सिंह कानावत ने घोषणा की कि क्षेत्र में 2 करोड़ रुपये की लागत से अटल पथ को मंजूरी मिल गई है, जिसका कार्य जल्द शुरू होगा। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में सड़कों के विकास के लिए 418 करोड़ रुपये के कार्य वर्तमान में प्रगति पर हैं।

### प्रशासनिक उपस्थिति

इस भव्य कार्यक्रम में अतिरिक्त जिला कलेक्टर ब्रह्म लाल जाट, उपखंड अधिकारी दीपशिखा, सरपंच आदित्य कुमार शर्मा सहित भाजपा संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारी और भारी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित रहे। कुल 6 से अधिक कृषि यंत्रों और सुविधाओं पर लाखों का अनुदान। लखपति दीदी और स्वास्थ्य योजनाओं का सफल क्रियान्वयन। अटल पथ जैसी बुनियादी ढांचागत घोषणा।

# रामपुर में लेपर्ड का आतंक, बाड़े में घुसकर बछड़े का किया शिकार



स्मार्ट हलचल | बानसूर

क्षेत्र के रामपुर कस्बे में मंगलवार देर रात एक लेपर्ड ने जांगिड़ मोहल्ले में एक बाड़े में घुसकर बछड़े का शिकार कर लिया। इस घटना के बाद पूरे इलाके में ग्रामीणों के बीच दहशत और चिंता का माहौल बना हुआ है। ग्राम पंचायत प्रशासक मुकेश जिलोवा ने बताया कि यह घटना पवन जांगिड़ के बाड़े में हुई। उन्होंने बताया कि पिछले करीब एक माह से कस्बे के आबादी क्षेत्र में लेपर्ड की लगातार आवाजाही देखी जा रही है, जिससे ग्रामीणों में भय बना हुआ है। ग्रामीणों के अनुसार, कुछ दिन पहले भी लेपर्ड को रात के समय कस्बे की गलियों में घूमते हुए देखा गया था, जिसका सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया था। इसके बाद वन विभाग ने लेपर्ड को पकड़ने के लिए क्षेत्र में पिंजरा लगाया, लेकिन अभी तक उसे पकड़ने में सफलता नहीं मिली है।

घटना की सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम को अवगत करा दिया गया है। ग्रामीणों ने विभाग से मांग की है कि लेपर्ड को जल्द से जल्द पकड़कर सुरक्षित स्थान पर छोड़ा जाए, ताकि क्षेत्र में सामान्य स्थिति बहाल हो सके और लोगों का डर खत्म हो।

# ब्यावर के अग्निवीर युवराज सिंह शहीद: जम्मू-कश्मीर के अखनूर सेक्टर में आतंकियों से मुठभेड़, राजकीय सम्मान के साथ होगा अंतिम संस्कार

स्मार्ट हलचल

**ब्यावर।** जिले के लगेतखेड़ा गांव निवासी युवराज सिंह (26) बुधवार को जम्मू-कश्मीर के अखनूर सेक्टर में आतंकियों से मुठभेड़ के दौरान शहीद हो गए। वे भारतीय सेना में अग्निवीर के रूप में तैनात थे। उनका शव गुरुवार तक आने की संभावना है।



युवराज सिंह की शहादत की खबर मिलते ही पूरे गांव में शोक छा गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। सैकड़ों ग्रामीण शहीद के घर पहुंचकर परिवार को सांत्वना दे रहे हैं। उनके पिता प्रताप सिंह बीजेपी के मंडल अध्यक्ष रह चुके हैं। ग्रामीणों ने बताया कि युवराज सिंह बचपन से ही देश सेवा का जज्बा रखते थे। उन्होंने सेना में भर्ती होकर अपने सपने को साकार किया था। उनकी शहादत से क्षेत्र में गहरा दुख है।

शहीद युवराज सिंह का पार्थिव शरीर परसों गांव लाया जा सकता है। यहां पूरे राजकीय सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा। प्रशासनिक अधिकारी और जनप्रतिनिधि भी अंतिम दर्शन में शामिल हो सकते हैं।

### 4 महीने बाद होने वाले थे रिटायर्ड

शहीद के परिजनों ने बताया- युवराज सिंह 17 फरवरी 2022 भारतीय सेना में अग्निवीर के रूप में भर्ती हुए थे। वे चार महीने बाद रिटायर्ड होकर आने वाले थे। युवराज सिंह 15 फरवरी 2026 को एक महीने की छुट्टी पर गांव आए थे और 19 मार्च 2026 को पुनः ड्यूटी पर गये थे। इस दौरान उन्होंने बताया था कि अब केवल चार महीने की और ड्यूटी बची है। उनके एक छोटा भाई और बहन है।

### परिजनों की एक दिन पहले हुई थी बात

परिजनों ने बताया कि युवराज ने 5 मई की रात ड्यूटी पर जाने से पहले फोन किया था। उसने पूरे परिवार के हाल-चाल भी पूछे थे। परिजनों ने बताया कि बुधवार सुबह 11 बजे फोन किया था, लेकिन फोन बंद आ रहा था।

# घाड़ में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई शुरू: हाईकोर्ट के स्थगन आदेश के बाद प्रशासन को रुकना पड़ा

स्मार्ट हलचल

**घाड़ (देवली), टोंक ।** घाड़ कस्बे के नगरफोर्ट रोड पर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई शुरू की गई, जिसे राजस्थान हाईकोर्ट के स्थगन आदेश के बाद बीच में ही रोकना पड़ा। दूनी तहसीलदार विनोद शर्मा के नेतृत्व में प्रशासन और पुलिस का भारी जाब्ता मौके पर पहुंचा था। मंगलवार को दूनी तहसीलदार विनोद शर्मा, गिरदावर राधेश्याम मीणा और स्थानीय पटवारी की मौजूदगी में यह अभियान चलाया गया। सुरक्षा व्यवस्था के लिए घाड़ थाना प्रभारी हरीराम वर्मा अपने दल के साथ और टोंक लाइन से विशेष पुलिस बल मौके पर तैनात था।



प्रशासनिक टीम ने जेसीबी की मदद से नगरफोर्ट रोड पर स्थित कुछ कच्ची झुग्गी-झोपड़ियों और टिन शेड को ध्वस्त कर दिया। इस अचानक हुई कार्रवाई को देखने के लिए ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा हो गई, जिसे नियंत्रित करने के लिए पुलिस को काफी मशक्कत करनी पड़ी। कार्रवाई के दौरान कुछ स्थानीय निवासियों ने राजस्थान हाईकोर्ट में अपील और स्थगन (स्टे) से संबंधित कानूनी दस्तावेज प्रशासन को दिखाए। इन आदेशों के सामने आते ही प्रशासन की कार्रवाई रोक दी गई और टीम मौके से रवाना हो गई।

यह कार्रवाई कार्यालय तहसीलदार दूनी द्वारा जारी नोटिस (क्रमांक 251) के तहत की जा रही थी। नोटिस के अनुसार, ग्राम घाड़ के खसरा नंबर 1555 (रकबा 6.90 हेक्टेयर), जो राजस्व रिकॉर्ड में 'गैर मुमकिन पहाड़ / सिवायचक' दर्ज है, पर अतिक्रमण हटाने के आदेश दिए गए थे। यह निर्देश जिला कलेक्टर टोंक द्वारा विजय कुमार पहाड़िया बनाम राजस्थान राज्य (रिट याचिका संख्या 19408/2025) मामले के तहत दिए गए थे। फिलहाल, मौके पर स्थिति शांतिपूर्ण बनी हुई है। प्रशासन कानूनी दस्तावेजों की जांच के बाद आगामी रणनीति तय करेगा।

# श्रीराम कथा महोत्सव शुरू,325 कलशों संग निकली यात्रा, पुष्पवर्षा कर श्रद्धालुओं का किया स्वागत



स्मार्ट हलचल| बांदीकुई

क्षेत्र के फूटी कोठी में बुधवार को नौ दिवसीय संगीतमय श्रीराम कथा महोत्सव का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत धांधोलाई शिव मंदिर से कलश यात्रा के साथ हुई। इसमें 325 महिलाओं ने सिर पर कलश धारण कर भाग लिया।कलश यात्रा डीजे और भक्ति संगीत के साथ निकाली गई। यह यात्रा गांव के प्रमुख मार्गों से होते हुए कथा स्थल फूटी कोठी पहुंची। रास्ते में ग्रामीणों ने पुष्प वर्षा कर श्रद्धालुओं का स्वागत किया। यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं के लिए अल्पाहार की व्यवस्था भी की गई थी।बांदीकुई विधायक भागचंद टाकड़ा ने विधिवत पूजा-अर्चना कर कलश यात्रा को रवाना किया और स्वयं भी इसमें शामिल हुए। उन्होंने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन समाज में एकता, संस्कार और आपसी भाईचारे को मजबूत करते हैं।आयोजक नारायणलाल, रघुनाथ सैनी, लक्ष्मण सैनी और सोनलाल सैनी ने बताया कि महोत्सव के अंतर्गत प्रतिदिन संगीतमय श्रीराम कथा का आयोजन किया जाएगा। कथा वाचन वृंदावन धाम से आए कथा वाचक नंदकिशोर भारद्वाज महाराज करेंगे।महोत्सव में 14 मई को शिव परिवार मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा और 15 मई को पूर्णाहुति व प्रसादी वितरण कार्यक्रम आयोजित होगा। इसमें हजारों श्रद्धालुओं के शामिल होने की उम्मीद है।आयोजकों ने सभी क्षेत्रवासियों से अधिक संख्या में शामिल होकर धर्म लाभ प्राप्त करने की अपील की है।

# राष्ट्रपति लाम की पहली राजकीय यात्रा से और गहरे होंगे भारत-वियतनाम संबंध

स्मार्ट हलचल | नई दिल्ली

वियतनाम के राष्ट्रपति तो लाम भारत की अपनी पहली आधिकारिक राजकीय यात्रा पर हैं, जो द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने उनका स्वागत किया। यात्रा के पहले दिन, भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल ने राष्ट्रपति लाम से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने दोनों देशों के बीच बहुआयामी 'व्यापक रणनीतिक साझेदारी' को आगे बढ़ाने पर चर्चा की।

बुधवार को राष्ट्रपति लाम का राष्ट्रपति भवन में औपचारिक स्वागत किया गया, जहां राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उनका स्वागत किया। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक पोस्ट में, विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने लिखा एक विशेष मित्र का हार्दिक स्वागत। वियतनाम के राष्ट्रपति तो लाम का औपचारिक स्वागत किया गया। राष्ट्रपति भवन के फोरकोर्ट में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उनका स्वागत किया। औपचारिक स्वागत के बाद, राष्ट्रपति लाम ने हैदराबाद हाउस में प्रधानमंत्री मोदी के साथ व्यापक चर्चा की। चर्चाओं के दायरे पर प्रकाश डालते हुए, जायसवाल ने कहा चर्चाओं का मुख्य केंद्र रक्षा और सुरक्षा; व्यापार और निवेश; विज्ञान और प्रौद्योगिकी; विकास साझेदारी; समुद्री सहयोग; महत्वपूर्ण और दुर्लभ खनिज; अंतरिक्ष, नवीकरणीय ऊर्जा (जिसमें परमाणु ऊर्जा भी शामिल है), संस्कृति और लोगों से लोगों के बीच संपर्क जैसे क्षेत्र रहे। उन्होंने आपसी हित के क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर भी चर्चा की। उन्होंने आगे बताया कि दोनों नेता द्विपक्षीय संबंधों को 'उन्नत व्यापक रणनीतिक साझेदारी' के स्तर तक ले जाने पर सहमत हुए और 2030 तक व्यापार को 25 अरब अमेरिकी डॉलर तक बढ़ाने का एक महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किया। अन्य प्रमुख परिणामों में वियतनाम का 'हिंद-प्रशांत महासागर पहल' में शामिल होना; वियतनाम में यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल 'माई सन मंदिर परिसर' में एक 'साइट इंटरप्रिटेशन सेंटर' स्थापित करने में भारत का समर्थन; और भारतीय अंगूर तथा वियतनामी ड्यूरियन फलों के लिए बाज़ार पहुंच प्रदान करना शामिल था। इसके अतिरिक्त, दोनों नेताओं की उपस्थिति में विभिन्न क्षेत्रों में 13 समझौता ज्ञापनों (एमओयू) का आदान-प्रदान किया गया। इस संबंध में प्रवक्ता जायसवाल ने कहा दोनों नेता कई अहम क्षेत्रों में 13 एमओयू पर हस्ताक्षर के साक्षी बने, जिनमें दुर्लभ खनिज, संस्कृति, सीमा-पार डिजिटल भुगतान, स्वास्थ्य, पर्यटन, शिक्षा, अकादमिक आदान-प्रदान, सिस्टर-सिटी सहयोग, ऑडिट और डिजिटल साझेदारी शामिल हैं। यह भारत-वियतनाम व्यापक रणनीतिक साझेदारी के दायरे और महत्वाकांक्षा को दर्शाता है।

# एनडीपीएस मामले में फरार वांछित आरोपी चित्तौड़गढ़ से गिरफ्तार

स्मार्ट हलचल

**ब्यावर।** जिला पुलिस अधीक्षक रतनसिंह के निर्देशन में वांछित अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत जैतारण थाना पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस टीम ने एनडीपीएस एक्ट के एक मामले में पिछले एक साल से फरार चल रहे शातिर आरोपी को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है।

क्या है मामला?

जानकारी के अनुसार, आरोपी रविशंकर माली (27) पुत्र सत्यनारायण माली, निवासी नेवरिया (चित्तौड़गढ़), पुलिस थाना जैतारण के प्रकरण संख्या 149/2025 (धारा 8/15, 8/25 एनडीपीएस एक्ट) में वांछित था। यह आरोपी गिरफ्तारी से बचने के लिए पिछले एक वर्ष से लगातार ठिकाने बदल रहा था।


अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ब्यावर) भूपेन्द्र शर्मा और वृताधिकारी (जैतारण) सतेन्द्र सिंह नेगी के सुपरविजन में थानाधिकारी धोलाराम के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। पुलिस टीम ने पारंपरिक पुलिसिंग और मुखबिरों की सूचना पर कड़ी मशक्कत करते हुए आरोपी का पीछा किया। अंततः घेराबंदी कर आरोपी को दस्तयाब कर लिया गया। पूछताछ के बाद आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहाँ से उसे न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया है।

इस सफल कार्यवाही में जैतारण थानाधिकारी धोलाराम के साथ कांस्टेबल अजीत सिंह (434), प्रहलाद (470) और किशोर (612) की विशेष भूमिका रही। जिला पुलिस द्वारा अपराधियों की धरपकड़ के लिए यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# टोंक में सहकारिता विभाग की बड़ी कार्रवाई: उप रजिस्ट्रार रविन्द्र सिंह यादव तत्काल प्रभाव से निलंबित

**नियम 16 के तहत विभागीय जांच प्रस्तावित; निलंबन काल में टोंक से हटाकर जैसलमेर किया गया मुख्यालय**

स्मार्ट हलचल|टोंक



राजस्थान सरकार के सहकारिता विभाग ने एक बड़ी प्रशासनिक कार्रवाई करते हुए सहकारी समितियां, टोंक के उप रजिस्ट्रार रविन्द्र सिंह यादव को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। इस संबंध में सहकारिता विभाग के संयुक्त शासन सचिव प्रहलाद सहाय नागा ने आदेश जारी कर दिए हैं। इस कार्रवाई से जिले के प्रशासनिक महकमे में हड़कंप मच गया है।

### नियम 16 के तहत होगी विभागीय जांच:

जारी आदेश के अनुसार, उप रजिस्ट्रार रविन्द्र सिंह यादव के खिलाफ राजस्थान सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम, 1958 के नियम 16 के तहत गंभीर विभागीय जांच की कार्यवाही प्रस्तावित है। जांच के प्रभावित न होने को ध्यान में रखते हुए सरकार ने उन्हें तुरंत प्रभाव से निलंबित करने का निर्णय लिया है।


### जैसलमेर में देनी होगी हाजिरी, बिना अनुमति नहीं छोड़ सकेंगे मुख्यालय:

आदेश में स्पष्ट किया गया है कि निलंबन की अवधि के दौरान रविन्द्र सिंह यादव का मुख्यालय टोंक से हटाकर कार्यालय उप रजिस्ट्रार, सहकारी समितियां, जैसलमेर तय किया गया है। यादव को अब जैसलमेर स्थित नए मुख्यालय पर प्रतिदिन अपनी उपस्थिति पंजिका (रजिस्टर) में हाजिरी दर्ज करानी होगी। इसके साथ ही उन्हें सख्त निर्देश दिए गए हैं कि वे बिना सक्षम अधिकारी की पूर्वानुमति के अपना मुख्यालय नहीं छोड़ सकेंगे।

### मिलेगा निर्वाह भत्ता:

सहकारिता विभाग के आदेश में यह भी निर्देशित किया गया है कि निलंबित अधिकारी को निलंबन काल के दौरान नियमानुसार केवल निर्वाह भत्ता ही देय होगा। इस निलंबन आदेश की प्रति सूचना और आवश्यक कार्यवाही के लिए संबंधित विभागों और उच्च अधिकारियों को प्रेषित कर दी गई है।

# जयपुर के दिव्यम विजय ने खोला 'गोएटेड मूवमेंट स्टूडियो ', स्थानीय प्रतिभाओं को मिलेगा नया मंच



स्मार्ट हलचल| जयपुर

शहर के युवा डांसर दिव्यम विजय, जिन्होंने पिछले नौ वर्षों तक मुंबई में रहकर डांस और एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री में अपनी पहचान बनाई, अब अपने गृह नगर जयपुर लौट आए हैं। अपने अनुभव और हुनर के साथ उन्होंने मानसरोवर क्षेत्र में 'गोएटेड मूवमेंट स्टूडियो' की शुरुआत की है, जिसका उद्देश्य स्थानीय प्रतिभाओं को निखारना और उन्हें बड़े मंच तक पहुँचाना है। दिव्यम ने कम उम्र में ही अपने करियर की शुरुआत की थी और वर्ष 2010 में 'डांस इंडिया डांस लिटिल मास्टर्स' से राष्ट्रीय स्तर पर पहचान हासिल की। इसके बाद उन्होंने 2023 में 'हिप हॉप इंडिया' (अमेज़न प्राइम) में भाग लेकर अपने हुनर को और मजबूती दी। अपने करियर के दौरान वे शाहरुख खान, सलमान खान, अमिताभ बच्चन, रणवीर सिंह, नोरा फतेही, अरिजीत सिंह, यो यो हनी सिंह और राजेश खन्ना जैसे बड़े कलाकारों के साथ काम कर चुके हैं। रियलिटी शोज़, लाइव परफॉर्मेंस और म्यूजिक वीडियो में वर्षों का अनुभव हासिल करने के बाद दिव्यम ने जयपुर में इस स्टूडियो की स्थापना की है। उनका कहना है कि जयपुर में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है, बस उसे सही दिशा और अवसर देने की जरूरत है। 'गोएटेड मूवमेंट स्टूडियो' में बिगिनर से लेकर एडवांस स्तर तक के डांस बैच, रियलिटी शो की तैयारी के लिए विशेष कोरियोग्राफी, फिटनेस डांस 'स्वेट इट आउट' बैच और बच्चों के लिए विशेष कक्षाएं उपलब्ध हैं। यह स्टूडियो केवल डांस सिखाने का स्थान नहीं, बल्कि एक क्रिएटिव प्लेटफॉर्म है जहाँ युवा सीख सकते हैं, परफॉर्म कर सकते हैं और कंटेंट क्रिएशन के जरिए एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री में अपने करियर की शुरुआत कर सकते हैं।

# ऑनलाइन ठगी और सड़क सुरक्षा पर पुलिस का 'मास्टर क्लास', स्कूलों में दी कानून की जानकारी

## जिला पुलिस की अनूठी पहल: स्कूलों में गूँजा कानून की जागरूकता का संदेश

स्मार्ट हलचल

**ब्यावर।** युवा पीढ़ी को कानून के प्रति सजग और जिम्मेदार बनाने के उद्देश्य से जिला पुलिस द्वारा स्कूलों एवं महाविद्यालयों में विशेष जागरूकता संवाद कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिला पुलिस अधीक्षक श्री रतन सिंह के अनुसार, यह अभियान अतिरिक्त जिला पुलिस अधीक्षक श्री भूपेन्द्र शर्मा के निकट सुपरविजन में बुधवार, 06 मई 2026 को पूरे जिले में चलाया गया।



कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधिकारियों ने विद्यार्थियों के बीच जाकर निम्नलिखित महत्वपूर्ण विषयों पर संवाद किया। महिला एवं बाल सुरक्षा: पुलिस ने महिला अपराधों से जुड़े कानूनी प्रावधानों और पॉक्सो अधिनियम के तहत बच्चों को मिलने वाले अधिकारों व संरक्षण के बारे में विस्तार से बताया। साइबर अपराध से बचाव: सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग, ऑनलाइन ठगी के बदलते तरीकों और इनसे बचने के तकनीकी उपायों की जानकारी दी गई।

यातायात के नियम: युवाओं को हेलमेट और सीट बेल्ट के महत्व को समझाते हुए सुरक्षित वाहन संचालन की शपथ दिलाई गई। नए आपराधिक कानून: हाल ही में लागू हुए नए आपराधिक कानूनों की महत्वपूर्ण धाराओं और हुए बदलावों के बारे में जानकारी देकर विद्यार्थियों को जागरूक नागरिक बनने का संदेश दिया गया।

डिजिटल पुलिसिंग: राजकॉप ऐप के उपयोग के बारे में बताया गया कि कैसे तकनीक के माध्यम से ऑनलाइन पुलिस सेवाओं का लाभ लिया जा सकता है।

### लक्ष्य: कानून का सम्मान और सतर्कता

जिला पुलिस अधीक्षक ने बताया कि इस प्रकार के आयोजनों का मुख्य उद्देश्य युवाओं में कानून के प्रति सम्मान और सतर्कता की भावना विकसित करना है। उन्होंने स्पष्ट किया कि पुलिस प्रशासन द्वारा भविष्य में भी शिक्षण संस्थानों में इस तरह के संवाद कार्यक्रम निरंतर आयोजित किए जाते रहेंगे ताकि एक सुरक्षित और अपराध मुक्त समाज का निर्माण हो सके।



# क्या आप भी जल्दी जल्दी नौकरी बदलते हैं ? ये हैं फायदे एवं नुकसान

**एक तो लोगों को नौकरी मिलना आज के समय में बेहद मुश्किल का कार्य है, वहीं कई लोग भाग्यशाली होते हैं, जिन्हें एक नौकरी छोड़ने से पहले ही दूसरी नौकरी मिल जाए! ऐसे में थोड़ी ग्रोथ के लिए लोगबाग जल्दी-जल्दी नौकरी चेंज करने लगते हैं। शायद आप भी उनमें से हों, किन्तु अगर आप भी जल्दी जल्दी नौकरी चेंज करते हैं तो यह जान लें कि शार्ट टर्म में बेशक इसके कुछ फायदे दिखें, किन्तु दीर्घावधि में इसका काफी नुक्सान होता है।**

हालांकि अभी के समय में हालात यह हैं कि अब पहले की तरह लोग एक ही नौकरी पर बहुत दिन तक कार्य नहीं करते हैं, बल्कि नौकरी चेंज करने में वह अपनी ग्रोथ देखते हैं, और उसी अनुरूप डिसीजन भी लेते हैं।

किंतु जॉब बदलने का फैसला कुछ मामलों में बेशक ठीक लगता है, किंतु कुछ मामलों में यह कहीं ना कहीं नुकसान देता है। आइये जानते हैं.अगर फायदे की बात करें तो आप यह जान लीजिए कि जॉब बदलने में सबसे पहले तो कुछ परसेंट ही सही, मगर आपकी सैलरी बढ़ जाती है। निश्चित रूप से हर व्यक्ति चाहता है कि उसे उसके काम के अधिक से अधिक पैसे मिलें, और एक नौकरी में अगर उस अनुरूप ग्रोथ नहीं होती है, तो वह जॉब बदलना चाहता है, और ऐसे में उसे तुरंत ही ग्रोथ मिल जाती है।

वहीं अगर दूसरे फायदे की बात करें तो इससे पर्टिकुलर इंडस्ट्री में आपका नेटवर्क बेहतर होता है। अगर एक कंपनी में आप जॉब करते हैं, फिर दूसरी कंपनी में जाते हैं, और इस तरीके से अलग-अलग कंपनी में आपका बेस तैयार होता चला जाता है।

इसके अलावा सबसे बड़ी बात यह है कि एक ही कंपनी में काम करने पर आप कंफर्ट जोन में आ जाते हैं। आपकी स्किल कहीं ना कहीं सैचुरेट हो जाती है, तो दूसरी कंपनी में जब आप जाते हैं, तो वहां कुछ ना कुछ नया सीखने को अवश्य मिलता है। चाहे वहां आपका नया सीनियर हो, चाहे वहां का इनवायरमेंट हो, आप उस कंपनी से नई चीजें जरूर सीखते हैं, और यह वह चीज है जो आपको आने वाले दिनों में मजबूती करती है। इसके अलावा कई भारत लोग एक जगह पर कार्य करने से बोर भी हो जाते हैं, ऐसे में नयी जॉब में उन्हें नयापन भी मिलता है।

हालांकि यह इसका पॉजिटिव पक्ष है, किंतु कुछ निगेटिव पक्ष भी हैं, जिन्हें आपको अवश्य ध्यान में रखना चाहिए।

नुकसान की बात करें तो बार बार जॉब चेंज करने से पोजीशन के मामले में आपके आगे बढ़ने पर असर पड़ सकता है। जी हाँ! एक ही कंपनी में जब आप काम करते हैं, तो वहां आपकी कांस्टेंट ग्रोथ होती है। वहां आपको प्रमोशन मिलता रहता है, किंतु जब आप दूसरी कंपनी में जाते हैं, तो सीनियर पोजिशन पर आपको पहुंचने में कहीं ना कहीं दिक्कत होती है।

इससे आपकी लॉयल्टी भी चेक की जाती है। अगर आप कुछ ज्यादा ही जॉब चेंज करते हैं, तब आपको किसी हायर पोजिशन पर जॉब देने से एचआर मैनेजर निश्चित ही कई बार सोचेगा।

कंपनी अगर किसी जिम्मेदारी वाली पोस्ट पर आप की हायरिंग कर भी लेती है, तो भी कंपनी श्योर नहीं हो पाती है कि आप आखिर कितने दिन जॉब करेंगे? कहीं आप बीच में ही जॉब छोड़ कर कहीं और तो नहीं चले जाएंगे? ऐसे में आप शक के घेरे में आ जाते हैं!

यह कार्य सिर्फ पोजीशन के मामले में ही नहीं है, बल्कि प्रोजेक्ट अलॉटमेंट के मामले में भी है, तो क्लाइंट इंटरेक्शन के मामले में भी है। जब तक आप किसी कंपनी के लम्बे समय तक वफादार नहीं होते हैं, तब तक किसी बड़े प्रोजेक्ट की कमांड आपके हाथ में देने से निश्चित रूप से वह कंपनी हिचकिचाएगी। इसी प्रकार से बड़े क्लाइंट हैंडलिंग में भी कंपनी आपको तब तक इंवॉल्व नहीं करेगी, जब तक आप उसके प्रति लॉयल साबित न हो जाएँ! ऐसे में कहीं ना कहीं बड़ी संभावनाओं से आपके दूर रहने की शुरुआत हो जाती है।

कंपनी बार-बार चेंज करने का आपके फाइनेंसियल पोजीशन पर भी खासा असर पड़ता है। चाहे आप क्रेडिट कार्ड एप्लीकेशन के लिए अप्लाई करें, चाहे आप होम लोन या दूसरे लोन के लिए अप्लाई करें.आपकी फाइनेंशियल स्टेबिलिटी जरूर चेक की जाती है। आप किस कंपनी में कितने लंबे समय तक रहे हैं, यह आपके लिए एक प्लस प्वाइंट साबित होता है। वहीं अगर आप बार-बार अपनी जॉब चेंज करते हैं, तो कहीं ना कहीं आप की फाइनेंसियल स्टेबिलिटी पर एक सवाल खड़ा होता है।

## मैनेजेरियल स्किल डेवलपमेंट पर पड़ता है फर्क

जी हां! ऊपर से आपको बेशक लगे कि आप कुछ चीजें ऊपर ऊपर समझ गए हैं, किंतु प्रबंधन के गुणों को आप तब तक नहीं समझ सकते, जब तक आप किसी कंपनी में देर तक नहीं टिकेंगे! कहीं टिक कर काम करने के बाद ही कंपनी पॉलिटिक्स, प्रबंधन टेक्निक आप समझ पाते हैं। कंपनी अपने इन्वेस्टमेंट डिसीजंस किस प्रकार लेती है, वास्तव में उसकी रुचि और भविष्य की योजनायें क्या हैं, यह आप गहराई से एक समय के बाद ही समझ पाते हैं। अगर बाद में आप कभी अपना उद्यम शुरू करना चाहें, तो इसलिए जरूरी है कि किसी कंपनी में आप देर तक टिक कर काम करें, अन्यथा आप उसकी गहराई को नहीं समझ पाएंगे।






# पॉलीमर साइंस में बीटेक करने के बाद है शानदार करियर संभावनाएं

**विदेश ही नहीं, भारत में भी कई पॉलिमर और पेट्रोकेमिकल इंडस्ट्रीज खुल चुकी हैं। नतीजतन, करियर विकल्प के रूप में केमिकल इंजीनियरिंग या पॉलिमर इंजीनियरिंग का महत्व कई गुना बढ़ गया है। अगर आप इस क्षेत्र में अपना करियर बनाना चाहते हैं तो 12वीं के बाद पॉलीमर साइंस में बीटेक कर सकते हैं।**

मौजूदा तकनीकी दौर में पॉलीमर प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल दिन-ब-दिन बढ़ता जा रहा है। इनमें प्लास्टिक, मोल्डेड सामग्री, सिंथेटिक फाइबर, रबर आदि शामिल हैं। ईको-फ्रेंडली और रीसाइक्लेबल प्लास्टिक के साथ इन सभी पॉलीमर प्रोडक्ट्स के उचित प्रबंधन की आवश्यकता भी समय के साथ बढ़ रही है। यह काम पॉलिमर इंजीनियर्स करते हैं। वे प्लांट डिजाइन, प्रोसेस डिजाइन और थर्मोडाइनेमिक्स के सिद्धांतों का उपयोग करते हैं। विदेश ही नहीं, भारत में भी कई पॉलिमर और पेट्रोकेमिकल इंडस्ट्रीज खुल चुकी हैं। नतीजतन, करियर विकल्प के रूप में केमिकल इंजीनियरिंग या पॉलिमर इंजीनियरिंग का महत्व कई गुना बढ़ गया है। अगर आप इस क्षेत्र में अपना करियर बनाना चाहते हैं तो 12वीं के बाद पॉलीमर साइंस में बीटेक कर सकते हैं। आज के इस लेख में हम आपको पॉलीमर साइंस में बीटेक के बाद करियर अवसर के बारे में जानकारी देंगे-

## पॉलिमर इंजीनियरिंग में बीटेक के बाद सार्वजनिक क्षेत्र के अवसर

पॉलिमर इंजीनियरिंग में बीटेक के बाद आप सरकारी फर्मों जैसे सेंट्रल ग्लास एंड सिरेमिक रिसर्च इंस्टीट्यूट, नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, राउरकेला और सेंट्रल साल्ट एंड मरीन केमिकल्स रिसर्च इंस्टीट्यूट आदि में बतौर जूनियर रिसर्च फेलो काम कर सकते हैं। इन फेलोशिप कार्यक्रमों के लिए आवेदन करने के लिए उम्मीदवारों को राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण करने की आवश्यकता है। कुल मिलाकर कम से कम 55% अंकों के साथ एम ।टेक डिग्री प्राप्त करने के बाद कोई भी नेट के लिए बैठ सकता है। जिन उम्मीदवारों ने अपनी बी टेक डिग्री में 60% अंक प्राप्त किए हैं, वे भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) में वैज्ञानिक या इंजीनियर के रूप में 40,000/- रुपये के मासिक वेतन के साथ काम कर सकते हैं। रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन भी वैज्ञानिक बी पद की भूमिका में पॉलिमर इंजीनियरिंग स्नातकों की भर्ती करता है। इनके अलावा सेंट्रल इंस्टीट्यूट ऑफ प्लास्टिक इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, ब्रह्मपुत्र क्रैकर एंड पॉलिमर लिमिटेड (बीसीपीएल) जैसे संगठन भी पॉलिमर इंजीनियरिंग में बी टेक स्नातकों को नियुक्त करते हैं। इनके अलावा स्नातक डिग्री धारक पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय, ऑयल इंडिया लेबोरेटरीज, पेट्रोकेमिकल्स इंजीनियरिंग प्लांट्स और ऑयल एंड नेचुरल गैस कमीशन (ओएनजीसी) आदि विभागों में भी रोजगार पा सकते हैं। उम्मीदवार विभिन्न इंजीनियरिंग संस्थानों में लेक्चरर पद का विकल्प भी चुन सकते हैं।

## पॉलिमर इंजीनियरिंग में बीटेक के बाद निजी क्षेत्र के अवसर

जर्मन आधारित कंपनी विंडमोलर एंड होल्शर, अक्सर अपने मैकेनिकल इंजीनियरिंग अनुभाग में संचालन करने के लिए पॉलिमर इंजीनियरों की भर्ती करती है। 7 से 8 साल के कार्य अनुभव वाले लोग एलाइड सॉल्यूशंस इंडिया प्राइवेट लिमिटेड में सेल्स/बिजनेस डेवलपमेंट सेक्शन में जा सकते हैं। यहाँ आप 35,000/- से रु।50,000/- प्रति माह तक की सैलरी पा सकते हैं। अपोलो टायर्स लिमिटेड, सिएट लिमिटेड आदि जैसी टायर कंपनियों को भी पॉलिमर इंजीनियर्स की जरूरत है। पॉलीमर इंजीनियरिंग में स्नातकों के लिए क्वालिटी इंजीनियर, प्रोडक्शन इंजीनियर्स/ टेक्नोलॉजिस्ट, पॉलीमर स्पेशलिस्ट आदि सामान्य जॉब प्रोफाइल हैं।



# प्रतिभावान विद्यार्थियों को तराशती योजना
## राष्ट्रीय प्रतिभा खोज परीक्षा

**नेशनल टेलेंट सर्च यानी राष्ट्रीय प्रतिभा खोज एनसीईआरटी की एक प्रमुख योजना है। इसका उद्देश्य प्रतिभावान विद्यार्थियों का पता लगाना और उनकी प्रतिभा को बढ़ाना है। इसके तहत विज्ञान, सामाजिक विज्ञान, इंजीनियरिंग, चिकित्सा विज्ञान, प्रबंधन और विधि जैसे क्षेत्रों को शामिल किया गया है। यह योजना प्रतिभावान विद्यार्थियों को मासिक स्कॉलरशिप के रूप में आर्थिक मदद दे कर सहयोग देती है। इस योजना में बेसिक साइंस, सामाजिक विज्ञान और वाणिज्य के पाठ्यक्रमों के लिए पीएचडी स्तर तक सहायता प्रदान की जाती है। व्यावसायिक पाठ्यक्रमों जैसे इंजीनियरिंग, चिकित्सा विज्ञान, प्रबंधन एवं विधि के लिए पीजी स्तर तक सहायता दी जाती है। एनसीईआरटी द्वारा राष्ट्रीय प्रतिभा खोज परीक्षा का आयोजन कक्षा 8 स्तर पर किया जाता है।**

### स्कॉलरशिप

परीक्षा आयोजन के आधार पर कक्षा 8 की परीक्षाओं के लिए बैठे छात्रों के प्रत्येक समूह के लिए 1000 स्कॉलरशिप दी जाती हैं। स्कॉलरशिप की राशि प्रत्येक माह 500 रुपए होती है। अनुसूचित जाति के छात्रों के लिए 15 प्रतिशत, अनुसूचित जनजाति के छात्रों के लिए 7.5 प्रतिशत और विकलांग छात्रों के लिए 3 प्रतिशत स्कॉलरशिप आरक्षित होती है। स्कॉलरशिप का भुगतान सीधे प्राप्तकर्ता को न देकर संबद्ध संस्थान के प्रमुख के माध्यम से दिया जाता है।

### चयन प्रक्रिया

प्रतिभाओं की पहचान दो स्तरीय लिखित परीक्षा के आधार पर की जाती है। प्रथम स्तर का चयन अलग-अलग राज्य/यूनियन टेरेटरीज द्वारा लिखित परीक्षा के माध्यम से किया जाता है। प्रथम स्तर की परीक्षा में सफल अभ्यर्थी ही एनसीईआरटी द्वारा संचालित द्वितीय स्तर की परीक्षा में भाग लेने के लिए पात्र माने जाते हैं। राज्य और यूनियन टेरेटरीज राष्ट्रीय प्रतिभा खोज योजना की प्रथम स्तर की लिखित परीक्षा के साथ राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति योजना की भी परीक्षा आयोजित करते हैं।

### पात्रता

मान्यताप्राप्त विद्यालयों के 8वीं कक्षा में अध्ययनरत विद्यार्थी उस राज्य/यूनियन टेरेटरी द्वारा संचालित प्रथम स्तर की परीक्षा में बैठने के पात्र होते हैं, जिस राज्य में विद्यालय स्थित है।

### आवेदन प्रपत्र

आवेदन-प्रपत्र प्राप्त करने के लिये राज्य संपर्क अधिकारी से संपर्क करें। आवेदन-प्रपत्र एनसीईआरटी की वेबसाइट से भी डाउनलोड किया जा सकता है। भरे हुए आवेदन प्रपत्र विद्यालय के प्राचार्य द्वारा हस्ताक्षरित होने चाहिए। आवेदन प्रपत्र जमा कराने की अंतिम तिथि तथा प्रपत्र कहां जमा कराया जायेगा, इस संबंध में संबंधित राज्य/संघ राज्य-क्षेत्र के संपर्क अधिकारी से पता किया जा सकता है। विभिन्न राज्यों की आवेदन प्रपत्र जमा कराने की अंतिम तिथियां भिन्न हो सकती हैं।

### शुल्क

एनसीईआरटी द्वारा द्वितीय स्तर की परीक्षा के लिए कोई शुल्क नहीं लिया जाता। राज्य और यूनियन टेरेटरी प्रथम परीक्षा के लिए अपेक्षित शुल्क के भुगतान के लिए अधिसूचना जारी कर सकते हैं। इसलिये आवेदन प्रपत्र जमा करने से पहले कितनी और कैसे फीस दी जायेगी, इसका पता अपने राज्य संपर्क अधिकारी से लगा लेना चाहिए।

### परीक्षा माध्यम

परीक्षा हिन्दी व अंग्रेजी के साथ असमी, बंगला, गुजराती, कन्नड़, मराठी, मलयालम, उड़िया, पंजाबी, तमिल, तेलुगु, उर्दू में संचालित की जाएगी। अभ्यर्थी आवेदन प्रपत्र में जिस भाषा में परीक्षा देना चाहते हैं, उस विकल्प का उल्लेख करें। इसके आधार पर ही अभ्यर्थी को उस भाषा में प्रश्न पुस्तिका उपलब्ध कराई जाएगी।

### परीक्षा-विधि

8वीं के लिए लिखित परीक्षा की विधि इस प्रकार है ः-प्रथम स्तर की राज्य/ यूनियन टेरेटरी स्तर पर संचालित परीक्षा में दो भाग होंगे (अ) मानसिक योग्यता परीक्षण (एमएटी) और (ब) शैक्षिक योग्यता परीक्षण (एसएटी)। इनमें सामाजिक विज्ञान, विज्ञान और गणित विषय शामिल होंगे। द्वितीय स्तर की राष्ट्रीय स्तर पर संचालित परीक्षा में (अ) मानसिक योग्यता परीक्षण (एमएटी) और (ब) शैक्षिक योग्यता परीक्षण (एसएटी) शामिल होंगे। इनमें सामाजिक विज्ञान, विज्ञान और गणित विषय शामिल होंगे। (स) इंटरव्यू - इंटरव्यू के लिए उन्हीं अभ्यर्थियों को आमंत्रित किया जाएगा, जिन्होंने राष्ट्रीय स्तर पर संचालित लिखित परीक्षा उत्तीर्ण की हो।

### लिखित परीक्षा

लिखित परीक्षा में प्रथम भाग एमएटी और द्वितीय भाग एसएटी शामिल होंगे। दोनों परीक्षाएं एक छोटे से अंतराल पर अलग-अलग ली जाएंगी। मानसिक योग्यता परीक्षा-एमएटी - चार विकल्पों सहित इसमें 90 मल्टीच्वॉइस प्रश्न होंगे, जिनमें से केवल एक सही उत्तर होगा। प्रत्येक प्रश्न एक अंक का होगा। समय 90 मिनट होगा।

### स्कॉलरशिप पाने की सामान्य शर्तें

स्कॉलरशिप प्राप्त करने के लिए यह जरूरी है कि उम्मीदवार अनुमोदित पाठ्यक्रमों में अध्ययनरत हो। वह अच्छा आचरण बनाए रखता हो (संस्थान प्रमुख द्वारा प्रमाणित) और अपना अध्ययन एक नियमित विद्यार्थी के रूप में कर रहा हो। बिना उचित अवकाश के अनुपस्थित न होता हो। पूर्णकालिक आधार पर अध्ययन करता हो। कोई रोजगार नहीं करता हो। राष्ट्रीय प्रतिभा खोज योजना पीएचडी कोर्स को छोड़ कर छात्रवृत्ति प्राप्तकर्ताओं को कोई अन्य स्कॉलरशिप स्वीकार करने से वंचित नहीं करती, अलबत्ता किसी भी पाठ्यक्रम के लिए विदेश में अध्ययन के लिए कोई स्कॉलरशिप उपलब्ध नहीं होगी। यदि कोई प्राप्तकर्ता पंजीकरण/प्रवेश के एक माह के अंदर अपने पाठ्यक्रम का अध्ययन छोड़ता है तो उसे कोई स्कॉलरशिप नहीं दी जाएगी।



# विजुअल मर्चेंडाइजिंग के क्षेत्र में हैं अपार संभावनाएं

**विजुअल मर्चेंडाइजिंग शब्द भले ही कुछ लोगों के लिए नया हो, लेकिन सेल्स और एडवरटाइजिंग के क्षेत्र से जुड़े लोग इससे भली-भांति वाकिफ हैं। विजुअल मर्चेंडाइजिंग वास्तव में एक आर्ट है, जिसमें एक व्यक्ति किसी प्रॉडक्ट या सर्विस को क्लाइंट्स के सामने कुछ इस तरह पेश करता है ताकि वह सेल्स को बढ़ावा दे सके। अब इस कॉन्सेप्ट को रिटेल सेक्टर में एक मार्केटिंग टूल के रूप में उपयोग किया जा रहा है। इस क्षेत्र में वह सभी गतिविधियां शामिल हैं, जो रिटेल स्टोर्स में उत्पादों की बिक्री बढ़ाने में मदद करती हैं। उदाहरण के तौर पर, प्रॉडक्ट के संभावित ग्राहकों के माइंड को समझना और उपभोक्ताओं को उत्पाद के बारे में शिक्षित करना व प्रॉडक्ट को बेहद इफेक्ट व क्रिएटिव तरीके से पेश करना आदि। तो चलिए विस्तार से जानते हैं इस करियर के बारे में**

## क्या है विजुअल मर्चेंडाइजिंग

एजुकेशन एक्सपर्ट बताते हैं कि विजुअल मर्चेंडाइजिंग के क्षेत्र से जुड़े लोगों को विजुअल मर्चेंडाइजर कहा जाता है। विजुअल मर्चेंडाइजर ऐसे पेशेवर हैं जो किसी भी ब्रांड, एक चेहरे को देने के लिए जिम्मेदार हैं। वे ऑनलाइन शॉपर्स और रिटेल स्टोर दोनों के लिए विंडो और स्टोर डिस्प्ले में अवधारणा, डिजाइन और कार्यान्वयन करते हैं। वे स्टोर थीम की योजना बनाते हैं, डिस्प्ले के लिए प्रॉपर की व्यवस्था करते हैं, डिस्प्ले फिक्स्चर और लाइटिंग की व्यवस्था करते हैं, ओपनिंग से पहले स्टोर सेट करते हैं, फ़्लोर प्लान के साथ काम करते हैं और डिस्प्ले को बनाने के लिए सेल्स फ़्लोर पर स्टोर कर्मियों को प्रशिक्षित करते हैं। एक विजुअल मर्चेंडाइजर का मुख्य उद्देश्य स्टोर की छवि के अनुरूप डिस्प्ले बनाना और अधिक ग्राहकों को स्टोर में लाना है।

## शैक्षणिक योग्यता

आजकल ऐसे कई इंस्टीट्यूट हैं जो विजुअल मर्चेंडाइजिंग से संबंधित सर्टिफिकेट व डिप्लोमा कोर्स करवाते हैं। इस कोर्स को करने के लिए छात्र का 12वीं पास होना आवश्यक है। हालांकि अधिकतर जगहों पर विजुअल मर्चेंडाइजिंग को फैशन डिजाइनिंग या फैशन टेक्नोलॉजी कोर्स के तहत पढ़ाया जाता है।

कॅरियर एक्सपर्ट के अनुसार, विजुअल मर्चेंडाइजिंग के कोर्स में छात्रों को विजुअल मर्चेंडाइजिंग से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर प्रशिक्षित किया जाता है जैसे कि रिटेल स्टोर का लेआउट और डिजाइन, इंटीरियर डेकोरेशन, स्टोर के अंदर फर्नीचर और फिक्स्चर की स्थापना, स्टोर डिस्प्ले और उत्पादों की प्रस्तुति, विभिन्न संचार साधनों के उपयोग के जरिए ग्राहकों को आकर्षित करना।

## व्यक्तिगत गुण

इस क्षेत्र में कॅरियर देख रहे छात्रों में डिजाइनिंग और क्रिएटिविटी के गुण का होना बेहद आवश्यक है। एक विजुअल मर्चेंडाइजर में बेहतरीन आर्गेनाइजिंग स्किल्स होने के साथ-साथ प्लानिंग, प्रोजेक्ट मैनेजमेंट व टाइम मैनेजमेंट आदि विशेषताएं भी होनी चाहिए। इसके अलावा उनमें संचार व इंटरपर्सनल स्किल्स, समस्या सुलझाने की क्षमता और कंप्यूटर का ज्ञान होना भी जरूरी है। कॅरियर एक्सपर्ट कहते हैं कि विजुअल मर्चेंडाइजर को उपभोक्ताओं के मनोविज्ञान को जानना आना चाहिए और उसे रूझानों का भी पूर्वानमान लगा लेना चाहिए।

## संभावनाएं

शॉपिंग मॉल, फाइव स्टार होटल, बुटीक व रिटेल आउटलेट्स की संख्या बढ़ने के साथ ही विजुअल मर्चेंडाइजर्स की मांग में भी काफी इजाफा हुआ है। विजुअल मर्चेंडाइजर फैशन बुटीक, शॉपिंग मॉल, एम्पोरिया, डिजाइन कंपनी, आर्किटेक्चर फर्म, थीम पार्टी ऑर्गनाइजिंग कंपनी आदि में जॉब कर सकते हैं। वे प्रदर्शनियों, मेलों, ब्यूटी कॉन्टेस्ट, अवार्ड सेरेमनी, मॉल, रिटेल में विंडो डिस्प्ले के लिए अनुबंध के आधार पर फ्रीलांसिंग भी कर सकते हैं।

## आमदनी

इस क्षेत्र में एक फ्रेशर भी दस से पंद्रह हजार आसानी से कमा सकता है। वहीं कुछ समय के अनुभव के बाद आप किसी बड़े ब्रांड के रिटेल आउटलिट में काम कर सकते हैं और एक आकर्षक पैकेज पा सकते हैं।

## प्रमुख संस्थान

- नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ डिजाइन, बैंगलोर
- द सिंथेटिक एंड आर्ट सिल्क मिल्स रिसर्च एसोसिएशन, मुम्बई
- स्कूल ऑफ कम्युनिकेशन एंड मैनेजमेंट स्टडीज, कोच्चि
- बिरला इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट टेक्नोलॉजी, ग्रेटर नोएडा



स्वत्वाधिकार प्रकाशन एवं मुद्रक राजकुमार आमेटा के लिए स्मार्ट कम्प्यूटर्स एण्ड प्रिन्टर्स, कोर्ट के सामने, माण्डलगढ़ से प्रकाशित एवं मुद्रित। मो. 9649222850 Email.smarthalchalnews@gmail.com